RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 62
नई दिल्ली, शुक्रवार, 7 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण



नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




जोकोविच को आस्ट्रेलिया में प्रवेश नहीं, वीजा रद्द

स्पोर्ट्स-10

www.dailypioneer.com

# एक दिन में आए 90,000 केस, केंद्र की चिंता बढ़ी

- राज्यों को दिए निर्देश, हर स्तर पर स्वास्थ्य ढांचा पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त करें
- महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक के छोटे-बड़े शहरों में बढ़े रहे मरीज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुंबई

**भारत** में गुरुवार को कोविड के मामलों में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। एक ही दिन में मरीजों का आंकड़ा 58,097 से बढ़कर 90,000 को पार कर गया। ओमीक्रोन संक्रमितों का आंकड़ा भी 2,630 तक पहुंच गया है। महाराष्ट्र में सबसे अधिक 797 मामले दर्ज हुए जबकि दूसरे नंबर पर दिल्ली रही जहां 465 केस मिले। कई राज्यों ने रात के कर्फ्यू जैसे प्रतिबंधों की घोषणा की गई है, क्योंकि महानगरों के साथ-साथ छोटे शहरों में भी कोविड के मामले जारी हैं।

सिर्फ छह राज्यों- महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में गुरुवार को लगभग 80,000 मामले सामने आए। इसका मतलब है कि शुक्रवार को यह आंकड़ा सवा लाख को पार कर सकता है। महाराष्ट्र में कोरोना के सबसे अधिक 36,265 नए मामले हैं। अकेले मुंबई में 21,081 मरीज मिले हैं। इसके बाद दिल्ली में एक दिन में 15,097 और पश्चिम बंगाल में 14,021 मामले दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि गुजरात में गुरुवार को कोरोना वायरस के 4,213 नए मामले दर्ज किए गए हैं, जिससे इस राज्य में मरीजों की संख्या 8,44,856 हो गई, जबकि एक मरीज ने संक्रमण ( शेष पेज 9 )



मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर एक यात्री की कोरोना जांच के लिए नमूना लेता स्वास्थ्यकर्मी

## राजधानी में 15 हजार केस, सरकार ने रणनीति बदली

- होम क्वॉरंटीन की अवधि सात दिन घटाई, बैंक्वेट हॉल को कोविड केंदों में बदला, लॉकडाउन लगाने से किया इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 15,097 नए मामले सामने आए हैं। पिछले साल आठ मई के बाद एक दिन में यह सर्वाधिक आंकड़ा है। इस दौरान 6 लोगों की मौत भी हुई है और संक्रमण दर बढ़कर 15.34 प्रतिशत हो गई। हालात से निपटने के लिए सरकार ने अपनी तैयारी तेज कर दी है और रणनीति में बदलाव किया है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने फिर दोहराया कि लोग बेफिक्र रहें, राजधानी में लॉकडाउन नहीं लगाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि होम क्वॉरंटीन की अवधि 14 दिन से घटाकर सात दिन कर दी गई है। जैन ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, बस, प्रत्येक दिल्लीवासी को सावधानी बरतनी है ताकि गंभीर स्थिति न बने। उन्होंने बताया कि अभी दिल्ली के अस्पतालों में ( शेष पेज 9 )

## इटली से अमृतसर पहुंचे 125 यात्री पॉजिटिव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/अमृतसर

**इटली** के मिलान शहर से अमृतसर पहुंचे एक चार्टर विमान में 125 यात्रियों की जांच में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। सरकारी अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के निदेशक वीके सेठ के अनुसार, अमृतसर विमानतल पर बृहस्पतिवार को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे पहुंची उड़ान में कुल 179 यात्री सवार थे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा इटली को जोखिम वाले देशों की सूची में रखा गया है, इसलिए इस उड़ान के 160 यात्रियों की जांच की गई, जिनमें से 125 में संक्रमण की पुष्टि हुई। अधिकारियों ने कहा कि 179 यात्रियों में से 19 बच्चे या नवजात थे, इसलिए उनकी आरटी-पीसीआर जांच नहीं की गई। बाकी 35 यात्रियों की जांच रिपोर्ट निगेटिव है और उन्हें अपनी सेहत पर नजर रखने की सलाह दी गई है। जांच रिपोर्ट ( शेष पेज 9 )

# राष्ट्रपति ने जताई प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक पर चिंता

- राष्ट्रपति भवन में महामहिम से मिले प्रधानमंत्री, पूरे मामले की जानकारी दी
- चन्नी ने कहा- राज्य सरकार को गिराने का हो रहा प्रयास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को अपनी पंजाब यात्रा के दौरान सुरक्षा उल्लंघन के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति ने इस गंभीर चूक पर चिंता व्यक्त की है। इसी दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री की जान को खतरा बताने वाली नौटंकी राज्य में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को गिराने की कोशिश का हिस्सा है। राष्ट्रपति सचिवालय ने कहा कि राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की और उनसे बुधवार को पंजाब में उनके काफिले में सुरक्षा उल्लंघन की जानकारी ली। राष्ट्रपति ने इस गंभीर चूक के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री मोदी का काफिला बुधवार को फिरोजपुर में प्रदर्शनकारियों द्वारा नाकेबंदी के कारण एक फ्लाईओवर पर 15 से 20 मिनट तक फंस गया था। इसके बाद वह रैली ( शेष पेज 9 )



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भेंट करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## पीएम की सुरक्षा लापरवाही की जांच को समिति गठित

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की पंजाब यात्रा के दौरान हुई चूक की गहन जांच के लिए घटना के एक दिन बाद पंजाब सरकार ने गुरुवार को दो सदस्यीय पैनल न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मेहताब सिंह गिल और राज्य के प्रधान सचिव (गृह मामलों और न्याय) अनुराग वर्मा का गठन किया है। जांच के लिए गठित पैनल ने राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और पीएम सुरक्षा में शामिल अन्य सभी से जवाब मांगा है। राज्य के पुलिस प्रमुख को गुरुवार शाम 5 बजे तक पूछे गए सवालों का जवाब देने को कहा गया है, जबकि अन्य को शुक्रवार सुबह 9 बजे तक का समय दिया गया है। आदेश के अनुसार समिति तीन दिन में अपनी रिपोर्ट देगी। हालांकि, भाजपा ने पंजाब सरकार द्वारा गठित पैनल को खारिज करते हुए आरोप लगाया कि ( शेष पेज 9 )

## विस चुनाव में 40 लाख व लोस में 95 लाख खर्च कर पाएंगे प्रत्याशी

- कानून और न्याय मंत्रालय ने अधिकतम चुनावी खर्च सीमा में की बढ़ोतरी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**कानून** और न्याय मंत्रालय ने गुरुवार को विधानसभा चुनावों के लिए अधिकतम चुनाव खर्च की सीमा 28 लाख रुपये से बढ़ाकर 40 लाख रुपये और लोकसभा चुनाव के लिए 70 लाख रुपये से 95 लाख रुपये कर दी। मंत्रालय ने यह निर्णय चुनाव आयोग की सिफारिशों को लागू करते हुए चुनाव खर्च की सीमा में बढ़ोतरी की है। पुडुचेरी, त्रिपुरा, सिक्किम, नागालैंड, मिजोरम, मेघालय, गोवा और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए अधिकतम खर्च की सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 28 लाख रुपये और लोकसभा चुनाव के लिए 54 लाख रुपये से बढ़ाकर 75 लाख रुपये कर दी गई है।

व्यय सीमा वह राशि है जो एक चुनाव उम्मीदवार अपने चुनाव अभियान के लिए कानूनी रूप से खर्च कर सकता है। विधानसभा चुनावों के लिए नई व्यय सीमा, लागत मुद्रास्फीति सूचकांक में बढ़ोतरी और मतदाताओं के आकार को देखते हुए किया गया है। संशोधित व्यय सीमा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों पर लागू होगी। चुनावी खर्च मुख्य रूप से प्रचार में वाहनों के उपयोग, प्रचार उपकरण, चुनावी रैलियों, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया, बैनर, पैम्फलेट और क्षेत्र के दौरे के लिए खर्च होते हैं।

सोशल मीडिया और प्रचार खर्च के सबसे बड़े क्षेत्र बनते जा रहे हैं। चुनाव पैनल ने वर्ष 2020 में अपने महानिदेशक उमेश सिन्हा और भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी हरीश कुमार के तहत एक समिति का गठन किया था, जो मतदाताओं की संख्या में वृद्धि और लागत मुद्रास्फीति सूचकांक व अन्य कारक में ( शेष पेज 9 )

## नर्सरी दाखिले की आवेदन तिथि दो सप्ताह आगे बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर निजी विद्यालयों में नर्सरी दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि दो सप्ताह बढ़ा दी गई है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सिसोदिया ने ट्वीट कर बताया कि कोविड-19 महामारी की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है।

राष्ट्रीय राजधानी के करीब 1,800 निजी विद्यालयों में नर्सरी दाखिला प्रक्रिया 15 दिसंबर से शुरू हुई और आवेदन की समय सीमा सात जनवरी को खत्म होने वाली थी। शिक्षा निदेशालय ने पिछले महीने दाखिला प्रक्रिया की अधिसूचना जारी की थी। पिछले शैक्षणिक सत्र में कोविड-19 महामारी की वजह से प्रवेश स्तर की कक्षाओं के लिए दाखिला प्रक्रिया फरवरी 2021 में शुरू हुई थी।

## बुली बाई मामले में असम से इंजीनियरिंग का छात्र गिरफ्तार



नई दिल्ली में पुलिस की गिरफ्त में बुली बाई मामले का आरोपी नीरज बिश्नोई

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस ने बुली बाई ऐप मामले में बृहस्पतिवार को असम के जोरहाट से इंजीनियरिंग के एक छात्र को गिरफ्तार किया, जिसे मामले में मुख्य साजिशकर्ता माना जा रहा है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि आरोपी छात्र को दिल्ली लाया गया और उसने कथित तौर पर अपनी भूमिका स्वीकार की है। बुली बाई ऐप मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। इस ऐप पर नीलामी के लिए सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं का नाम डाला गया था। पुलिस ने कहा कि आरोपी छात्र की पहचान नीरज बिश्नोई (21) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि बिश्नोई जोरहाट का रहने वाला है और भोपाल में पढ़ाई करता है। बिश्नोई ने ही कथित तौर पर गिटहब प्लेटफॉर्म पर बुली बाई ऐप का निर्माण ( शेष पेज 9 )

## जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्रियों की एसएसजी सुरक्षा हटेगी

**भाषा।** श्रीनगर, नई दिल्ली

**फारूक** अब्दुल्ला और गुलाम नबी आजाद सहित जम्मू-कश्मीर के चार पूर्व मुख्यमंत्रियों को मिल रही विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) की सुरक्षा के हटने के आसार हैं क्योंकि केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासन ने 2000 में गठित इस विशिष्ट इकाई के आकार को छोटा करने का फैसला किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह कदम केंद्र द्वारा 31 मार्च, 2020 को अधिसूचना -जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन (राज्य कानूनों का संयोजन) आदेश, 2020 - जारी किए जाने के करीब 19 महीने बाद उठाया गया है। आदेश में पूर्व मुख्यमंत्रियों और उनके परिवारों को एसएसजी सुरक्षा मुहैया कराए जाने से संबंधित एक खंड को हटाते हुए तत्कालीन जम्मू और कश्मीर सरकार के विशेष सुरक्षा समूह अधिनियम में संशोधन किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि यह निर्णय सुरक्षा समीक्षा समन्वय समिति द्वारा लिया गया था जो जम्मू-कश्मीर ( शेष पेज 9 )

## उप्र के किसानों को बड़ा तोहफा 50% कम होगा बिजली बिल

- योगी सरकार के फैसले से 13 लाख किसानों को होगा सीधा फायदा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नए** साल और विधानसभा चुनाव में जाने से पहले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। चालू माह से ग्रामीण क्षेत्र में मीटर्ड, अनमीटर्ड, एनर्जी एफिशियन्ट पम्प और शहरी क्षेत्रों के मीटर्ड नलकूपों के इस्तेमाल पर बिजली बिल वर्तमान की तुलना में आधी हो जाएंगी। बिजली बिल में छूट की इस नई व्यवस्था से उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड पर लगभग रुपये 1000 करोड़ प्रतिवर्ष का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

इसके लिए राज्य सरकार ने यूपीपीसीएल को अनुदान देने का फैसला किया है। नए निर्णय के बारे में गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर जानकारी दी। सरकार से



अनुदान मिलने के बाद बिजली दरों में बदलाव होगा। प्रस्तावित नई दरों के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्र में मीटर्ड कनेक्शन पर अभी जहां 2 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिल देना होता है वहीं अब मात्र 1 रुपए प्रति यूनिट देना होगा। इस कनेक्शन के लिए फिक्स चार्ज 70 रुपए की जगह 35 रुपए प्रति हॉर्स पॉवर लगेगा।

इसी तरह अनमीटर्ड कनेक्शन के लिए फिक्स चार्ज 170 रुपए प्रति हॉर्सपावर की जगज 85 रुपए की दर से देय होगा। वहीं एनर्जी एफिशियन्ट पम्प के लिए अभी जहां 1.65 रुपए प्रति यूनिट की दर से फिक्स चार्ज 70 रुपए प्रति हॉर्सपावर चार्ज लगता है, वहीं किसानों को अब मात्र 0.83 रुपए प्रति यूनिट फिक्स चार्ज 35 रुपए प्रति हॉर्सपावर ही देना होगा। वहीं शहरी ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,601 | ↓ 621 | |
| निफ्टी | 17,745 | ↓ 179 | |
| सोना | 46,700 | ↓ 284 | /10g |
| चांदी | 59,590 | ↓ 1292 | /kg |

### क्विक न्यूज

**श्रीनगर में आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़**

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने बृहस्पिवार को श्रीनगर शहर में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पिछले महीने शहर के सफाकदल इलाके में एक प्रॉपर्टी डीलर की हत्या के मामले की जांच के दौरान बरजुल्ला इलाके में पुलिस को कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधि का पता चला। उन्होंने कहा कि दो संदिग्धों को बरजुल्ला से पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आतंकवादियों की पहचान पुलवामा जिले के रहने वाले सुहैल कादिर खांडे और सुहैल मुश्ताक वाजा के रूप मे हुई है। उनके पास से दो पिस्तौल, दो मैगजीन और पिस्तौल के 30 कारतूस मौके से बरामद किए गए है।

## भारत ने चीनी दूतावास को सुनाई खरी-खरी

- सांसदों को पत्र लिखे जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की

**भाषा।** नई दिल्ली

**निर्वासित** तिब्बती संसद की मेजबानी में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले भारतीय सांसदों को चीनी दूतावास द्वारा पत्र लिखे जाने के करीब एक सप्ताह बाद भारत ने बृहस्पतिवार को पड़ोसी देश के मिशन से सांसदों की सामान्य गतिविधियों पर ऐसे कदम उठाने से परहेज करने को कहा तथा पत्र की सामग्री, मिजाज को अनुपयुक्त बताया।

चीनी दूतावास ने तिब्बत के लिए अखिल भारतीय संसदीय मंच से संबंधित कुछ सांसदों को लिखे पत्र में समारोह में उनकी उपस्थिति पर चिंता व्यक्त की थी और उनसे तिब्बत के संबंध में समर्थन नहीं देने को कहा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, हमने चीनी दूतावास के काउंसलर की ओर से समारोह में हिस्सा लेने के संबंध मे सम्मानित सांसदों को लिखे गए पत्र से संबंधित खबरों को देखा है। उन्होंने कहा, पत्र की सामग्री, मिजाज अनुपयुक्त है। चीनी पक्ष को ध्यान देना चाहिए कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है और सांसद अपने विचारों, विश्वासों के अनुसार कार्य करते हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि चीनी पक्ष सांसदों की सामान्य गतिविधियों को बढ़ा चढ़ा कर पेश करने से परहेज करेगा और हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और जटिल बनाने से बचेगा। गौरतलब है कि विभिन्न राजनीतिक दलों के कम से कम छह ( शेष पेज 9 )

# चीन सीमा पर सड़कें और पुल बनाने में जुटा भारत

- चीन द्वारा पैंगांग झील पर पुल बनाने की गतिविधियों पर है पूरी तरह नजर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने चीन से किसी भी खतरे का सामना करने के लिए सीमावर्ती इलाकों में सड़क और पुल बनाने के अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। भारत की प्रतिक्रिया उन रिपोर्टों के बाद आई है, जिसमें चीन ने विशेष रूप से लद्दाख क्षेत्र में अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है और हाल ही में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पैंगांग त्सो (झील) पर एक पुल भी बनाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां गुरुवार को कहा कि जहां तक चीन द्वारा पैंगांग झील पर पुल बनाने की खबरों का संबंध है, सरकार उसकी इस गतिविधि पर करीब से नजर रखे हुए है।

जैसा कि आप अच्छी तरह से जानते हैं कि भारत ने लगभग 60 वर्षों से चीन द्वारा इस क्षेत्र में किए इस अवैध कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार भारत के सुरक्षा हितों की पूरी तरह से रक्षा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के हिस्से के रूप में, सरकार ने पिछले सात वर्षों में सीमावर्ती बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की है और पहले से कहीं अधिक सड़कों और पुलों को पूरा किया है। इनसे स्थानीय आबादी को आवश्यक कनेक्टिविटी प्रदान करने के साथ ही सशस्त्र बलों को साजो-सामान उपलब्ध कराने के उद्देश्य के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पैंगांग झील पर चीनी सेना द्वारा पुल के निर्माण की द पायनियर सहित मीडिया द्वारा रिपोर्ट के दो दिन बाद यह पुनरावृत्ति हुई। यह पुल झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारों को जोड़ने के साथ ही चीन



पैंगोंग झील का फाइल फोटो

के सैनिकों को तेजी से आगे बढ़ाने में सक्षम बनाएगा। यह गतिरोध दो साल पहले पैंगांग झील से शुरू हुआ था, जब चीनी सैनिकों ने एक भारतीय गश्ती दल को रोक दिया था जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच झड़प और मारपीट हुई थी। बाद में उस समय स्थिति गंभीर हो गई जब चीनी सैनिकों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के कई बिंदुओं पर पार किया, जिसके परिणाम स्वरूप वर्ष 2020 में गालवान घाटी में एक खूनी झड़प में हुई। कमांडिंग ऑफिसर सहित 20 भारतीय सेना के जवान इस संघर्ष में मारे गए।

चीन ने अभी तक आधिकारिक तौर पर हताहतों की संख्या की घोषणा नहीं की है। भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठान का कहना है कि 40 से अधिक चीनी सैनिक मारे गए। सूत्रों ने सोमवार को कहा था कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 135 किलोमीटर लंबी पैंगांग झील के पुल पर उपग्रह के फुटेज और जमीनी रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि पुल चीनी क्षेत्र में खुर्नक नामक क्षेत्र में झील के संकरे हिस्से में आ रहा है। उन्होंने कहा कि झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारों को पूरा करने और जोड़ने से चीनियों के लिए दूरी 150 किलोमीटर से अधिक कम हो जाएगी। पुल का निर्माण पूर्वनिर्मित संरचनाओं के साथ किया गया था, जिसका उद्देश्य भारत को पहाड़ी चोटियों सहित दक्षिणी और उत्तरी तटों पर हावी होने से कोई लाभ नहीं देना था। वर्ष 2020 में भारतीय सेना ने गलवान संघर्ष के हफ्तों बाद हावी ऊंचाइयों पर कब्जा कर लिया था। सूत्रों ने कहा कि पुल अब रुडोक के माध्यम से खुर्नक से दक्षिण तट तक 150 किमी के लूप को कम करेगा। उन्होंने कहा कि पुल खुर्नक से रुडोक तक के मार्ग को 170 किलोमीटर के बजाय 40-50 किलोमीटर तक कम कर देगा। चीन के पास 135 ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 7 जनवरी, 2022



# गौतमबुद्ध नगर में कोरोना के 600 नए केस

## कुल सक्रिय मामले बढ़कर 1706, मेरठ में कोविड संक्रमण से एक मरीज की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में कोरोना संक्रमण का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है गुरुवार को एक बार फिर रिकॉर्ड तोड़ दिया है। गुरुवार को जनपद में कोविड-19 के 600 नए लोगों में पुष्टि की गई है। इसी के साथ अब जनपद में टोटल एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 1706 हो गई है।

पूरे उत्तर प्रदेश में गुरुवार को कोरोना संक्रमण के 3121 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा मेरठ जनपद में कोविड-19 से एक मरीज की मौत हुई है। गौतमबुद्ध नगर के जिला निगरानी अधिकारी डॉ सुनील कुमार दोहरे ने बताया कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में गुरुवार को कोविड-19 के 600 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा पिछले 24 घंटे के दौरान जनपद से 6 मरीज ठीक होकर वापस अपने घर लौटे हैं। फिलहाल गौतमबुद्ध नगर जनपद में टोटल कोविड-19 एक्टिव मरीजों की संख्या 1706 तक पहुंच गई है। अभी तक पूरे जनपद में 468 लोगों की मौत कोरोना संक्रमण से हो चुकी है। जिले में अभी तक 65,225 लोग इस महामारी का शिकार हो चुके हैं।



### गाजियाबाद-लखनऊ में भी ज्यादा मामले

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जनपद में गुरुवार को कोरोना वायरस के 362 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा लखनऊ में 408, मेरठ में 401, वाराणसी में 126, मुरादाबाद में 111, आगरा में 131, प्रयागराज में 128 और कानपुर नगर में 85 नए मामले सामने आए हैं। बाकी जनपदों में इससे भी कम मामले हैं। टोटल उत्तर प्रदेश में गुरुवार को कोरोना वायरस के 3121 मामले सामने आए हैं। उत्तर प्रदेश में एक व्यक्ति की मौत कोरोना संक्रमण के कारण भी है

उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद में गुरुवार को जहां कोरोना वायरस के 401 मामले दर्ज किए गए हैं।

वहीं मेरठ में एक व्यक्ति की मौत भी हुई है। मेरठ में इस समय टोटल कोरोना संक्रमण से मरे लोगों का आंकड़ा 899 तक पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश में अभी तक 22,917 लोग इस संक्रमण के कारण अपनी जान गवा चुके हैं।

### केंद्रीय मंत्री की सेहत में सुधार, पीएन अरोड़ा स्वस्थ्य

हॉस्पिटल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनुज अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडे की हालत स्थिर बनी हुई है और उनके कोविड-19 संबंधी संक्रमण की रक्त जांचें धीरे-धीरे सामान्य स्तर की ओर बढ़ रही हैं। डॉक्टरों की टीम उनकी सघन निगरानी व इलाज कर रही है। कोविड-19 के प्रोटोकॉल के तहत उनका इलाज किया जा रहा है। वहीं पीएन अरोडा ने कोरोना को मात दे दी है। रिपोर्ट निगेटिव आने पर अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

### 20 हजार किट तैयार : सीएमओ

*गाजियाबाद। कोविड के बढते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। जांच में पॉजीटिव आने वालों और उनके संपर्क में आने वालों के दवा की किट उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. भवतोष शंखधर ने बताया किशासन के निर्देश पर 50 हजार दवा की किट तैयार कराई जा रही हैं। 20 हजार किट तैयार हो चुकी हैं। दवा की किट निगरानी समितियों, रेपिड रेस्पांस टीम (आरआरटी) और जांच टीमों के अलावा जनपद में सभी सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराई गई हैं ताकि समय रहते उपचार शुरू किया जा सके। सीएमओ ने कहा दवा की किट तैयार कराई जा रही हैं। किट के साथ एक पर्चा भी रखा जा रहा है। पर्चे में किट में उपलब्ध दवाओं की सूची के साथ उन्हें खाने का तरीका भी बताया गया है।*




### आयुष्मान भारत योजना : आठ हजार लोगों ने कराया उपचार

*गाजियाबाद। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अंतर्गत जनपद में अब तक 8069 लाभार्थियों को विभिन्न बीमारियों में उपचार का लाभ मिल चुका है। इस योजना से आच्छादित परिवारों को प्रतिवर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये तक के निशुल्क उपचार की सुविधा मिलती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भवतोष शंखधर ने लाभार्थियों से अपील की है कि जरूरत पड़ने पर योजना का लाभ मिल सके, सभी अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें। आयुष्मान कार्ड सभी जन सुविधा केंद्रों पर निशुल्क बनाए जाते हैं।*

# कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर से निपटने को इंदिरापुरम गुरुद्वारा तैयार

- ऑक्सीजन, दवा के साथ भर्ती करने की भी तैयारी, मरीजों के लिए बन रहा 100 बेड का अस्पताल

अजीत तिवारी। गाजियाबाद



गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में अपने सहयोगियों के साथ प्रबंधक गुरूप्रीत सिंह रम्मी ( बाएं )।

कोरोना महामारी की दूसरी लहर में हजारों लोगों को ऑक्सीजन देकर जान बचाने वाले इंदिरापुरम स्थित सिंह सभा गुरूद्वारा और खालसा हेल्प इंटरनेशनल एक बार फिर से महामारी की तीसरी लहर से निपटने के लिए तैयार है। इसके तहत चिकित्सकों और सेवादारों की टीम, दवा, ऑक्सीजन की तैयारी के साथ 100 बेड की भी व्यवस्था की गई है। यह सुविधा सबको दी जाएगी, जिसमें बाहर से आने वाली मरीजों को भी भर्ती व मुफ्त दवा सुविधा दी जाएगी।


पिछले साल मार्च, अप्रैल, मई में कोरोना की दूसरी लहर में डेल्टा वैरिएंट ने पूरे देश में तबाही मचाई थी। बड़ी संख्या में संक्रमण के साथ हो रही मौत ने देशभर की चिकित्सा व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया था।

पूरे देश में दवा के साथ ऑक्सीजन की भारी किल्लत का भी सामना करना पड़ा था। ऐसे संकट के समय में इंदिरापुरम स्थित गुरूद्वारा सिंह सभा में ऑक्सीजन लंगर चलाने वाले गुरूद्वारा के प्रबंधक व खालसा हेल्प इंटरनेशनल के प्रमुख गुरुप्रीत सिंह रम्मी ने कहा कि कोरोना महामारी की तीसरी लहर से पहले मरीजों को राहत देने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

बकौल रम्मी पिछली बार ऑक्सीजन लंगर आपात स्थितियों में शुरू करना पड़ा था, लेकिन इस बार हमने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत गुरूद्वारा में ऑक्सीजन के साथ मरीजों को हर स्तर पर दवा भी दी जाएगी।

मरीजों के भर्ती करने के लिए 100 बेड का अस्पताल भी तैयार किया गया है। जहां मरीजों को डॉक्टरों की देखरेख में इलाज किया जाएगा। गुरूद्वारा सिंह सभा स्थित मेडिकल सेंटर के प्रभारी चिकित्सक डॉ. गौरव सिंह ने बताया कि इस बार यहां मरीजों को ऑक्सीजन के साथ कोविड की पूरी दवा देने का भी प्रबंध किया गया है।

वहीं दूसरी तरफ 100 बेड के अलावा एक आईसीयू और एक सेमी आईसीयू की भी व्यवस्था की गई है। यहां भर्ती मरीजों के लिए दो चिकित्सक ऑनलाइन अपनी सेवा देंगे। यहां मरीजों को दवा, ऑक्सीजन सभी निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।



### जंग में जुटे वॉरियर्स

गुरूप्रीत सिंह रम्मी ने बताया कि खालसा हेल्प इंटरनेशनल के सौजन्य से इंदिरापुरम स्थित गुरूद्वारा में निशुल्क डिस्पेंसरी के साथ कोविड वैक्सीन भी लगाया जा रहा है। सप्ताह में सोमवार व शनिवार को दो दिन गुरूद्वारा में और अन्य दिनों में शिविर लगाकर टीकाकरण किया जाता है। इसके अलावा यहां हर दिन कोविड जांच भी की जाती है जो करीब दो साल से जारी है।

# 16.23 लाख मतदाता करेंगे तीन विधायकों का चुनाव

- निर्वाचन आयोग ने जारी की अंतिम सूची

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अगले कुछ महीनों के भीतर उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाला हैं। विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन विभाग ने गौतमबुद्ध नगर के मतदाताओं के लिए अंतिम सूची जारी कर दी है। इस बार 2022 यूपी विधानसभा चुनाव में नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा में टोटल 16 लाख 23 हजार 545 मतदाता अपने तीनों विधायक का चयन करेंगे।

गौतमबुद्ध नगर के डीएम सुहास एलवाई ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए निर्वाचन विभाग की तरफ से मतदाताओं की अंतिम सूची जारी कर दी है। इस बार गौतमबुद्ध नगर में टोटल 82 हजार 939 नए मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है, लेकिन जनपद से 27,017 मतदाताओं का नाम फाइनल सूची से बाहर किया गया है।

सुहास एलवाई ने बताया कि जनपद में इस समय 25.24 लाख लोगों की आबादी है। इनमें से केवल 16 लाख 23 हजार 545 लोगों का ही पहचान पत्र बना हुआ है। आगामी विधानसभा चुनाव में यह लोग वोट डालकर अपने विधायक का चयन करेंगे।

इस बार जनपद से 27,017 मतदाताओं का नाम फाइनल सूची से बाहर किया गया है।

जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने बताया कि मतदाताओं की जो अंतिम सूची जारी हुई है। उसके मुताबिक इस बार 82 हजार 939 नए मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए। इनमें 43,143 पुरुष और 39,786 महिला मतदाता लिस्ट में शामिल हैं। इस बार टोटल 16 लाख 23 हजार 545 मतदाता ही चुनाव दे पाएंगे।

# डांस पार्टी पर रेड, 5 युवतियों समेत 36 गिरफ्तार

- लड़कियों पर उड़ाए 1.30 लाख रुपए बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना बीटा-2 क्षेत्र के सिग्मा सेक्टर में स्थित 2 होटलों में डांस पार्टी और देह व्यापार का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से 5 महिला समेत 36 लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार महिलाओं में एक विदेशी युवती है। पुलिस ने एक सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि आरोपियों को छुड़वाने के लिए कई सफेदपोश लोगों के कॉल पुलिस के पास आए थे, लेकिन पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की हैं। ग्रेटर नोएडा के पुलिस उपायुक्त अमित कुमार सिंह ने बताया कि थाना बीटा-2 पुलिस को बीती रात को सूचना मिली कि सिग्मा सेक्टर में स्थित एक होटल में डांस पार्टी चल रही है, जहां पर देसी-विदेशी महिलाएं बुलाकर मौजमस्ती जा रही है। पुलिस ने सूचना के आधार पर ओयो होटल में छापेमारी की। वहां से पुलिस ने कुछ महिलाएं और दो लोगों को पकड़ा है।



उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पास में स्थित एक अन्य होटल में बड़े स्तर पर पार्टी चल रही है। पुलिस ने दूसरे होटल में छापेमारी कर वहां से 36 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनमें 5 महिलाएं और 31 पुरुष है। पुलिस ने मौके से 8 कारें, अंग्रेजी शराब की बोतले, मुजरे में उड़ाई गई 1.30 लाख रुपए की नगदी आदि बरामद किया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि यहां पर देह व्यापार का अड्डा भी चल रहा था। पुलिस ने वहां से कुछ आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है। अमित कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने होटल संचालक रोहित और पार्टी को आयोजित करने वाले संदीप, आमिर, अनुज कुमार, अमित कुमार मित्तल, अभिषेक, लोकेश सहित 31 पुरुषों और 5 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि 3 लाख रुपए प्रति रात के हिसाब से होटल में पार्टी बुक की गई थी। पुलिस को जांच में पता चला है कि कुछ और होटल में भी इस तरह की पार्टियां रात को आयोजित की जा रही है। उनके खिलाफ भी जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### हवाले के जरिये सऊदी अरब से आये 41 लाख लूटने वाले 7 पकड़े

गाजियाबाद। मसूरी थाने की पुलिस व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण की स्वाट टीम ने सऊदी इस से हवाले के 41 लाख रुपये लूटने वाले 7 डकैतों को गिरफ्तार किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर आकाश पटेल नें बताया कि रूप सिंह ने मसूरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अंबाला मनी ट्रांसफर चांदनी चौक दिल्ली से 41 लाख रुपए की नकदी नासिर नामक युवक को देने में आया था। मालिक ने उसे समझाया था कि नासिर के रुपए हवाले करने के बाद वे रिसीव के रूप में खास नंबर वाला 10 का नोट उससे ले। डासना पहुंचने पर उसने मोबाइल पर नासिर से संपर्क किया तो नासिर ने उसे डासना के फ्लाईओवर के नजदीक पहुंच कर खड़े रहने के लिए कहा, तभी नासिर व उसके साथी वहां पहुंचे और उससे रुपए लूटकर फरार हो गए।

## संक्षिप्त समाचार



गरीबों को गरम कपड़े बांटते बैंक के पदाधिकारी।

### यूको बैंक का 79वां वार्षिक उत्सव मनाया

**नोएडा।** यूको बैंक का 79 वें वार्षिक उत्सव और आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में यूको बैंक की नोएडा सेक्टर तीन स्थित शाखा में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि यूको बैंक के डीजीएम और जोनल हेड सुजॉय दत्ता थे। चीफ मैनेजर स्मिता त्रिवेदी द्वारा डीजीएम सुजॉय दत्ता का एक पर्यावरण-मित्र पौधा देकर स्वागत किया गया। समारोह में चार दिशाएं प्रकाशन समूह के मनोज शर्मा सहित बैंक के कई सम्मानित ग्राहकों ने शिरकत की। इस मौके पर जोनल हेड सुजॉय दत्ता और चीफ मैनेजर स्मिता त्रिवेदी द्वारा आजकल चल रही भयंकर शीतलहर से प्रभावित करीब 50 गरीब जरूरतमंद लोगों को ऊनी कंबल भी वितरित किये गये। समारोह में बोलते हुए डीजीएम सुजॉय दत्ता ने कहा कि यूको बैंक हमेशा से ही सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में तत्परता रखते हुए अग्रणी भूमिका निभाता है।

### सीईएल के विनिवेश का विरोध शुरू

**गाजियाबाद।** लाभ में चल रही रक्षा उपकरण बनाने वाली सार्वजनिक उपक्रम की कंपनी सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) का विनिवेश करने की मामले पर मुखर आवाजें उठने लगी है। नगर निगम में नेता सदन भाजपा राजेन्द्र त्यागी ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। इसके विरोध में प्रधानमंत्री व अन्य सम्बंधित विभागों को शिकायती पत्र लिखे हैं। राजेन्द्र त्यागी ने प्रधानमंत्री से गुहार लगाई है कि पिछले कई वर्षों से लगातार लाभ में चल रही इस कम्पनी की विनिवेश संबंधी कार्यवाही तत्काल निरस्त की जाए।। खासबात बात यह है कि जिस कम्पनी को इसे दिए जाने के लिए भूमिका बनाई जा रही है धरातल पर उसका कोई वजूद ही नही है। इस कम्पनी के विनिवेश के विरोध में कम्पनी के कर्मचारी पहले से ही धरना दे रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजेंद्र त्यागी ने बताया यह कंपनी 1000 से ज्यादा कर्मचारियों का पोषण भी कर रही है। उन्होंने बताया कि सी एल कंपनी का विक्रय मूल्य 1000 करोड़ से ज्यादा होना चाहिए।

### पहलवान रवि यादव ने किया बहलोलपुर का नाम रोशन

**नोएडा।** इस वर्ष मेरठ सीसीएस यूनिवर्सिटी के द्वारा आयोजित दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता में शहर के ग्राम बहलोलपुर निवासी 18 वर्षीय रवि यादव ने 65 किलो वर्ग में एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद की तरफ से खेलकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मेडल पर कब्जा करके राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगता के लिए क्वालीफाई किया। रवि यादव बहलोलपुर स्थित भोला पहलवान के अखाड़े पर कोच गोविंद यादव के पिछले कई वर्षो से प्रशिक्षण ले रहे हैं। रवि यादव ने बताया की जीवन में पहली बार किसी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया जिससे मेरा और मेरे साथियों का मनोबल बढ़ा है। सरकार और जिला प्रशासन को ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों के लिए खेल की सुविधाओं को बढ़ाने की बहुत जरूरत है जिससे नोएडा के खिलाड़ी भी ओलंपिक में पदक जीतकर शहर का नाम रोशन कर सकें।

### आयकर की धाराओं में हो सुधार: नरेश कुच्छल

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नोएडा इकाई की एक अहम बैठक सेक्टर 5 हरौला में आयोजित की गई जिसमें व्यापारियों की प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। चर्चा के क्रम में आयकर की धाराओं में सुधार करने व व्यापारियों के हित में आवश्यक ठोस कदम उठाने की बात कही गई। साथ ही केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को इस संबंध में एक पत्र भी भेजा गया। वित्तमंत्री को भेजे गए पत्र में प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष नरेश कुच्छल ने कहा की आयकर की धाराओं में सुधार से ही व्यापारियों को लाभ प्राप्त होगा। अभी आयकर की धारा 87. । की छूट सिर्फ 500000 आमदनी वाले करदाताओं को ही दी जाती है। यह छूट सभी करदाताओं को मिलना चाहिए।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि गांव रजोकरी तहसील महरौली, नई दिल्ली में स्थित खसरा नं. 79 (4-16), 80 (3-8) और 78 (7-2) का फार्म भूमि परिमाप 15 बीघा 6 बिस्वा के संबंध में कुछ मूल चेन दस्तावेज कही खो/गुम हो गये हैं। गुम हो गये दस्तावेजों का विवरण निम्नानुसार है:

1. नं. 4033 बुक-1 वॉल्यूम 5828, पेज नं. 121-125 दिनांक 11.05.1987 के रूप में विधिवत् पंजीकृत मूल बिक्री विलेख दिनांक 11.05.1987
2. नं. 4034 बुक-1 वॉल्यूम 5828, पेज नं. 126-130 दिनांक 11.05.1987 के रूप में विधिवत् पंजीकृत मूल बिक्री विलेख दिनांक 11.05.1987
3. नं. 6407 बुक-1 वॉल्यूम 5904, पेज नं. 167-171 दिनांक 03.08.1987 के रूप में विधिवत् पंजीकृत मूल बिक्री विलेख दिनांक 20.07.1987
4. नं. 7856 बुक-1 वॉल्यूम 5947, पेज नं. 174-177 दिनांक 29.09.1987 के रूप में विधिवत् पंजीकृत मूल बिक्री विलेख दिनांक 20.07.1987
5. नं. 3992 बुक-1 वॉल्यूम 6117, पेज नं. 199-202 दिनांक 30.05.1988 के रूप में विधिवत् पंजीकृत मूल बिक्री विलेख

सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कथित गुम दस्तावेजों के साथ किसी भी प्रकार का व्यापार या लेनदेन न करें और यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त दस्तावेज मिलें तो कृपया इन्हें बीडीएस डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नीचे दिये गये पते पर वापिस कर दें:
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, फ्लैट नं. 1, 10 हैली रोड, नई दिल्ली-110001

# गांवों की समस्याएं सुलझाने के लिए एनजीटी ने बनाई टीम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

इस समय ग्रेटर नोएडा के गांव की सबसे बड़ी समस्या सीवेज की है। ग्रेटर नोएडा में 93 गांव है। इनमें सबसे ज्यादा समस्या सीवेज और गंदे पानी की है। लोग काफी समय से इस परेशानी से जूझ रहे हैं।

इस समस्या का समाधान करवाने के लिए ग्रेटर नोएडा के दो लोगों ने याचिका दाखिल की। इन लोगों की याचिका पर अब एनजीटी ने कार्रवाई करते हुए इन समस्याओं का समाधान करवाने के लिए टीम का गठन किया है। जिसमें शासन स्तर से लेकर गौतमबुद्ध नगर के जिला अधिकारी भी शामिल है। एडवोकेट आकाश वशिष्ठ ने बताया कि ट्रिब्यूनल ने मूलरूप से मिलक लच्छी गांव के रहने वाले करमवीर सिंह और सुनपुरा गांव निवासी प्रदीप कुमार ने एक याचिका दाखिल की है। याचिका के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के सभी 93 गांवों में सीवेज की समस्या है।

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गुलाब सिंह/अंजना सिंह/ LBMAT00003245385/ LBMAT00005128314 | प्लॉट नंबर 55 के हिस्से पर मकान, नगर पालिका संख्या 248/21, धर्म लोक नगर, मौजा मथुरा बांगर, उत्तर प्रदेश/ जनवरी 03, 2022 | अगस्त 30, 2021 ₹ 18,76,082/- | मथुरा/ दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 07, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# प्राधिकरण पर 81 गांवों के लोगों ने फिर बोला हल्ला

**नोएडा।** नोएडा के किसानों ने एक बार फिर प्राधिकरण पर हल्ला बोल दिया है। किसानों का कहना है कि नोएडा प्राधिकरण और अधिकारियों ने उनके साथ धोखा किया है। अधिकारियों ने उनको आश्वासन और लिखित तौर पर कहा था कि वह किसानों की मांगों को प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में रखेंगे, लेकिन अधिकारियों ने ऐसा नहीं किया।

नोएडा प्राधिकरण और अफसरों ने किसानों के साथ धोखा किया है। एक बार फिर किसान अपनी मांगों को लेकर नोएडा प्राधिकरण पर धरने पर बैठ गए हैं। किसान नेता सुखबीर पहलवान ने बताया कि नोएडा के किसानों का 122 दिनों तक प्राधिकरण पर प्रदर्शन चला था, जिसके बाद बीते 30 दिसंबर 2021 की रात को नोएडा के किसानों और प्राधिकरण के अधिकारियों की जो बीच वार्तालाप हुई।



इस बैठक में प्राधिकरण के अधिकारियों ने सहमति पत्र देते हुए कहा था कि वह किसानों की समस्याओं को बोर्ड बैठक में रखेंगे।

5 जनवरी को नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक हुई थी, जिसमें नोएडा के अफसरों ने किसानों की समस्याओं को बोर्ड बैठक में नहीं रखा।

### नौकरानी ने की लाखों की चोरी, फ्रिज खरीदने पर हुआ खुलासा

**नोएडा।** नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में घेरलू सहायिका ने 10 लाख रुपए की चोरी कर ली। पुलिस ने आरोपी घेरलू सहायिका और उसके पति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर पूरे मामला का खुलासा किया है। आरोपियों ने चोरी के पैसों से फ्रिज खरीदा था। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने शिवा सुरेखा नामक उद्योगपति ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत में शिवा सुरेखा ने लिखा रहा कि उनके फ्लैट में अलमारी की चाबी चोरी हो गई है, जिसमें से 10 लाख रुपए भी चोरी हो गए। महिला ने अपने शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

# 'शिशु के लिए स्तनपान अमृत के समान'

- मां का दूध संक्रमण से रखता है दूर: डॉ. अजीत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कामकाजी महिलाओं को कृत्रिम आहार एवं बोतल से दूध पिलाने के खतरे के बारे में अवगत कराते हुए डॉक्टरों ने बताया कि कृत्रिम आहार एवं बोतल के दूध में पोषक तत्वों का अभाव होता है और यह सुपाच्य नहीं होता। इससे कुपोषण एवं संक्रमण के खतरे, दस्त, सांस के और अन्य संक्रमण के खतरे, बौद्धिक विकास में कमी की सम्भावना और बचपन में मृत्यु की संभावना बढ़ जाती है, अत: इसे जितना हो सके प्रयोग में नहीं लाना चाहिए।

डॉ दीपिका ने बताया कि कामकाजी महिलाएं ब्रेस्ट पंप का प्रयोग कर अपना दूध निकल कर बच्चे को के लिए घर में रख सकती हैं जो कही ज्यादा कारगर और उपयोगी है। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी के वरिष्ठ नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अजीत कुमार का कहना है कि शिशु के लिए स्तनपान अमृत के समान होता है।

स्तनपान करने वाले शिशु को ऊपर से कोई भी पेय पदार्थ या आहार नहीं देना चाहिए क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा रहता है। डॉ दीपिका रस्तोगी ने बताया कि मां के दूध में शिशु के लिए पौष्टिक तत्वों के साथ पर्याप्त पानी भी होता है। यह सामान्य तापमान पर आठ घंटे तक पीने योग्य रहता है। शिशु को कटोरी या कप से पिलायें। स्तनपान शिशु को बीमारियों से बचाता है, इसीलिएं हमेशा स्तनपान कराएं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# होम आइसोलेशन की अवधि 14 से घटाकर 7 दिन की गई


## कोरोना के लक्षण गंभीर होने पर ही कोविड अस्पताल का करें रुख : जैन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



स्वास्थ्य मंत्रालय की नई दिशानिर्देश के अनुसार होम आइसोलेशन की अवधि 14 दिन से घटाकर अब सात दिन कर दी गई है। कम या साधारण लक्षण वाले और एसिम्टोमेटिक मरीजों को डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं है। एसिम्टोमेटिक मरीजों का घर पर ही होम आइसोलेशन में इलाज किया जा सकता है।

सरकार ने होम आइसोलेशन की गाइडलाइंस में बदलाव करते हुए यह निर्णय लिया है कि होम आइसोलेशन वाले मरीजों के पॉजिटिव आने के अगले 7 दिन तक ही घर पर रहने की आवश्यकता है। सात दिन के होम आइसोलेशन के दौरान यदि लगातार 3 दिनों तक व्यक्ति को कोई लक्षण नहीं दिख रहे हों तो वो अपना होम आइसोलेशन खत्म कर सकते हैं। ऐसे में उसे होम आइसोलेशन खत्म करने के बाद दोबारा कोरोना की जांच कराने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन मास्क पहनना अनिवार्य है। दिल्ली सरकार ने होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे मरीजों से अनुरोध किया है कि वे अपने घर में कोरोना से संबंधित नियमों का पालन करें, खुद को घर के अन्य सदस्यों से अलग रखें, क्रॉस-वेंटिलेशन वाले हवादार कमरों में रहें, ट्रिपल लेयर मेडिकल मास्क का प्रयोग करें। अपने



आसपास स्वच्छता को बनाये रखें। इसके अलावा अपने खाने के बर्तन परिवार के किसी सदस्य को न दें।

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कोविड-19 पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना का नया ओमीक्रोन वेरिएंट बहुत तेजी फैल रहा है लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। संक्रमण से रोकथाम के लिए मास्क लगाना और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना ही बचाव का सबसे बेहतरीन उपाए है। ओमीक्रोन वेरिएंट से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। विशेषज्ञों ने भी स्पष्ट किया है कि ओमीक्रोन वेरिएंट माइल्ड और कम घातक है।

जैन ने बताया कि अभी तक किसी भी ओमीक्रोन संक्रमित मरीज को ऑक्सीजन सपोर्ट या वेंटिलेटर की जरूरत नहीं पड़ी है। उन्होंने दिल्ली वालों से अनुरोध किया है कि गंभीर लक्षण होने पर ही अस्पताल जाएं। अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में बेड उपलब्ध हैं और घबराने वाली कोई बात नहीं है। सामान्य लक्षण होने पर अस्पताल आने की आवश्यकता नहीं है। इसका होम आइसोलेश में इलाज संभव है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग पॉजिटिव आते ही अस्पताल पहुँच रहे हैं, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन रहा है। पॉजिटिव आने पर अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं है। घर पर ही रहें। दिल्ली सरकार की टीम फोन करेगी और होम आइसोलेशन में ही मरीज का इलाज चलेगा। अस्पताल सिर्फ

### किस स्थिति में अस्पताल जाने की है जरुरत

स्वास्थ्य मंत्रालय के नए दिशा-निर्देश के अनुसार सांस लेने में दिक्कत होना, दो-तीन दिनों से अधिक लगातार 100 फारेनहाइट से ज्यादा बुखार आना, ऑक्सीजन लेवेल में कमी होना, (एसपीओ 93 प्रतिशत से नीचे जाने या सांस लेने की दर 24/मिनट ज्यादा हो), छाती में लगातार दर्द/दबाव होना, मानसिक भ्रम या उत्तेजना में असमर्थता होना, लगातार शरीर में गंभीर थकान महसूस होना। उपरोक्त लक्षणों को कोरोना के गंभीर लक्षण की सूची में शामिल किया गया है। ये लक्षण होने पर ही कोरोना के मरीज अपने नजदीकी कोरोना के अस्पताल में जा सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने लोगों से कोरोना से जुड़े नियमों का पालन करने की अपील की है। साथ ही लोगों से सार्वजनिक जगहों पर सुरक्षा के लिए मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने को भी कहा है। केवल सावधानी ही इसका बचाव है। अनावश्यक कार्यो के लिए घर से न निकले। घबराने की जरूरत नहीं। इसके इलाज एवं इससे बचने का प्रोटोकॉल भी पहले की तरह ही है। मास्क लगाए और सोशल डिस्टन्सिंग का पालन करें।

# बैंक्वेट हॉल बने कोविड सेंटर, मिलेंगे आक्सीजन बेड

## राजधानी में ओमीक्रोन के केस बढ़ने पर आप सरकार ने लिया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में ओमीक्रोन के केस बढ़ते ही सरकार ने एक बार फिर से बैंक्वेट हाल को कोविड सेंटर में तब्दील कर दिया है। सरकार के इस कदम से आम लोगों को राहत मिलेगी। पिछली बार की तरह इस बार अस्पतालों में बेड के लिए अफरातफरी नहीं मचेगी। सरकार ने फिलहाल 100 फुल सपोर्ट आक्सीजन बेड और 100 आक्सीजन कंसंट्रेटर की व्यवस्था की है।

कोविड सेंटर पर मौजूद डाक्टरर्स फार यू की सदस्य डा शुभांगी ने बताया कि अभी 100 फुली सपोर्ट ऑक्सीजन बेड और 100 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराए गए हैं। जल्द ही मरीजों को यहां शिफ्ट करेंगे। इसके अनुरूप मरीजों के लिए व्यवस्था की जा रही है। इससे पहले सरकार ने सभी निजी अस्तपालों को पत्र लिखकर निर्देश दिया था कि जो भी अस्पताल



नई दिल्ली के शहनाई बैंक्वेट हॉल में बनाए गए कोविड देखभाल केंद्र के अंदर संक्रमित रोगियों के लिए तैयार बेड।

50 बेड या उससे ऊपर के हैं उन्हें अपने यहां पर 40 फीसद बेड कोविड-19 मरीजों के लिए आरक्षित करनी होगी। इससे मरीजों को कोविड के इलाज में आसानी होगी। सरकार ने कोरोना के संक्रमण दर को कम करने के लिए एहतियात के तौर पर वीकेंड कर्फ्यू और स्कूल कॉलेज बंद जैसे सख्त कदम उठाए हैं। सभी आवश्यक सेवाओं को छोड़कर पूरे सप्ताह सभी सरकारी दफ्तर बंद करने का निर्णय लिया गया है। सरकारी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने के लिए कहा गया है। प्राइवेट सेक्टर के कार्यालयों में केवल 50 प्रतिशत कर्मचारियों को ही बुलाने की स्वीकृति है।

## कोरोना को लेकर सरकार की तैयारी पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस ने कोविड-19 को लेकर दिल्ली सरकार की तैयारी पर सवाल उठाएं हैं। पार्टी नेता का कहना है कि ओमीक्रोन के बढ़ते संक्रमण के कारण राजधानी के हालात चिंताजनक हो रही है क्योंकि संक्रमण की रोकथाम के लिए केजरीवाल सरकार ने कोई तैयारी नहीं की है। स्वास्थ्य ढ़ाचा पूरी तरह से विफल साबित हो रहा है। अस्पतालों में डाक्टर, नर्स, पेरामेडिकल व सहायक स्टाफ की भारी कमी कोविड संकट का बड़ा करण बन सकता है क्योंकि कार्यरत डाक्टर भी बड़े पैमाने पर संक्रमित हो रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि दूसरी लहर के बाद आप सरकार ने 5000 हेल्थ असिस्टेंट को ट्रेनिंग देकर महामारी में संकट के समय स्वास्थ्य सेवाओं में लगाने की बात कही थी, आज जब राजधानी में संक्रमण दर लगभग 12 प्रतिशत तक पहुच गई है, तब इन हैल्थ असिस्टेंटों की सेवा लेनी चाहिए।

# ओमीक्रोन से निपटने की क्या है तैयारी : कोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- हाईकोर्ट ने मरीजों की संख्या पर भी सरकार से मांगी जानकारी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरूवार को दिल्ली सरकार को राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमीक्रोन की स्थिति से उसे अवगत कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने इस सिलसिले में सरकार को अस्पतालों में आईसीयू में, वेंटिलेटर पर और ऑक्सीजन बेड पर रखे गए मरीजों की संख्या की जानकारी भी मांगी है।

न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की एक पीठ ने कहा कि हम ओमीक्रोन की स्थिति के बारे में जानना चाहते हैं। दिल्ली सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने कहा कि वह इस बारे में निर्देश प्राप्त करेंगे और आंकड़ों के साथ अदालत के समक्ष पेश होंगे।

अदालत ने यह भी जानना चाहा कि दिल्ली में कोविड-19 के कुल मरीजों में से कितने मरीज ओमीक्रोन से संक्रमित हैं, कितने वेंटिलेटर पर हैं, कितने गहन देखभाल कक्ष (आईसीयू) में और कितनों को ऑक्सीजन लगे बिस्तरों पर रखा गया है। पीठ ने कहा कि तो आपके मुख्यमंत्री भी कोविड-19 की चपेट में हैं, वैसे क्या स्थिति है, अस्पताल में ज्यादा लोग तो शायद भर्ती नहीं हैं।

आंकड़े प्रस्तुत करते हुए, मेहरा ने कहा कि तीन जनवरी को शहर में कोविड-19 के 10,986 रोगियों का इलाज चल रहा था। उन्होंने कहा कि घर में एकांतवास (क्वारंटीन) की अवधि अब 10 से घटाकर सात दिन कर दी गई है और केंद्र और राज्य दोनों सरकारें स्थिति को करीब से देख रही हैं।

उच्च न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए एक फरवरी की तिथि निर्धारित की।

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के स्थायी वकील अनुराग अहलूवालिया ने अदालत को बताया कि केंद्र पहले ही कोविड-19 टीके की एहतियाती खुराक के बारे में नीति लेकर आ चुका है।

# कोविड नियमों के उल्लंघन पर प्रशासन ने दो बाजार बंद कराए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- 'सुपर स्प्रैडर' बन सकता है वायरस

कोविड नियंत्रण दिशा-निर्देशों के 'उल्लंघन' के मद्देनजर पूर्वी दिल्ली के दो बाजारों को कुछ वक्त के लिए बंद करने का आदेश दिया गया है। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि दिशा-निर्देशों का इस तरह से उल्लंघन कोरोना वायरस के 'सुपर स्प्रैडर' का कारण बन सकता है।

करावल नगर उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) के कार्यालय ने पांच जनवरी को सोनिया विहार-2 पुश्ता बाजार और करावल नगर में मुकुंद विहार बाजार को छह जनवरी शाम चार बजे से सात जनवरी सुबह 10 बजे तक या अगले आदेश तक बंद करने का आदेश दिया है।

आदेश में कहा गया है कि जरूरी वस्तुओं और सेवाओं से संबंधित दुकानों को छोड़कर सभी पर वायरस रोकथाम के लिए प्रतिबंध लागू हैं।

करावल नगर एसडीएम ने 31 दिसंबर को सोनिया विहार पुश्ता 4 1/2 शनि बाजार ब्लॉक-ई, और जौहरीपुर शनि बाजार रोड को एक जनवरी की शाम से कुछ समय के लिए बंद करने का आदेश दिया था।

**सागर धनखड़ हत्याकांड**

# पहलवान सुशील कुमार का साथी 9 महीने बाद गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने छत्रसाल स्टेडियम मारपीट मामले में 24 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। घटना में एक पहलवान की मौत हो गई थी और उसके दो दोस्त घायल हो गए थे। अधिकारियों ने गुरूवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आरोपी प्रवीण डबास सुल्तानपुर डबास गांव का रहने वाला है और उस पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित था। इस मामले में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) जसमीत सिंह ने बताया कि डबास के अपने एक सहयोगी से मिलने गांव आने की सूचना पर पुलिस ने सोमवार को गांव में प्रेम प्याऊ रोड के पास आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी के मुताबिक डबास ने पुलिस को बताया कि उसने कुमार और उसके 18 से 20 साथियों के साथ हॉकी स्टिक और लाठियों से अपने प्रतिद्वंद्वी समूह के सदस्यों की यहां छत्रसाल स्टेडियम में पिछले साल चार और पांच मई की दरम्यानी रात पिटाई की थी।

# कोविड-19 संक्रमण के कारण मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा रोकी गई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी के चलते दिल्ली सरकार की 'मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना' रुक गई जिसके तहत बुजुर्गों को धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने की शुरुआत की गई थी। इसके साथ ही तमिलनाडु में वेलांकनी चर्च के लिए शुक्रवार को रवाना होने वाली ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

महामारी के कारण जनवरी में होने वाली ट्रेन की सात यात्रायें प्रभावित हुई हैं। तीर्थयात्रा विकास समिति के अध्यक्ष कमल बंसल ने कहा कि सात जनवरी को वेलांकनी के लिए रवाना होने वाली ट्रेन रद्द कर दी गई है। बंसल ने कहा कि इसके अलावा, करतारपुर साहिब और अमृतसर, अयोध्या और रामेश्वरम जाने वाली तीर्थयात्रियों की ट्रेन को भी रद्द कर दिया गया है।

दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देशभर में कोविड के ब ?ते मामलों के मद्देनजर, फिलहाल के लिए योजना को निलंबित करने का निर्णय लिया गया है। जब स्थिति अनुकूल होगी तब इसे पुन: चालू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को पूरी तरह दिल्ली सरकार द्वारा प्रायोजित 15 मार्गो (तीर्थस्थलों) पर भेजने की शुरुआत की गई थी। इस योजना की शुरुआत जुलाई 2019 में की गई थी और इसमें सरकार प्रत्येक तीर्थयात्री की यात्रा और उससे संबंधित अन्य खर्च वहन करती है। पिछले साल महामारी की दूसरी लहर के कारण इस पर रोक लग गई थी और इसके बाद तीन दिसंबर को अयोध्या के लिए तीर्थयात्रियों की ट्रेन रवाना हुई थी। योजना पर पुन: रुकावट से पहले श्रद्धालुओं ने रामेश्वरम और द्वारका की यात्रा की थी।

## नीट-पीजी दाखिले के लिए कोर्ट से काउंसलिंग शुरू कराने का अनुरोध

नई दिल्ली। डॉक्टरों के एक संगठन ने उच्चतम न्यायालय का रुख करते हुए कहा है कि नीट-पीजी काउंसलिंग शुरू करने की तत्काल आवश्यकता है। इसके साथ ही कहा कि प्रक्रिया के अंत में ओबीसी और ईडब्ल्यूएस आरक्षण मानदंड में संशोधन से अंतिम चयन में और देरी होगी।

फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) ने लंबित याचिका में पक्ष बनाने का अनुरोध करते हुए दाखिल एक अर्जी में कहा है कि हर साल लगभग 45,000 उम्मीदवारों को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) के माध्यम से स्नातकोत्तर डॉक्टरों के रूप में चुना जाता है।

## संक्षिप्त समाचार



अधिकारियों के साथ मुफ्त राशन वितरण योजना की समीक्षा करते दिल्ली सरकार में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन।

### 72.77 लाख लोगों को मिलता रहेगा मुफ्त राशन

नई दिल्ली। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने कोविड महामारी के बीच राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राशन लाभार्थियों को मुफ्त राशन वितरण की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने कोविड महामारी के दौरान जनता को बड़ी राहत दी है। सरकार ने आर्थिक कठिनाई को कम करने के लिए लाभार्थियों को मुफ्त राशन आपूर्ति को छह महीने के लिए यानी मई 2022 तक बढ़ा दिया है। इस निर्णय से लगभग 17,78,632 परिवारों के 72.77 लाख लाभार्थियों को लाभ मिल रहा है। इसमें 2,81,006 लाभार्थियों वाले 68,732 अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) परिवार भी शामिल हैं। इमरान हुसैन ने यह भी कहा कि राशन की दुकानों पर प्रभावी प्रबंधन के लिए, दिल्ली सरकार ने सामाजिक सुरक्षा मानदंडों को सुनिश्चित करने और लाभार्थियों को मुफ्त राशन का सुचारु वितरण सुनिश्चित करने के लिए सिविल डिफेन्स वालंटियर्स को तैनात करने का निर्णय लिया है।



घटना की सूचना पर आग बुझाने पहुंचे दमकलकर्मी।

# लालकिले के सामने लाजपत राय बाजार में लगी आग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- घटना में 60 गुमटियां जलकर खाक

राष्ट्रीय राजधानी में चांदनी चौक इलाके में लाल किले के सामने स्थित नये लाजपत राय बाजार में गुरूवार तड़के आग लग गई। दिल्ली दमकल विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसे में किसी के हताहत होने की अभी कोई सूचना नहीं है।

वहीं, पुलिस ने बताया कि बाजार के करीब 60 गुमटियां आग में जलकर खाक हो गए। दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि सुबह करीब चार बजकर 43 मिनट पर नए लाजपत राय बाजार में आग लगने की सूचना मिली और दमकल की 13 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग पर काबू पा लिया गया है और आग बुझाने का काम जारी है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने कहा कि सुबह करीब सात बजे आग पर काबू पाया गया। प्रथम दृष्टया, प्रतीत होता है कि शायद शार्ट-सर्किट के कारण आग लगी। शिकायतों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नया लाजपत राय बाजार कपड़े और बर्तनों के लिए मशहूर है।

चांदनी चौक में एक 'ट्रैवल एजेंसी' चलाने वाले राजीव अग्रवाल ने दावा किया कि 50 साल पुराने 'न्यू लाजपत राय' बाजार में पहली बार आग लगी है।

उन्होंने कहा कि बाजार में करीब 60 खोखे (गुमटियां) आग में जलकर खाक हो गए। वहां अधिकतर दुकानें कपड़े की हैं। ये सभी छोटी दुकानें पूरी तरह से खाक हो गई और शायद ही कोई सामान बचा हो।

## दिल्ली से पोर्ट ब्लेयर के बीच उड़ानें शुरू करेगी इंडिगो

नई दिल्ली। विमानन क्षेत्र की कंपनी इंडिगो एयरलाइन नौ जनवरी से दिल्ली-पोर्ट ब्लेयर मार्ग पर विमान सेवा शुरू करेगी। एयरलाइन की ओर से आधिकारिक बयान में कहा गया कि दिल्ली से पोर्ट ब्लेयर के बीच विमान सेवा का संचालन सप्ताह में चार बार किया जाएगा।

इंडिगो एयरलाइन में मुख्य रणनीति एवं राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि हमें दिल्ली और पोर्ट ब्लेयर के बीच परिचालन पुन: शुरू करके और घरेलू स्तर पर अपनी उपस्थिति मजबूत करके हमें प्रसन्नता हो रही है।

# कोविड प्रभावित परिवारों को जल्द मिलेगी मदद

## दिल्ली आपदा मोचन कोष से एकमुश्त 50 हजार मिलेगी राशि

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 के कारण परिजनों को खोने वाले दिल्लीवासियों को दिल्ली आपदा मोचन कोष (डीडीआरएफ) से 50 हजार रुपये की एकमुश्त अनुग्रह राशि दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि यह दिल्ली सरकार द्वारा पहले से दी जा रही 50 हजार रुपये की सहायता राशि के अतिरिक्त होगी।

सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित परिवारों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने का निर्देश सभी जिला मजिस्ट्रेट को दिया गया है और सप्ताहांत तक इस संबंध में नोटिस जारी किए जाने का अनुमान है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री कोविड-19 परिवार आर्थिक सहायता योजना' के तहत करीब 21,000 परिवारों को दिल्ली सरकार द्वारा 50 हजार रुपये की सहायता दी गई है। अब उन्हें इसके अतिरिक्त 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि भी प्राप्त होगी।

डीडीएमए ने एक आदेश में कहा, आवेदकों को कोविड-19 से हुई मौत के संबंध में अनुग्रह राशि के लिए सीधे दिल्ली के जीएनसीटी में संबंधित जिला मजिस्ट्रेट को आवेदन देना जरूरी है और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण/जिला प्रशासन दिशानिर्देश के अनुसार सीधे लाभार्थी को धनराशि जारी करेंगे।

बयान में कहा गया है, डीडीआरएफ से 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि उन सभी मामलों के संबंध में बिना आवेदन किये जारी की जाएगी, जहां मुख्यमंत्री कोविड-19 परिवार आर्थिक सहयता योजना के तहत 50,000 रुपये का मुआवजा जारी किया गया। दिल्ली सरकार की योजना के तहत जिन परिवारों को राशि मिली है, उन्हें डीडीआरएफ के पास अलग से अनुग्रह राशि के लिए आवेदन करने की जरूरत नहीं है।

# कोविड का असर, पर्यटन कारोबार 60 से 70 फीसदी गिरा

## ट्रैवल एजेंसियों और होटल मालिकों ने माना, कमरों की बुकिंग हो रही रद्द

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में कोरोना महामारी की तीसरी लहर की दस्तक ने पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया है। पहले से आयोजित सभी कार्यक्रम के साथ, होटलों के कमरों की बुकिंग भी रद्द हो रही है। शहर में ट्रैवल एजेंसियों और होटलों के मालिकों ने कारोबार में 60-70 प्रतिशत की गिरावट आने की बात कही है।

पर्यटन क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार दिल्ली में सबसे अधिक पर्यटक अक्टूबर से अप्रैल के बीच आते हैं। देश और विदेश से आने वाले पर्यटक शहर के ऐतिहासिक स्थल का दौरा करने के अलावा शिमला, मनाली, आगरा, मथुरा, ऋषिकेश, हरिद्वार, नैनीताल देहरादून, अजमेर, जयपुर सहित अन्य लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर प्रवेश द्वार के रूप से यहीं से जाते हैं।



दिल्ली होटल महासंघ के अध्यक्ष अजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि पहाड़गंज इलाके में करीब 500 होटल हैं जिनमें से केवल 350 ही दूसरी लहर के बाद खुले हैं। अग्रवाल ने कहा कि कोविड-19 के कारण प्रतिबंधों से व्यापार पर असर पड़ना फिर से शुरू हो गया है। दिसंबर 2021 में मामले बढ़ने के बाद से पर्यटकों ने पहले की गई बुकिंग को रद्द करने के साथ यात्राएं स्थगित कर दी हैं।

अग्रवाल ने कहा कि अब करीब 70 प्रतिशत होटलों की बुकिंग नहीं हो रही है। तीसरी लहर से कारोबार पर बुरा असर पड़ा है। पिछले दो साल से पर्यटन का मौसम हमारे लिए लाभकारी नहीं रहा।

कोविड-19 और ओमीक्रोन स्वरूप के मामले बढ़ने के बाद से दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग ने भी पर्यटन स्थलों पर यात्रियों की संख्या में कमी की सूचना दी है।

दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम पर्यटन स्थलों पर आने वाले लोगों के बारे में आंकड़े संकलित कर रहे हैं। लेकिन कोविड-19 और ओमीक्रोन के मामलों में बढ़ोतरी के मद्देनजर पर्यटकों की संख्या निश्चित तौर पर काफी कम हो गई है। कोविड-19 मामलों के मद्देनजर राष्ट्रीय संग्रहालय और चिड़ियाघर को एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है।



दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा द्वारा अपने दो साथियों के साथ गिरफ्तार कुख्यात गैंगस्टर अनिल दुजाना।

# उत्तर प्रदेश का गैंगस्टर अनिल दुजाना दिल्ली से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- 50 से ज्यादा वारदात में शामिल रहा है बदमाश

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हत्या सहित 50 वारदातों को अंजाम दे चुका उत्तर प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर अनिल दुजाना को उसके दो साथियों के साथ गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से तीन सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी मंडावली में रंजिश के चलते किसी हत्या को अंजाम देने की फिराक में थे। दुजाना पर 75 हजार का इनाम यूपी पुलिस ने घोषित कर रखा था।

संयुक्त आयुक्त धीरज कुमार के अनुसार, अपराध शाखा के इंस्पेक्टर अरुण सिंधु को सूचना मिली थी कि गैंगस्टर अनिल दुजाना दिल्ली में छिपा है। उसके खिलाफ हत्या, हत्या की कोशिश, जबरन उगाही और आर्म्स एक्ट समेत 50 से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज हैं। इस जानकारी पर पुलिस उपायुक्त मनोज सी की देखरेख में एसीपी अरविंद कुमार और इंस्पेक्टर अरुण सिंधु की टीम ने उसके बारे में जानकारी जुटाना शुरू किया। सर्विलांस और मुखबिर की जानकारी पर पुलिस टीम उस जगह पर पहुंची जहां पर उनके छुपे हुए होने की पुख्ता सूचना मिली थी।

# अब शाम छह बजे तक खोली जा सकती हैं दुकानें

## सरकार ने मार्केट खोलने के समय में एक घंटा बढ़ाया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**लोगों** की मांग को देखते हुए जिला में मॉल व मार्केट में दुकानें खुली रखने का समय एक घंटे और बढ़ाया गया है। अब मॉल और मार्केट शाम 5 बजे की बजाय 6 बजे तक खुले रखे जा सकेंगे। ये आदेश आगामी 12 जनवरी की सुबह पांच बजे तक लागू रहेंगे। राज्य सरकार के महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा आदेशों में संशोधन किए जाने के बाद गुरुग्राम के जिलाधीश एवं उपायुक्त डा. यश गर्ग ने भी संशोधित आदेश जारी किए हैं।

बता दें कि कोरोना महामारी को देखते हुए गुरुग्राम सहित प्रदेश के पांच जिलों में मॉल व मार्केट का समय सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया था। उसके बाद लोगों की सुविधा के लिए अब इस समय को बढ़ाया गया है। पहले जारी आदेश जो अब भी लागू रहेंगे, उसमें जिला में सभी राजकीय व प्राइवेट स्कूल, कोलेज, पॉलीटैक्निक, आईटीआई, कोचिंग इंस्टिट्यूट, लाइब्रेरी तथा ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और आंगनवाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। दाह संस्कार और विवाह समारोह में 50 और 100 लोगों से ज्यादा भाग नहीं ले सकते। उन्हें भी कोविड अनुकूल व्यवहार तथा सोशल डिस्टेंसिंग नियमों का पालन करना होगा। एनजीओ तथा शहरी स्थानीय निकायों को पब्लिक में मास्क वितरण की सलाह दी गई है।

### रात्रि 11 बजे से सुबह पांच बजे तक कर्फ्यू

**आदेशों** में डीसी ने कहा है कि जिला में सभी सिनेमाहॉल, थियेटर, मल्टीप्लैक्स बंद रखने, सभी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, स्टेडियम, स्वीमिंग पूल बंद रखे जाएंगे। केवल राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को इस नियम में छूट होगी। किसी बाहरी व्यक्ति अथवा दर्शक को स्टेडियम या खेल मैदान में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। जिले में सभी एंटरटेनमेंट पार्क और बिजनेस टू बिजनेस एग्जीबिशन पर भी प्रतिबंध रहेगा।

## रोडवेज के कारपेंटर के वेतन मामले में डिपो के जीएम कोर्ट में तलब

**गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य परिवहन गुरुग्राम डिपो में कारपेंटर के पद पर कार्यरत कर्मचारी को वेतन पूरा नहीं देने के मामले में अदालत ने डिपो महाप्रबंधक (जीएम) को तलब किया है। इसके लिए 12 जनवरी 2022 की तारीख निर्धारित की गई है।

गुरुग्राम रोडवेज डिपो में कार्यरत पीड़ित कारपेंटर बिसम्बर दयाल के मुताबिक उनके प्रति माह वेतन को लेकर विवाद था। उनका वेतन 68 हजार रुपये मिलना चाहिए, जबकि विभाग 59 हजार 706 रुपये दे रहा है। उन्हें ऐरियर नहीं दिया जा रहा। अदालत ने इस पर सुनवाई करके 24 जनवरी 2018 को कर्मचारी के पक्ष में निर्णय दिया। इस निर्णय के बाद भी कारपेंटर बिसम्बर दयाल को वेतन बढ़ाकर नहीं दिया गया। उन्होंने परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के पास शिकायत भी। उस समय के महाप्रबंधक से इस लाभ को देने की सिफारिश की गई। इसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित बिसम्बर दयाल के मुताबिक इस मामले में अब अदालत ने रोडवेज डिपो महाप्रबंधक कुलबीर सिंह ढाका को 12 जनवरी 2022 को अदालत में तलब किया है कि आखिर विभाग उनके वेतन को देने में देरी क्यों कर रहा है।

# हरियाणा एक्सप्रेस ट्रेन के गढ़ी-हरसरू में ठहराव के प्रयास में जुटे डॉ. डीपी गोयल

## नॉर्दर्न रेलवे जेडआरयूसीसी एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य हैं डॉ. गोयल



डॉ. डीपी गोयल।

**गुरुग्राम।** नॉर्दर्न रेलवे जेडआरयूसीसी एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य डा. डीपी गोयल ने नई दिल्ली से सिरसा जाने वाली हरियाणा एक्सप्रेस ट्रेन संख्या-04087/04088 के गढ़ी-हरसरू जंक्शन पर ठहराव की मांग की है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री राव साहब दानवे, रेल राज्य मंत्री दर्शना जरदोष, केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह के अलावा नॉर्दर्न रेलवे बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरिंदर डी चुम्बी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेलवे बोर्ड नॉर्दर्न रेलवे सुनीत शर्मा, नॉर्दर्न रेलवे अध्यक्ष संजीव कौशल, नॉर्दर्न रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगाल को पत्र लिखकर कहा है कि नई दिल्ली से हरियाणा के अंतिम छोर सिरसा तक जाने वाले हरियाणा एक्सप्रेस ट्रेन संख्या-04087/04088 अनेक शहरों, ग्रामीणों अंचल के लोगों को सुगम यात्रा कराती है। गुरुग्राम क्षेत्र के गढ़ी-हरसरू जंक्शन पर इसका ठहराव नहीं है।

डा. गोयल ने सुझाव दिया है कि अगर यहां पर ट्रेन का ठहराव हो जाता है तो गढ़ी-हरसरू समेत आसपास के ग्रामीणों, दैनिक यात्रियों को इस ट्रेन का लाभ मिल सकेगा। दोनों तरफ जाने के लिए उनको काफी सहूलियत हो सकेगी। इन यात्रियों को सड़क मार्ग से जाने के लिए अधिक खर्चा करने के साथ समय काफी लगता है। ऐसे में इन लोगों के लिए अपने काम पर जाना बहुत मुश्किल हो रहा है।

# संक्षिप्त-समाचार

## गढ़ी गांव में कोरोना से बचाव को किया सुंदर कांड का पाठ



**गुरुग्राम।** गढ़ी-हरसरू स्थित श्री शिव हनुमान मंदिर में क्षेत्र कल्याण के लिए सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया। इस दौरान कामना की गई कि सर्व जन सुखी रहें और सर्व जन का हित हो। पंडित विमल शास्त्री ने कहा कि कोरोना महामारी हमारे देश में बहुत अधिक तेजी से फैल रही है। क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु के लिए सुंदरकांड पाठ का आयोजन यहां मंदिर प्रांगण में किया गया। लोगों को जागरूक भी किया गया कि वे कोरोना महामारी के जो नियम बताए जा रहे हैं, उनका पालन करें। बालकिशन प्रजापति ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए हम सबको उन नियमों का पालन करना है, जो सरकार, प्रशासन द्वारा बताए जा रहे हैं। सुंदरकांड का पाठ करके बालाजी महाराज से यही प्रार्थना की गई कि सब पर उनकी कृपा बनी रहे। सभी का जीवन सुखमय हो। सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारा भी लगाया गया। इस दौरान राजेश मंगला, मंगल सिंह, सत्य सैनी, राकेश रोहिल्ला, हितेश बागोरिया एवं समस्त कमेटी सदस्यों, ग्रामीणों ने यहां सेवा दी।

## अबैध हथियार सहित एक काबू, जेल भेजा

**होडल।** होडल मुंडकटी थाना पुलिस ने एक युवक को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया। जांच अधिकारी रामबीर डागर ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए औरंगाबाद बस स्टैंड से एक युवक को हथियार सहित हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया। युवक ने पुलिस को अपना नाम गांव औरंगाबाद निवासी अमित बताया।

## श्रीश्याम परिवार ने लगाया 17वां निशुल्क वैक्सीनेशन शिविर



**गुरुग्राम।** संकट मोचन धाम सदर बाजार में श्री श्याम परिवार फाउंडेशन व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आम लोगों के लिये 17वां निशुल्क वैक्सीनेशन कैम्प लगाया गया। संस्था के उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल, व संरक्षक नवीन गुप्ता ने बताया कि बुधवार को नि:शुल्क वैक्सीनशन कैम्प का आयोजन किया गया। श्री श्याम परिवार फाउंडेशन आगे भी इसी तरह से स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस तरह के कैंप आयोजित करता रहेगा। फाउंडेशन के रोशनपुरा टीम के अध्यक्ष सर्वेश शर्मा व जैकमपुरा टीम के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि करीब लगभग 300 लोगों को इस शिविर में वैक्सीन लगाई गई। श्री श्याम परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल ने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव को सभी को वैक्सीन लगवाने के साथ जरूरी ऐहतियात भी बरतनी चाहिए। ऐसा करके हम अपने साथ दूसरों के स्वास्थ्य को भी सही रख सकते हैं। इस अवसर पर हिमांशु शर्मा, प्रिंस मंगला, दिनेश कुमार व सुमन आदि मौजूद रहे।

## विधायक के घर शोक जताने पहुंचे अध्यक्ष ओपी धनखड़



**गुरुग्राम।** पटौदी से भाजपा विधायक सत्यप्रकाश जरावता की माताजी गुलाब कौर के निधन पर शोक जताने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ मानेसर स्थित आवास पर पहुंचे। अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री धनखड़ ने कहा कि जिसका जन्म हुआ है, उसका जाना भी निश्चित है। माता जी गुलाब कौर भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके दिए हुए संस्कार ही परिवार में आज नजर आ रहे हैं। बड़े-बुजुर्गों का यही सम्मान है कि उनके दिखाए मार्ग पर अगली पीढ़ियां चलती रहें। उन्होंने कहा कि बहुत ही शील स्वभाव की माता जी ने पूरे परिवार में अच्छे संस्कारों का समावेश किया है। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धांजलि देने के लिए गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हमें अपने बड़ों के दिखाए नेकी, ईमानदारी के रास्ते पर सदैव चलना चाहिए। उनका आशीर्वाद सदा हम पर बना रहता है। वे जीवन में रहते हुए भी और ना रहते हुए भी किसी न किसी रूप में हमें आशीर्वाद देते रहते हैं। इस दौरान आरडब्ल्यूए प्रधान शशि यादव, रमेश सरपंच कासन, मंडल अध्यक्ष देविंद्र यादव, पटौदी मंडल अध्यक्ष किशन यादव, अजीत यादव, अभिमन्यु थानेदार, बिट्टू कासन, मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।

## संगठन और समाज की शक्ति निहित होती है : सूरजपाल अम्मू



**सोहना।** हरियाणा ओलिंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सूरज पाल अम्मू ने कहा संगठन में ही समाज की शक्ति निहित होती है। समाज को संगठित करने में युवा वर्ग की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। जो समाज को नई दिशा देकर उन्नति की ओर अग्रसर करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है। जो अपने हुनर की बदौलत सम्मान प्राप्त करती है। समारोह में करीब एक दर्जन प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया। शहर के ठाकुरवाडा मोहल्ला में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि करनी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू ने शिरकत की। कार्यक्रम में प्रवक्ता करुणेश राघव परमार ने अपनी कविताओं से शमां बांध दिया। जिनकी देश भक्ति की कविताओं पर लोगों ने जमकर तालियां बजाईं। समारोह में कई प्रतिभाओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। मास्टर राजकुमार, विजय राघव, सुन्दर राजपूत, शिव कुंड कमेटी पूर्व प्रधान शिवकुमार राघव, विकास गुप्ता आढ़ती, राकेश बंटी ठेकेदार, अशोक राणा, उमेश जैन, रोहताश जैन, राजीव जैन, अनुज गुप्ता, समरपाल राघव, विनोद राघव, सोहनपाल, भाजपा महिला मोर्चा मंडल प्रधान बिमला राघव आदि गणमान्य लोग मौजूद थे। आयोजित समारोह में डिप्टी एसपी राजेश राघव, नगर परिषद सोहना कार्यकारी अभियंता प्रवीण राघव, प्रवक्ता करुणेश राघव परमार, डॉक्टर वैशाली राघव, डॉक्टर दिव्या राघव, डॉक्टर तरुण राघव, डॉक्टर नेहा राघव, डॉक्टर चित्रा राघव और निधि राघव आदि को स्मृति चिह्न और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## हथियार तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**होडल।** होडल सीआइए पुलिस ने यूपी से हरियाणा में हथियार की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से भारी मात्रा में हथियार व कारतूस का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को अदालत में पेश करके रिमांड पर ले लिया है। आरोपियों से पुलिस को अन्य हथियार तस्करी की वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है। होडल सीआइए प्रभारी जंगशेर ने बताया कि बुधवार देर रात वह नेशनल हाइवे करमन बॉर्डर पर नाका लगाकर वाहनों की जांच कर रहे थे। उन्हें मुखबर द्वारा सूचना मिली कि यूपी से दो युवक बाइक पर हरियाणा में हथियार की तस्करी के लिए आ रहे हैं। सीआइए पुलिस ने नाके पर चैकिंग तेज कर दी। पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को चेकिंग के लिए रोक लिया। पुलिस ने दोनों युवकों की तलाशी ली तो उनके पास से तीन देशी कट्टा, तीन देशी पिस्तौल, पांच मैगजीन व 95 कारतूस बरामद किए। पुलिस ने दोनों आरोपियों व उनकी बाइक को जब्त कर लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ में पकडे गए दोनों आरोपियों ने अपने नाम गांव जंघावली थाना शेरगढ़ यूपी निवासी ईशा व जलिस बताए।

# बिना मास्क, वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट के नगर निगम में प्रवेश निषेध

**गुरुग्राम।** अगर आप नगर निगम गुरुग्राम के कार्यालय में जा रहे हैं, तो मास्क एवं वैक्सीनेशन प्रमाण-पत्र का ध्यान अवश्य रखें। अगर आप बिना मास्क और वैक्सीनेशन प्रमाण-पत्र के जाएंगे तो आपको कार्यालयों में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी।



गुरुग्राम निगम कार्यालय में प्रवेश द्वार पर निगम में आने वालों के वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट जांच करते सुरक्षाकर्मी।

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा द्वारा जारी निर्देशों की पालना में तैनात किए गए सुरक्षा कर्मी कार्यालय में आने वालों के वैक्सीनेशन प्रमाण-पत्र देखने और चेहरे पर मास्क लगा होने के बाद ही प्रवेश की अनुमति दे रहे हैं। केवल आगंतुक ही नहीं, बल्कि नगर निगम में काम करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए भी मास्क तथा वैक्सीनेशन प्रमाण-पत्र जरूरी किया गया है। गुरुवार को सुबह सुरक्षा कर्मियों ने कार्यालय में आने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के भी वैक्सीनेशन प्रमाण-पत्र की जांच की तथा अपने चेहरे पर हमेशा मास्क पहनने की अपील की। निगमायुक्त द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे कार्यालय में हमेशा मास्क पहनें तथा कोविड टीकाकरण की दोनों डोज का प्रमाण-पत्र अपने साथ अवश्य रखें।

# यूपी चुनाव को लेकर आईटी सेल की बैठक

## हरियाणा भाजपा आईटी सेल के संयोजक अरुण शर्मा ने ली बैठक

**नोयडा।** गौतम बुद्ध नगर जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा आईटी और सोशल मीडिया की बैठक आहुत की गई। बैठक में हरियाणा प्रदेश आईटी सेल के संयोजक अरुण यादव मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। उन्होंने पदाधिकारियों को यूपी चुनाव संबंधी सोशल मीडिया पर प्रचार के टिप्स दिए। क्षेत्रीय अध्यक्ष आईटी अंबर स्वामी भी मौजूद रहे। बैठक में जिले में क्षेत्र के सभी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिले के आईटी विभाग के संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज ने किया। सभा में मुख्य रूप से आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कुछ मुख्य बिंदुओं पर प्रदेश व क्षेत्र के पदाधिकारियों ने प्रकाश डाला।



मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि अरुण यादव के साथ जिला संयोजक आईटी चंद्रमणि भारद्वाज वह भाजपा के युवा नेता एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य मनजीत सिंह।

बैठक में उत्तर प्रदेश में योगी सरकार को लाने के लिए मुख्य अतिथि ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह मोदी व योगी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। सभा में जिले के आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज ने भी अपने सुझाव सभी पदाधिकारी वह कार्यकर्ताओं के सामने रखें, जिस पर सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखी। जिला संयोजक की सराहना की। बैठक में मुख्य रूप से जेवर विधानसभा से भाजपा के युवा नेता एवं जिला कार्यज़कारिणी सदस्य मनजीत सिंह, जिला संयोजक सोशल मीडिया डॉ. आदित्य कुमार, रबूपुरा के मंडल संयोजक ओम प्रकाश सैनी, जेवर मंडल के संयोजक प्रमोद चौधरी, प्रवीण सेन, रोहित ठाकुर समेत दादरी व जेवर विधानसभा क्षेत्र के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कर्मचारी यूनियन के प्रधान बने महाबीर बैनीवाल

**होडल।** हरियाणा की ईकाई नगर परिषद कर्मचारी यूनियन का चुनाव गुरुवार को सर्व सम्मति से जिला वशिष्ट उपप्रधान राजकुमार जांगडिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। चुनाव हरियाणा के राज्य उप महासचिव सुनील कुमार चिंडालिया व जिला फरीदाबाद के सचिव नानक चंद की देखरेख में कराया। चुनाव में महाबीर बैनीवाल को प्रधान, जयप्रकाश चिंगाडिया वरिष्ट उपप्रधान, सतपाल लाहौरी सचिव, शीला बैनीवॉल व ओमप्रकाश गंगाहेडी को उपप्रधान, सुनील बैनीवाल कोषाध्यक्ष, राजकुमार जंगाडिय सहसचिव, हरकिशन गंगाहेडी ऑडिटर, राजबती प्रचार सचिव, राजकुमार व शशी को सदस्य चुना। मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि जो जिम्मेदार उन्हें यूनियन ने सौंपी है वह उसे पूरी इमानदारी से निभाएंगे और कर्मचारियों की मांगों को समय-समय पर उठाएंगे।

# कैलाश मानसरोवर तक सड़क बनाने का निर्णय ऐतिहासिक : अमित गोयल

## भारत-तिब्बत सहयोग मंच की लगातार मांग पर सरकार ने दिया तोहफा

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक साल में सड़क बनाने की करी घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



अमित गोयल।

**मानसरोवर** तक सड़क मार्ग बनाने के केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की घोषणा का स्वागत करते हुए भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि यह करोड़ों भारतीयों की आस्था को और अधिक मजबूती देगा। देशवासी महादेव के दर्शनों को आसानी से जा सकेंगे।

अमित गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मंच ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर कई बार मांग की थी। भारत-तिब्बत सहयोग मंच की ओर मानसरोवर मुक्ति अभियान के संरक्षक इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल, राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल व अन्य सभी मंच के पदाधिकारियों की ओर से पिछले करीब 25 सालों से चलाई जा रही है। देश के लोगों को मंच से जोड़कर उन्होंने इन सब मांगों को मजबूती दी। उन्होंने कहा कि सरकार के कैलाश मानसरोवर तक सड़क मार्ग बनाने के निर्णय से वहां तक जाने के लिए चाइना से अनुमति, वीजा आदि के झंझट से छुटकारा मिलेगा। आसानी से मानसरोवर की यात्रा की जा सकेगी। अमित गोयल ने कहा कि बहुत बड़ा यह कदम उठाया गया है। अमित गोयल ने कहा कि हमें चाइना का कहीं ना कहीं वहां की निर्मित चीजों का बहिष्कार करना होगा। हमारी वजह से उसकी आर्थिक मजबूती है। हम आने वाले समय में पूरे गुरुग्राम, प्रांत में शिव कथा घर-घर में कराने का काम करने जा रहे हैं। छोटे स्तर से शुरू करके पूरे प्रदेश, देश में इसे ले जाएंगे।

## निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**गुरुग्राम।** एडवांस इलैक्ट्रोपैथी हॉस्पिटल और इलैक्ट्रोपैथी प्रैक्टिशनरस एसोसिएशन हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में इलैक्ट्रोपैथी जनक डॉक्टर काउंट सीजर मैटी की 213वीं जयंती पर आयुष्मान इलैक्ट्रोपैथी अस्पताल द्वारा बोहड़ाकलां में निशुल्क इलैक्ट्रोपैथी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस जांच शिविर का शुभारंभ मॉडल एवं कलाकार निशा सोनी ने किया। शिविर में लगभग 90 मरीजों ने जांच कराई। एसोसिएशन के हरियाणा अध्यक्ष डॉ. रमेश वर्मा ने यहां अतिथियों को इलैक्ट्रोपैथी पद्धति से अवगत कराया। निशा सोनी ने इस पद्धति को आमजन के लिए एक अच्छा विकल्प बताया और कहा कि इलैक्ट्रोपैथी दवाओं का प्रयोग कर हम अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। डॉ. गौतम तंवर निरंतर इस प्रकार के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन समय-समय पर करते रहते हैं।

# भूमाफिया से बुरारिक मंदिर भूमि बचाने के लिए लगाई गुहार



**सोहना।** सोहना के ऐतिहासिक गांव भौंड़सी की सीम में बने प्राचीन बाबा बुरारिक मंदिर वाली 21 कनाल सात मरला भूमि को माफियाओं से बचाने और सरकार के संज्ञान में मामला लाकर अदालत में भी इस मामले की ठोस तरीके से पैरवी करने के लिए पंचायत की तरफ से बनाई गई 31 सदस्यीय कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल बृहस्पतिवार को बादशाहपुर जोन के एसडीएम और नगर निगम में ज्वॉइंट कमिश्नर सतीश कुमार यादव से मिला।

प्रतिधिमंडल में शामिल जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी अनंतराम तंवर, समाजसेवी बलराज भड़ाना, मनोज तंवर रामगढ़, सरपंच सुरज्ञान सिंह, गांव भौंड़सी से पुष्पेन्द्र राघव एडवोकेट आदि ने बताया कि यह भूमि अब नगरनिगम के तहत आती है और गांव भौंड़सी की सीम में बने प्राचीन बाबा बुरारिक मंदिर वाली 21 कनाल सात मरला भूमि को माफियाओं से बचाने और नगरनिगम के ज्वांइट कमिश्नर के संज्ञान में मामला लाकर अदालत में भी इस मामले की ठोस तरीके से पैरवी करने के लिए आग्रह किया। बादशाहपुर जोन के एसडीएम, ज्वांइट कमिश्नर सतीश कुमार यादव ने मौके पर ही एडी को बुलाकर प्रतिनिधिमंडल से फाइल लेने और इस मामले में निगम की तरफ से ठोस तरीके से पैरवी किए जाने को कहा। बताया कि इस मामले में अब हरियाणा वित्तायुक्त के समक्ष दस जनवरी को सुनवाई होनी है।

# पीएम की सुरक्षा में चूक कांग्रेस की सोची समझी साजिश : सैनी



अरविंद सैनी।

**गुरुग्राम।** पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक को हरियाणा भारतीय जनता पार्टीने कांग्रेस की सोची-समझी साजिश करार दिया है। इस मुद्दे पर प्रदेश भाजपा के मीडिया सह-प्रमुख अरविंद सैनी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक पर सीधे-सीधे कांग्रेस पर हमला बोला है।

अरविंद सैनी ने कहा कि पंजाब राजीनतिक द्वेष में अंधी हुई कांग्रेस ने देश विरोधी ताकतों के साथ मिलकर फिरोजपुर में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन को खतरे में डालने का बड़ा षडयंत्र रचा है। देश का प्रधानमंत्री केवल एक पार्टी का प्रधानमंत्री न होकर पूरे देश का होता है। पीएम सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक मुख्यमंत्री चन्नी की घटिया राजनीतिक सोच को उजागर करती है। यह सोची समझी चूक है और देश विरोधी कार्य है। केंद्र सरकार को तत्काल कांग्रेस के मुख्यमंत्री व फिरोजपुर षडयंत्र में शामिल देश विरोधी ताकतों को कानूनी कटघरे में खड़ा करना चाहिए।

अरविंद सैनी ने कांग्रेसी नेताओं के बयानों को भी शर्मनाक बताते हुए कहा कि पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष और आईएसआई प्रमुख को गले लगाने वाले नवजोत सिंह सिद्धू का यह बयान शर्मनाक है कि प्रधानमंत्री ड्रामा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिद्धू से बड़ा नाटकबाज कोई नहीं। अरविंद ने कहा कि सुरक्षा में चूक के चलते ही देश ने पहले भी दो प्रधानमंत्रियों को खोया है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक को भी राजनीतिक रंग देकर मामले को हल्का बनाने की कोशिश में लगे हैं।

# लाखों की दवाइयां चढ़ीं आग की भेंट

## दवाईयों से भरी फैक्ट्री में लगी आग

कैलाश मंगला। होडल

**उमराला** रोड स्थित एक दवाईयों से भरी फैक्ट्री में गुरूवार सुबह बिजली की तारों में शॉट-सर्किट होने के कारण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल की गाडियां भी मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने लोगों की सहायता से लगभग दो घंटे में आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक फ्रैक्ट्री में रखी लाखों रुपये की कीटनाशक व अन्य दवाईयां आग की भेंट चढ गई। पीडित फैक्ट्री मालिक ने आग की सूचना होडल थाना पुलिस व प्रशासनिक अधिकरियों को दी है।

गुरूवार सुबह उमराला रोड स्थित दवाइयों की ओमेगा क्राप फैक्ट्री में बिजली की तारों में शॉट-सर्किट होने के कारण आग लग गई। आग लगने के कुछ देर में ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग पर काबू पाने के लिए आसपास फैक्ट्रियों में कार्यरत मजदूर घटनास्थल पर पहुंच गए। मजदूरों के काफी मसक्कत करने के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया गया तो आग की सूचना दमकल विभाग को दी गई। होडल दमकल विभाग की गाडी घटनास्थल पर पहुंच गई। जब दमकल की एक गाडी आग पर काबू नहीं पा सकी तो पलवल दमकल विभाग से दूसरी गाडी को मौके पर बुलाया गया। पलवल व होडल दमकल विभाग के कर्मियों ने लोगों की मदद से लगभग डेढ घंटे में आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक लोगों रुपये की दवाइयां आग की भेंट चढ गई। फैक्ट्री मालिक बिनोद कुमार ने बताया कि बिजली की तारों में शॉट-सर्किट के कारण ही उनकी दुकान में आग लगी है। उन्होंने बताया कि इस आग के कारण उनकी लाखों रुपये की दवाइयां जलकर राख हो गई है। आग की सूचना उन्होंने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दी है।



फैक्ट्री में आग के बाद जली दवाइयों का दृष्य।

## ड्यूटी पर लौटने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नोटिस

**सोहना।** महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग की तरफ से हड़ताल पर चल रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ड्यूटी पर लौट आने के लिए नोटिस दिए जा रहे हैं।

मालूम रहे कि खंड के आंगनबाड़ी सेंटरों पर तैनात 213 कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर पिछले करीब एक माह से हड़ताल पर हैं। कार्यकर्ताओं के हड़ताल पर रहने से सरकार द्वारा महिला एवं बच्चों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है। न ही सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों से मांगा जाने वाला डाटा मिल रहा है। हड़ताल पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के चले जाने से उनके कार्यों को स्थानीय खंड स्तरीय कार्यालय में तैनात चार सुपरवाइजर जैसे-तैसे कर रही हैं। महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग की सीडीपीओ मंजू का कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की कुछ मांगें सरकार ने मांग ली है।

# कोविड में कैसे मांगें हेल्प जब हेल्पलाइन ही मौजूद नहीं

## उपलब्ध नहीं है सातों दिन संचालित होने वाला 1950 कोविड हेल्पलाइन नम्बर



**कविता।** फरीदाबाद

**जिले** में बृहस्पतिवार को 297 मरीज सामने आए हैं। जिसमें एक्टिव केस 1100 हो गए हैं, लेकिन इनमें 1070 होम आईसोलेशन में हैं। शहरवासियों को कोरोना हेल्पलाइन के बारे में जानकारी लेने के लिए सातों दिन 24 घंटे संचालित नम्बर 1950 को जारी किया गया है, लेकिन यह नम्बर उपलब्ध ही नहीं है। जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी नम्बर भी पूरी तरह से चालू नहीं है। नम्बर कभी मिलता है, तो कभी नहीं, यदि मिल जाए, तो कोई उठाता नहीं। यह कहना है होम आईसोलेशन में रह रहे कोरोना के पॉजिटिव मरीजों का।

### महीनों से है बंद

**जिले** में जारी कोरोना हेल्पलाइन नम्बर 1950 के बारे में जोर-शोर से जिला प्रशासन द्वारा बताया जा रहा है। लेकिन यह नम्बर पिछले कई महीनों से बंद पड़ा है, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा इसे सक्रिय बताया जा रहा है। इस बारे में पायनियर ने जिला प्रशासन और जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बताया, लेकिन फिर भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी लेने के लिए नम्बर पर कॉल करने के लिए कहा जा रहा है।

### चुनाव आयोग का नम्बर

**कोरोना** में मदद के लिए 1950 नम्बर लगातार जारी था, लेकिन जनवरी 2021 से वोटर आईडी कार्ड के लिए इसे कोरोना से बदल कर चुनाव आयोग के तहत चालू कर दिया गया था। लेकिन कुछ महीनों बाद ही यह पूरी तरह से बंद हो गया। लेकिन इस नम्बर को जिला प्रशासन द्वारा प्रेसनोट में भेजा जा रहा है।

### यहां से पॉजिटिव

**297 पॉजिटिव** में लकडपुर, सेक्टर-49 से 1-1 मरीज है। संजय कॉलोनी से 8, चार्मवुड विलेज में 18, पर्वतीया कालोनी से 2, सारन से एक, एसजीएम नगर से 4, सेक्टर-21 से 17 मरीज शामिल हैं। सेक्टर-46 से 15, एनएच-तीन से 5, एनएच-5 से 14, सेक्टर-16 से 23, सेक्टर-17 से 22, सेक्टर-19 से 6, स्प्रींग फिल्ड कॉलोनी से 9, सेक्टर-30 से सात, सेक्टर-28 से 10, सेक्टर-31 से 5, सेक्टर-78 से 8 और सेक्टर-85 से एक मरीज शामिल है। सेक्टर-84 और खेड़ी कला से 4-4 मरीज है। सेक्टर-88 से 6 मरीज, सेक्टर-86 से सात मरीज, सेक्टर- 75 से तीन, सेक्टर-82 से तीन, सेक्टर-34 से तीन, सेक्टर-37 से पांच, सेक्टर-55 से तीन, ग्रीन फिल्ड कॉलोनी से 27, सेक्टर-87 से चार, तिलपत से 3 मरीज है। वहीं सेक्टर-77 से 7 और अमर नगर से चार और अन्य एरियों से 37 मरीज शामिल है।

### ये हैं आंकड़े

**कोरोना** के शुक्रवार को 297 मरीज सामने आए हैं। राहत की बात यह रही कि 23 मरीज ठीक हो गए हैं। एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 1100 पर पहुंच गया। वहीं 30 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। होम आईसोलेशन में 1070 लोग हैं। पिछले 24 घंटे में 8262 लोगों के टेस्ट किए गए। जिसमें 4275 लोगों की रिपोट आनी शेष है। जिले में दो केस वैंटीलेटर और एक केस आक्सीजन पर है।

## प्रगतिशील किसानों के लिए सम्मान योजना

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि किसानों की आय वर्ष 2022 तक दोगुनी करने की दिशा में प्रदेश सरकार पूर्णत: प्रयासरत है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सरकार द्वारा समय समय पर किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें अनुदान भी दिए जा रहे हैं। हरियाणा सरकार ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री प्रगतिशील किसान सम्मान योजना की शुरुआत की है।

कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ महावीर सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत चयनित किसानों को कृषि तथा सम्बन्धित क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए नगद पुरस्कार प्रदान करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# युवती की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका, गिरफ्तारी के लिए हंगामा

## मृतका के चाचा ने परिजनों को दी थी फोन पर खुद हत्या करने की सूचना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



रोते बिलखते मृतक युवती के परिजन। हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए हंगामा करते लोग। इंसेट में रिचा का फाइल फोटो।

**ओल्ड** फरीदाबाद इलाके से करीब एक सप्ताह पूर्व रहस्यमय हालत में लापता हुई पलवल निवासी एक युवती की किसी ने हत्या करने के बाद शव को झाड़ियों में फेंक दिया। मृतका के चाचा ने शव की सूचना परिजनों को फोन पर दी थी। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि युवती की हत्या सूचना देने वाले उसके चाचा ने ही की है। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव लेने से इनकार कर दिया। समाचार लिखे जाने तक परिजन बीके अस्पताल में हंगामा कर रहे थे।

पुलिस के मुताबिक पलवल की रहने वाली 24 वर्षीया युवती पिछले दिनों ओल्ड फरीदाबाद में रहने वाली मौसी के घर यहां से खरीदारी करने के लिए आई थी। मृतका की मौसी ने ओल्ड फरीदाबाद के बाजार से खरीदारी कराने के लिए 31 दिसंबर की शाम को उसे ओल्ड फरीदाबाद की पुरानी सब्जी मंडी से ऑटो में बैठाकर पलवल जाने के लिए भेज दिया था, लेकिन इसके बाद वह पलवल नहीं पहुंची। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की। युवती का पता न चलने पर परिजनों ने उसी दिन शाम को ओल्ड फरीदाबाद थाने में शिकायत कर दी थी।

पुलिस ने उसकी गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। परिजन और पुलिस युवती की तलाश में जुटे ही हुए थे कि बुधवार की शाम को युवती के चाचा सिंहराज ने परिजनों को फोन पर सूचना दी कि उसने युवती की हत्या कर दी है। हत्या के बाद उसने शव को सेक्टर 17 पुल के पास झाड़ियों में फेंक दिया है।

परिजनों की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची तो वहां युवती का शव पड़ा हुआ था। मौके पर अपराध शाखा एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। बृहस्पतिवार को बीके अस्पताल में युवती के शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंपा। लेकिन परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया। परिजनों का आरोप था कि युवती को हत्या सूचना देने वाले सिंहराज ने ही की। परिजन उसकी गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस ने सिंहराज से सम्पर्क करने का प्रयास किया। लेकिन उसका फोन बंद मिला।

इस दौरान मृतका के परिजन आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लगातार बीके अस्पताल की मोरचरी में हंगामा करते रहे। समाचार लिखे जाने तक परिजनों का विरोध जारी था। पुलिस प्रवक्ता सुबेसिंह का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अपराध शाखा डीएलएफ की टीम छापेमारी कर रही है। उसे जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एसबीआई कर्मी बन 187 लोगों से करोड़ों रुपये ठगे

## एसबीआई के टोल फ्री नंबर से ठगी करने वाले सात आरोपी गिरफ्तार



बैंक कर्मी बता कर ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार युवकों के साथ पुलिस अधिकारी।

**फरीदाबाद।** आजकल के आधुनिक दौर में बैंक पैसे को सुरक्षित रखने का बेहतर जरिया है। लेकिन कुछ आपराधिक प्रवृति के लोग ऐप के जरिये एसबीआई कस्टमर केयर के नंबर से फेक कॉल करके बैंक प्रतिनिधि बनकर उनके पुराने क्रेडिट कार्ड की लिमिट को नए कार्ड में ट्रांसफर करने का झांसा देकर धोखाधड़ी से पूरी रकम को अपने फर्जी खातों में ट्रांसफर कर लेते हैं। ऐसे ही ऐप के जरिए लोगों से ठगी करने वाले एक गिरोह के सात सदस्यों को साइबर अपराध थाना ने गिरफ्तार किया है। आरोपियान ने मनोज कुमार निवासी हीरापुर से इसी तरह का झांसा देकर 1,57,677 रुपये धोखाधडी से हडप लिये। जिसका मामला साइबर थाना में दर्ज किया गया था।

**ऐसे दिया वारदात को अंजाम :** पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने बताया कि आरोपी जस्ट डायल वेबसाइट से डाटा खरीदकर एसबीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड धारकों को एक कस्टमाइस ऐप के जरिये एसबीआई कस्टमर केयर के नंबर से बैंक प्रतिनिधि बनकर बात करते व कार्डधारक के पुराने कार्ड को नए कार्ड में बदलने के लिए कहते। जिसे कार्डधारक बैंक की तरफ से काल आना समझ कर हामी भर लेते। साइबर टीम ने तकनीक का प्रयोग करके कड़ी मेहनत से अपराधियो को उत्तमनगर दिल्ली, कायमगंज फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। जिसमें भिंड निवासी सोनवीर, इटावा निवासी अमन, विहार शरीफ निवासी शक्ति, मुरेना निवासी राहुल, मोहन गार्डन निवासी पंकज, उत्तम नगर निवासी अब्दुल्ला और फरूखाबाद निवासी सुभान शामिल है। पूछताछ में आरोपियों ने यहां चार वारदात करने की बात कबूल की है।

# 11618 किशोरों सहित 28889 लोगों का टीका

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने बृहस्पतिवार को गांव छांयसा, मोहना, मच्छर, पन्हेड़ा, चांदपुर, अरवां, दहकौला और चन्दावली सहित कई गांवों के स्कूलों में पहुंच कर किशोरों को वैक्शीनेशन लगवाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही किशोरों और शिक्षा विभाग के टीचर्स व स्वास्थ्य विभाग की पैरा मेडिकल स्टाफ उनकी हौसला अफजाई भी की।

बृहस्पतिवार को जिले में 15 से 18 वर्ष आयुवर्ग के 11618 किशोरों को वैक्सीन लगाई गई। जिले में अब तक 36361 किशोरों को वैक्शीनेशन किए गए हैं। स्कूलों में किशोरों को वैक्शीनेशन करने के लिए 60 टीमों की जिम्मेदारी इंसीडेंट कमाण्डर के दिशानिर्देशन जिला शिक्षा अधिकारी और जिला चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में वैक्शीनेशन करने के कार्य को मूर्त रूप दिया जा रहा है। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार यदि किसी ने मास्क लगाने, सोशल डिसटेंश निर्देशों की अनुपालना नहीं की तो उनके चालान करने और निर्धारित प्रोटोकॉल की अनुपालना न करवाने वाले संस्थानों के विरुद्ध भी जुर्माना लगाने की कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

सार्वजनिक स्थानों पर जांच के लिए विशेष कदम उठाये जा रहे हैं। शिक्षण संस्थानों और सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों के मुख्यद्वार पर जांच की व्यवस्था की जाएगी। नो मास्क-नो सर्विस के तहत की कार्रवाई जा रही है। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय गुप्ता ने बताया कि पहली वैक्शीनेशन लगवाने पर ईम्युनिटी पावर ओर भी बेहतर कारगर साबित हो रही है। जिला की जनता स्वैच्छा टीकाकरण करवाएं तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# सपना चौधरी के साथ इलोइलो ऐप के लाइव इवेंट को मिली रिकॉर्ड तोड़ प्रतिक्रिया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**क्रिएटर** लैड सोशल गेमिंग एवं लाईव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म इलोइलो ने नए साल के लिए बिग बॉस सेलेब्रिटी सपना चौधरी के साथ लाईव-इंटरैक्टिव इवेंट आयोजित किया, जिसे रिकॉर्ड तोड़ प्रतिक्रिया मिली और 20000 से अधिक यूजर्स ने लाईव इवेंट में ऑनलाईन हिस्सा लिया और इवेंट के दौरान 200,000 से अधिक कमेंट्स मिले और प्रशंसकों ने सपना को 15000 से अधिक वर्चुअल गिफ्ट्स भेजे।

सपना चौधरी, जिन्हें हरियाणा की देसी क्वीन के नाम से जाना जाता है, भारत में, खासतौर पर दिल्ली-एनसीआर में उनके प्रशंसक बड़ी संख्या में हैं। बिग बॉस 11 में हिस्सा लेने के बाद वे और भी लोकप्रिय हो गई हैं। सपना चौधरी ने इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल इलोइलोपेमिलो एंथम भी लॉन्च किया, जिसे रील्स में 1500 से अधिक क्रिएटर्स द्वारा अडॉप्ट किया गया। यह बेहद रोचक है, जल्द ही हम इलोइलो पर लाईव होस्ट के लिए ट्रेंड्स/ कैंपेन्स भी पेश करने जा रहे हैं।

लाईव शो के अनूठे फोर्मेट के साथ यूजर्स को रियल टाईम में कमेंट करने का मौका मिला, उन्होंने सपना को उनके पसंदीदा गानों पर परफोर्म करने के लिए रिक्वेस्ट की। इस लिस्ट में तेरी आंख्या का यो काजल सबसे उपर रहा। वहीं सपना के प्रशंसकों के बीच एक मजेदार प्रतिस्पर्धा भी हुई, जिन्होंने प्लेटफॉर्म पर सबसे महंगे तोहफों के लिए बोली लगाई (फरारी, ताज महल, हीरे)- जबकि भीड़ में गुलाब सबसे लोकप्रिय रहा। सपना चौधरी ने कहा, 'मुझे इस लाईव शो में खूब मजा आया, यह मेरे लिए एकदम नया अनुभव था, मुझे हर मिनट प्रशंसकों से कमेंट्स मिल रहे थे। महामारी के दौरान इस तरह के लाईव इवेंट, मेरे लिए प्रशंसकों से जुड़ने, गेम खेलने और परफोर्म करने का का अच्छा तरीका हैं।

सौरभ, संस्थापक एवं सीईओ, इलोइलो ने कहा, इलोइलो क्रिएटर्स को लाईव शो एंकर बनने का मौका देता है, जहां वे अपनी प्रतिभा दर्शा सकते हैं, और कोई भी लाईव गेम जैसे तम्बोला, तोल मोल के बोल, अंताक्षरी आदि में हिस्सा ले सकते हैं। क्रिएटर हो या सुपरस्टार परफॉर्मर, यह ऐप आपके अनुभव को नए स्तर तक ले जाता है। हमारा मानना है कि आने वाले समय में मनोरंजन लाइव और इंटरैक्टिव होगा। इस मनोरंजन के साथ गेमिंग, क्रिएटरों को भारत के दर्शकों के साथ जोड़ने का अच्छा तरीका है।

## महिला के नाम पर कार लोन लेकर धोखाधड़ी करने वाला एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 65 की टीम ने धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम चंदन है जो फरीदाबाद के डबुआ कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ अगस्त 2021 में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने एक महिला के पढ़े लिखे न होने का फायदा उठाकर उसके नाम पर तीन गाड़ियां लेकर उनपर लोन करवाया था जिसके बारे में उस महिला को कोई भी जानकारी नहीं थी।

पुलिस थाना डबुआ में दर्ज मुकदमे में क्राइम ब्रांच 65 की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को एक जनवरी को फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गाड़ियों पर लोन दिलवाने का काम करता है।

# महामारी अलर्ट : कोविड रोकथाम को उठाए सख्त कदम

## प्रदेश के फरीदाबाद सहित 11 जिले रेड जोन में शामिल : डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



अलर्ट के बाद भी बिना मास्क के घूमते लोग।

**जिलाधीश** जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला फरीदाबाद को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार प्रदेश में में कोरोना के बढ़ते केसों के चलते सरकार ने महामारी अलर्ट सुरक्षित हरियाणा के तहत मिनी लॉकडाउन की पाबंदिया जारी कर दी हैं।

जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला में कोविड के प्रकोप के चलते 03 से 12 जनवरी तक सभी राजकीय व प्राइवेट स्कूल, कोलेज, पॉलीटैक्निक, आईटीआई, कोचिंग इंस्टिट्यूट, लायब्रेरी तथा ट्रेनिंग इन्स्टिट्यूट और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। स्कूलों में 15 से 18 वर्ष आयु के किशोरों के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार वैक्शीनेशन कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा जिला में मॉल और मार्केट शाम छह बजे तक ही खुले रखे जा सकते हैं। बार और रेस्टोरेंट 50 प्रतिशत सीटिंग क्षमता के साथ ही संचालित होंगी।

जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने जिला में यह दिशानिर्देश हरियाणा राज्य आपदा प्रबंधन अथॉरिटी के चेयरमैन और हरियाणा के मुख्य सचिव ने जारी किए महामारी अलर्ट - सुरक्षित हरियाणा आदेशानुसार जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला में दाह संस्कार और विवाह समारोह में क्रमश: 50 और 100 लोगों से ज़्यादा भाग नहीं ले सकते हैं, उन्हें भी कोविड अनुकूल व्यवहार तथा सोशल डिस्टेंसिंग नियमों का पालन करना होगा। एनजीओ तथा शहरी स्थानीय निकायों को पब्लिक में मास्क वितरण की सलाह दी गई है। जिला में 'नो मास्क नो सर्विस' का दृढ़ता से पालन किया जाएगा। कोविड नियम का उल्लंघन करने वालों तथा मास्क नहीं पहनने और सोशल डिस्टन्सिंग आदि का पालन नहीं करने वालों पर 500 रुपये जुर्माना लगेगा।

## डालसा ने चलाया जागरुकता अभियान

**फरीदाबाद।** सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंगलेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ताओं ने कोविड-19 के संक्रमण की तीसरी लहर के बचाव के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया। सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे ने जिला अदालत परिसर सेक्टर-12 स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में यह जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना की सम्भावित आगामी तीसरी लहर पर फेस मास्क वितरण के दौरान कानूनी साक्षरता पुस्तकें भी वितरण की गई। जहां पर कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए विभिन्न क्षेत्रों में जागरुकता अभियान निरंतर जारी है और वहां लोगों को सार्वजनिक स्थलों में भी पैनल अधिवक्ताओं की टीम जागरूक कर रही है।

डालसा के पैनल अधिवक्ताओं द्वारा लोगों को बताया जा रहा है कि संक्रमण से बचाव के लिए सावधानी और कोविड-19 के प्रोटोकॉल के नियमों की पालना करना ही सुरक्षा है।

# ईएसआई में 96 और बीके में 13 पॉजिटिव

## ओमिक्रॉन का एक और पॉजिटिव से टोटल 30

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**जिले** में तेजी से कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बृहस्पतिवार को सामने आए 297 नए मामलों में इएसआई मेडिकल कॉलेज से 96 और बीके अस्पताल से करीब 13 स्वास्थ्य कर्मी और अन्य लोग शामिल हैं। हालांकि सभी को होम आईसोलेशन में रखा गया है।

वहीं बीके अस्पताल से सामने आए पॉजिटिव में से दो प्रयोगशाला कर्मचारियों ने आठ दिन बाद अपना सैम्पल दौबारा जांच को दिया है। जिसकी रिपोर्ट शुक्रवार को आएगी। वहीं जिले में ओमिक्रॉन का एक नया मामला सामने आने से ओमिक्रॉन पॉजिटिव का आंकड़ा 30 पर पहुंच गया है।

जानकारी के मुताबिक जिले में ओमिक्रॉन के आने के साथ ही अस्पतालों में तैनात कर्मचारी और डॉक्टर भी लगातार पॉजिटिव आ रहे हैं। जिले में बृहस्पतिवार को ईएसआई मेडिकल कॉलेज जोकि कोविड-19 अस्पताल के नाम से मशहूर है, उसमें 20 चिकित्सकों समेत कुल 96 स्वास्थ्य कर्मी और जिले के सबसे बड़े सिविल अस्पताल में करीब 13 स्वास्थ्य कर्मी पॉजिटिव पाए गए हैं। जिसमें दो चिकित्सक, दो प्रयोगशाला कर्मियों के अलावा स्टाफ नर्स और अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल है, लेकिन इनमें से कुछ ने जांच को दोबारा सैम्पल दिया हैं। ताकि रिपोर्ट आने पर वह दोबारा काम पर लौट सकें।

# संक्षिप्त समाचार

## दूसरे दिन भी चला छात्राओं के लिए वैक्सीनेशन अभियान



एनएच तीन स्थित सरकारी स्कूल में छात्रा को कोरोना वैक्सीन टीका लगाती स्वास्थ्य कर्मी।

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनएच तीन फरीदाबाद में जिला स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से दूसरे दिन प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में 15 से 18 वर्ष की सभी छात्राओं के लिए विशेष कोरोना वैक्सीन अभियान चलाया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने कहा कि हरियाणा सरकार का प्रयास है कि विद्यालयों में पढ़ रहे सभी बच्चे को वैक्सीन लगे और वे सभी सुरक्षित रहें, इसलिए कोरोना टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। जो छात्राएं पांच जनवरी को कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाने विद्यालय नहीं आ पाई थी उन सभी को टेलीफोन कर के पुन: आग्रह किया गया कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए टीकाकरण अवश्य कराएं। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने राष्ट्रहित में कार्यरत सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों का अभिनंदन एवं आभार प्रकट किया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर और फार्मेसिस्ट की टीम ने विद्यालय के अध्यापकों के सहयोग से अब तक विद्यालय की 15 वर्ष से 18 वर्ष के वर्ग की 516 बालिकाओं को कोरोना रोधी टीकाकरण की पहली डोज दी जा चुकी हैं। प्राचार्य ने अपने सभी अध्यापकों का, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर रिचा और उन की टीम एवम सभी टीका लगवा रही छात्राओं और उन के अभिभावकों का टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए बहुत बहुत आभार और अभिनंदन किया।

## सेक्टर 23 में लगा कोरोना टीकाकरण शिविर



सेक्टर 23 संजय कॉलोनी में आयोजित शिविर में कोरोना वैक्सीन का टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी

**फरीदाबाद।** कोरोना के दोबारा बढ़ते प्रकोप से आम जनमानस को बचाने के लिए सेक्टर-23 की संजय कॉलोनी-एफ ब्लॉक में कोरोना टीकाकरण शिविर लगाया गया। जिसमें 18 वर्ष और 45 वर्ष के ऊपर के लगभग 375 लोगों को पहली व दूसरी डोज लगाई गई। शिविर लगाने में जजपा इनसो चेयरमेन रवि शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सेक्टर-8 ईएसआई डिस्पेंसरी से स्वास्थयकर्मी सविता, सीमा शर्मा और पूनम की टीम ने पंजीकृत लोगों को टीका लगाया। रवि शर्मा ने कहा कि जिस तरह कोरोना दोबारा अपना भयावह रूप दिखा रहा है उसे देखते हुए सभी लोगों को जल्दी से जल्दी अपना टीका लगवा लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमें केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन को पूरी तरह ख्याल रखना है और भीड़ वाली जगह पर नहीं जाना है। मौके पर अमरजीत मोर्या, अनिल यादव, अजय बिष्ट, प्रदीप बिष्ट व संदीप मावई सहित कई लोग मौजूद थे।

## प्रदेश में तृणमूल कांग्रेस निकालेगी की जनयात्रा : डॉ. तंवर



टीएमसी की अध्यक्ष ममता बनर्जी के जन्म दिन के अवसर पर एनएच तीन में नेत्रहीनों को कंबल वितरित करते तृलमूल कांग्रेस के हरियाण प्रदेश के नेता अशोक तंवर।

**फरीदाबाद।** तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 67वें जन्मदिन के अवसर पर तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर ने फरीदाबाद के एनएच-5 स्थित नेत्रहीन विद्यालय में पहुंचकर नेत्रहीनों को कंबल और मिठाइयां वितरित की। उन्होंने नेत्रहीन बच्चों से बातचीत की और उनकी पढ़ाई-लिखाई की कला देख उन्हें प्रोत्साहित किया। मुख्य रूप से उनके साथ वरिष्ठ नेता पंडित राजेंद्र शर्मा, जोगिन्द्र जांगड़ा, मानसिंह, केसी शर्मा, महावीर तंवर, सहीराम रावत, सरदार निरंजन सिंह, कुसुम भारती, रियासत अली, बसंत करदम, सूरज नेहरा, राजीव त्यागी, अमर सौरोत, हिमांशु, सुनील एडवोकेट, हाजी सुलेमान आदि मौजूद थे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है, यह सरकार केवल लोगों को बेरोजगारी व महंगाई की सौगात दे रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस जनता के लिए एक नया विकल्प बनेगी और और प्रदेश में लोगों के हक-हकूक की आवाज को बुलंद करेगी। डा. तंवर ने कहा कि हरियाणा में जल्द ही टीएमसी का संगठन बनाया जाएगा और कर्मठ व मेहनती कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी 14 जनवरी से पूरे प्रदेश में यात्रा शुरू की जाएगी।

## सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करने वालों पर होगी कार्रवाई



एनआईटी नगर निगम के कन्वेशन हॉल में अधिकारियों को संबोधित करते निगमायुक्त यश पाल यादव।

**फरीदाबाद।** निगमायुक्त यशपाल यादव ने एनआईटी नगर निगम के कान्फ्रेंस हाल में शहर को पानी, सड़क और स्वच्छ वातावरण देने तथा अतिक्रमण मुक्त करने, विभिन्न अदालतों में लम्बन्ति केसों और कुछ अन्य मुद्दों पर विचार विर्मश करने के लिए निगम अधिकारियों की बैठक ली। निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सरकारी जमीनों और बाजारों को अतिक्रमण मुक्त करना हमारी पहली प्राथमिकता है ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में निगमायुक्त ने प्रत्येक वार्ड के सहायक अभियंता को कहा कि नगर निगम के अंदर किसी भी वार्ड में किसी भी तरह का अतिक्रमण हो रहा है उसको हटाने की शक्ति आपके पास है। अत: आप वार्ड में किसी प्रकार का अतिक्रमण व अवैध निर्माण न होने दें और हरियाणा म्यूनिसिपल कारपोरशन एक्ट के तहत ऐसे निर्माणों को तोड़ें। निगमायुक्त ने बैठक में निगम अधिकारियों को यह भी सख्त निर्देश दिए कि जिन दुकानदारों ने बाहर सामान लगाया हुआ है और होटल वालों ने भट्टिया और तंदूर लगा रखे हैं या कोई आग जलाते हुए हाथ सेंकता या कूड़ा प्लास्टिक जलाते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करके तुरंत चालान करो और उसका सामान जब्त करो और प्रतिदिन हर वार्ड से चार-पांच चालान जरूर होने चाहिए।

## साध्वी ने अमृत महोत्सव में भक्तजनों को किया संबोधित

**फरीदाबाद।** धर्म के दो रूप हैं- निश्चय और व्यवहार। दूसरे शब्दों में आचरण और उपासना। आचरण का सम्बन्ध आत्मा की पवित्रता के साथ है। उपासना की पृष्ठभूमि में काम करने वाले तत्व हैं- व्यक्ति की अपनी रूचि, सुविधा और पारंपरिक संस्कार। आचरण की उदारता त्रैकालिक सच्चाई है। उपासना एक सापेक्ष तत्व है, जिसमें देश-काल के अनुसार परिवर्तन होता रहता है। आचरण जीवन से जुड़ा हुआ है इसलिए वह गांव, शहर व अरण्य आदि की सीमा में आबद्ध नहीं है। उपासना के लिए उपयुक्त स्थान व समय आदि की अपेक्षा रहती है। यह बात तेरापंथ धर्म संघ की अष्टम साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा ने तेरापंथ भवन में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा आयोजित अमृत महोत्सव में भक्तजनों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति मंदिर में जाकर पूजा-पाठ करता है, दूसरा मस्जिद में नमाज पढ़ता है। कोई सगुण भगवान की पूजा करता है, कोई निर्गुण ईश्वर में विश्वास में रहता है। कोई गुरुद्वारा में जाकर ग्रन्थ साहब का पाठ करता है, कोई शिवलिंग की पूजा करता है।

## महत्वपूर्ण मुद्दा

### न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति आयु

**माना** जाता है कि जज जितने वृद्ध होंगे न्याय के लिए उतना ही अच्छा। ऐसे में सवाल उठता है कि सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय के जजों की उचित सेवानिवृत्ति आयु क्या है? अटार्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल का भी यही विचार है। 90 वर्ष की आयु में वे निश्चित रूप से अपने कथन की व्यावहारिकता समझते होंगे। यह मुद्दा जब तब सामने आता रहता है कि सेवानिवृत्त जज अभी आयु के साठवें दशकारंभ में हैं और जीवन भर मेहनत से कमाई प्रतिभा गंवा रहे हैं। भारत में सर्वोच्च न्यायालय जजों की सेवानिवृत्ति आयु 65 तथा उच्च न्यायालय जजों की 62 साल है। वेणुगोपाल का तर्क है कि यदि वकील आयु के 70वें दशक में मुकदमे लड़ सकते हैं तो सर्वोच्च न्यायालय के जज 70 साल में रिटायर क्यों नहीं हो सकते हैं। स्वर्गीय राम जेठामलानी अपने जीवन के 80वें दशकांत तक अदालत में हाजिर होते थे। जस्टिस वी.आर.कृष्ण अय्यर ने अपने जीवन के 90वें दशक में भी न्यायिक सुधार पर अनेक लेख लिखे थे। भारत के प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमण भी सोचते हैं कि किसी व्यक्ति की आयु यह तय करने का उपयुक्त पैमाना नहीं है कि जज को कब रिटायर होना चाहिए। जस्टिस रमण और वेणुगोपाल का मानना है कि विधि स्नातकों को अच्छे वकील बनने में दशकों लगते हैं और इसके बाद जब वे सर्वोच्च न्यायालय न्यायाधीशों के रूप में अपने खोजी विचारों का प्रयोग व्यवहार में लाने लगते हैं, उनकी सेवानिवृत्ति आयु आ जाती है। पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई भी जजों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने के पक्ष में हैं ताकि जजों का 'व्यापक अनुभव,



गहन अंतर्दृष्टि तथा अनुभव का प्रयोग लंबे समय तक किया जा सके।' लेकिन इसके विपरीत तर्क भी समान रूप से प्रभावी लगते हैं। जस्टिस रवीन्द्र भटको लगता है कि जजों पर काम का बहुत भारी बोझ होता है और उनको आराम की जरूरत है। वे चाहते हैं कि वरिष्ठ लोग कनिष्ठों के लिए स्थान खाली करें जो अपने साथ 'खोज की नवीनता तथा समकालीन घटनाओं पर सूचनाओं का भंडार लाते हैं।' सेवानिवृत्त सर्वोच्च न्यायालय जज जस्टिस के.टी. थामस ने एक बार स्वीकार किया था कि बहुत कम जज ही 'समान गति से सर्वोच्च न्यायालय का बहुत भारी और ऊर्जा की मांग करने वाला काम लगातार संभाल पाते हैं।' इस प्रकार सेवानिवृत्ति आयु पर सवाल का कोई सरल समाधान नहीं है। दोनों पक्षों के तर्क महत्वपूर्ण हैं। इनमें से कुछ आयु व दक्षता तथा कुछ परिपक्वता व प्रतिभा के पक्ष में हैं। कुछ चाहते हैं कि वरिष्ठ बने रहें, जबकि कुछ चाहते हैं कि वे आगे बढ़ें तथा नौजवानों को मौका दें। ऐसे में यथार्थ जजों की शारीरिक व मानसिक क्षमता के बीच संतुलन की मांग करता है। वरिष्ठता के कारण प्राप्त अनुभव के साथ जज की क्षमता व दिलचस्पी एक निश्चित आयु तक स्वयं को सक्रिय बनाए रखने की होनी चाहिए। यदि सर्वोच्च न्यायालय के जजों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ा कर 70 कर दी जाए, पर उनके पास 65 वर्ष की आयु के बाद रिटायर होने का विकल्प भी हो तो कैसा रहेगा? इस प्रकार सेवानिवृत्ति आयु उन जजों के लिए निराशा का कारण नहीं बनेगी जो एक निश्चित आयु के बाद भी काम करना चाहते हैं। चूंकि पद पर बने रहना पसंद का विषय होगा, इसके साथ जिम्मेदारी की भावना भी जुड़ेगी। भारत में कोई भी जज आजीवन जज बने रहने के पक्ष में नहीं है, जैसा कि अमेरिका में है। प्रख्यात अमेरिकन न्यायविद रिचर्ड रोसनर ने एक बार कहा था कि संघीय न्यायपालिका 'देश का प्रमुख वृद्धावस्था पेशा है।' इस प्रकार उन्होंने अमेरिकन जजों के अति-वृद्ध होने को लेकर बढ़ती आलोचना को स्वर दिए थे तथा वरिष्ठता की भी सीमा निर्धारित करने की पैरवी की थी।

# पाक में सेना का परोक्ष शासन

पाकिस्तानी सेना ने बिना 'आधिकारिक' जवाबदेही के शासन करने की कला में महारत हासिल कर ली है और वह किसी जवाबदेही से लगातार इनकार करती है।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)

सत्रह अगस्त, 1988 को पाकिस्तानी जनरल जियाउल हक के अंधकारमय व जहरीले कार्यकाल का अंत हुआ। इसका कारण 'आमों में रहस्यमय विस्फोट' था जो एक बिना सुलझी गुत्थी के रूप में हमारे सामने बना हुआ है। इसके पीछे अनेक प्रकार के षडयंत्रों की कल्पना की जाती है। जिया का शासनकाल समाप्त होने तक पाकिस्तान का लड़खड़ाता लोकतंत्र अपने जीवन के 41 सालों में 23 साल पाकिस्तानी जनरलों की हुकूमत में बिता चुका था। यह लगभग उसके कुल समय का 60 प्रतिशत था। इसके बाद के 34 सालों में केवल जनरल परवेज मुशर्रफ के शासनकाल में जनरलों ने 'आधिकारिक' रूप से सत्ता पर कब्जा किया। वे 1999-2008 तक अपने शासनकाल के कुल 25 प्रतिशत समय में पहले सीईओ और बाद में राष्ट्रपति रहे। वर्तमान स्थिति में सवाल है कि क्या पाकिस्तान में पाकिस्तानी सेना की शक्ति घटी है तथा सच्चे लोकतंत्र की शक्ति बढ़ी है? इसका संक्षिप्त जवाब है, बिल्कुल नहीं। वास्तव में स्थिति यह है कि पाकिस्तानी सेना ने बिना 'आधिकारिक' जवाबदेही के शासन करने की कला में महारत हासिल कर ली है और वह किसी जवाबदेही से लगातार इनकार करती है। इसके कारण पाकिस्तानी सेना अपनी सारी विकृतियों से समाज तथा संप्रभु को प्रभावित करती है। पाकिस्तानी जनरल रावलपिंडी के शानदार कैंट शहर के जनरल हेडक्वार्टर्स-जीएचक्यू से बिना किसी प्रतिबद्धता के शासन करते हैं। उनकी पसंद किसी राष्ट्रीय, क्षेत्रीय या नस्ली पार्टियों के प्रति नहीं है और वे लोकतंत्र का मुखौटा बनाए रखने के लिए एक के खिलाफदूसरे को खड़ा करते रहते हैं। इनमें से प्रत्येक पार्टी 'आधिकारिक' रूप से सत्ता में बने रहने के लिए सैनिक 'संस्थान' के इशारे पर निर्भर होती है।



जनरल मुशर्रफ के कार्यकाल तक संस्थागत संरक्षणवाद का एक शानदार उदाहरण देशद्रोह व संविधान में तोड़फोड़ करने के मामलों में परिवर्तनकारी हस्तक्षेप है। वे पहले पाकिस्तानी जनरल बने जिनको मृत्यु दंड की सजा मिली। लेकिन वापस लौटने का अपना वादा तोड़ कर वे दुबई व लंदन में आरामदेह स्व-निर्वासित जीवन व्यतीत कर रहे हैं। पूर्व तानाशाह ने खुलेआम स्वीकार किया था कि 'मुझे अपने संस्थान पर बहुत गर्व है। उन्होंने मेरी सहायता तथा अपने पूर्व-प्रमुख की गरिमा व सम्मान की रक्षा के लिए बहुत कुछ किया है।'

सार्वजनिक रूप से लोकतंत्र और वैधता की कसमें खाने वाले प्रधानमंत्री इमरान खान भी इस मामले में आश्चर्यजनक रूप से नरम दृष्टिकोण अपनाते हैं। उन्होंने न केवल जनरल मुशर्रफको माफकर दिया है, बल्कि उनके प्रति रक्षात्मक दृष्टिकोण भी अपनाते हैं। स्पष्ट रूप से इमरान के कदमों, बयानों और दृष्टिकोण पर भी रावलपिंडी जीएचक्यू की छाया हावी है। जनरलों के समर्थन से ही उनकी अस्थिर सरकार चल रही है। इमरान के भीतर बैठा लगातार बेचैन रहने वाला राजनेता अपना गुस्सा और खीझ अपने सिविलियन प्रतिद्वंद्वी शरीफव भुट्टो परिवारों पर निकालता रहता है। संप्रभु प्रकृति के सभी मामलों, निर्णयों व बैठकों में जीएचक्यू सुनिश्चित करता है कि उसके पसंदीदा 'लोगों' का समुचित प्रतिनिधित्व हो और वे सर्वोच्च स्तर पर फैसले लेने में शामिल हों। पाकिस्तानी जासूसी सेवा इंटर सर्विसेज़ इंटेलीजेंस-आईएसआई के महानिदेशक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर संवेदनशील नियुक्तियां इस दिशा में एक कदम हैं। 'प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख के बीच जारी विचार-विमर्श की प्रक्रिया' जैसी बड़बोली शब्दावली से पाकिस्तानी सेना की असंदिग्ध शक्ति प्रकट होती है जिस पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता है। वह सिविलियन राजनेताओं के बीच टकराव की स्थिति में निर्णय करती है। इमरान को अपमानजनक रूप से पाकिस्तानी सेना की पसंद ले.जन. नदीम अंजुम को डीजी आईएसआई के पद पर नियुक्त करना पड़ा। इस पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने दबी जुबान से स्पष्टीकरण दिया था कि 'सिविल और सैनिक नेतृत्व के बीच नियुक्ति का मुद्दा सद्भावनापूर्ण रूप से हल कर लिया गया है।' पाकिस्तानी सेना बिना किसी हिचक के अतिवादी तहरीके लब्बैक-टीएलपी जैसे असाधारण औजारों का प्रयोग रणनीतिक रूप से सरकार पर दबाव बढ़ाने या उसे घटाने के लिए कर 'समझौते' निर्धारित करता है। यही बात सीमापार काम करने वाले 'संसाधनों' पर लागू होती है जो सिविलियन राजनेताओं के किसी नियंत्रण के बिना स्वतंत्र रूप से काम करते हैं। सिविलियन अवस्थापनायें अपने आहत सम्मान के साथ आती-जाती रहती हैं, पर पाकिस्तानी सेना अपने विशेषाधिकार बनाए रखती है तथा जनता की नजर में वह एकमात्र 'देशभक्त' संगठन की अपनी छवि की रक्षा करती है।

पाकिस्तानी जनरलों की स्पष्ट छाप विदेश नीति निर्धारित करने की संविधानेत्तर प्रक्रिया है जो किसी से छिपी नहीं है। जब विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी जैसे नेता विफल हो जाते हैं तब जनरल बाजवा को सुलह-समझौते के लिए रियाद जाना पड़ता है। इसी तरह की घटना उस समय होती है जब पूर्व डीजी आईएसआई जनरल फैज हमीद तालिबान कैबिनेट में पसंदीदा लोगों को स्थान दिलाने के लिए काबुल जाते हैं। यहां तक कि आमतौर से दूसरे देशों में आधिकारिक नियुक्तियों पर चुप्पी बनाए रखने वाले चीन ने भी अपने यहां अक्सर आने वाले जनरल बाजवा का कार्यकाल बढ़ाने की तारीफ करते हुए उनको चीन का 'पुराना दोस्त' बताया। बाजवा को एक यात्रा के दौरात चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात का विरला विशेषाधिकार भी मिला। सुरक्षा मामलों में गतिशीलता तथा ऐतिहासिक संबंधों को देखते हुए सार्थक अमेरिका-पाकिस्तान विमर्श में भी पाकिस्तानी जनरलों की महत्वपूर्ण उपस्थिति व हस्तक्षेप बना रहता है। हालांकि, नवाज शरीफ ने राजनीति में जनरलों के लगातार हस्तक्षेप को 'ख़लाई मख़्लूक', यानी परग्रही कहा था, पर उनके समय में अस्थाई रूप से पंसद से बाहर होने के बावजूद सेना के जनरल सिविलियन सरकार की अनेक मामलों में सीमा रेखायें तय करते रहते हैं।


इस व्यवस्था से सेना को वार्षिक बजट में सबसे ज्यादा हिस्सा मिलना सुनिश्चित होता है। भले ही सेवानिवृत्त सैनिकों की पेंशन का भुगतान सिविलियन सरकार के वर्तमान खर्च में शामिल होता है, पर बड़ी फौजी खरीद की फंडिंग अलग से की जाती है। इसके साथ ही नाभिकीय कार्यक्रम पर खर्च भी अलग रखा जाता है। इस प्रकार ऐसी सारी 'व्यवस्थाओं' के बावजूद जनरल गिरती अर्थव्यवस्था, ढांचागत बदहाली, सामाजिक समस्याओं तथा सम्मान संबंधी मुद्दों पर जनरल क्यों सिविलियन सरकार पर दोषारोपण करते हैं, जबकि वे स्वयं सारे आरोपों से अलग रहते हैं? भारत, 'पश्चिम' तथा अब अफ़गानिस्तान में 'अतिवाद' लगातार पाकिस्तानी सेना की संस्थागत प्रासांगिकता बनाए रखते हैं। इसके साथ ही अनजान जनता लगातार जनरलों को छूट देती रहती है। सच्चाई यह है कि पाकिस्तान अशांति, विफलता और आपदाओं का फलता-फूलता संग्रहालय बन गया है। यह स्थिति जनरलों को अच्छी लगती है क्योंकि इससे वे अपनी संस्थागत दृढ़ता व सेवा प्रकट करते हैं तथा स्वयं को संप्रभुता, गरिमा व विडंबनात्मक रूप से लोकतंत्र के एकमात्र संरक्षक के रूप में पेश करते हैं।

# भोजेश्वर मंदिर : वास्तुकला का अदभुत स्वरूप



**पार्थसारथी सेन शर्मा**
(लेखक आईएएस अधिकारी हैं)

भोपाल की किसी भी यात्रा पर, कोई भी दो चक्कर लगा सकता है और दो प्रसिद्ध विश्व धरोहर स्थलों की यात्रा कर सकता है। भीमभेटका, गुफाओं में बनाई गई प्राचीन रॉक कट कलाओं का स्थल, उनमें से कुछ पचास हजार साल पुरानी हैं। या सांची, अशोक काल के सबसे प्रभावशाली बौद्ध स्तूप को देखने के लिए। लेकिन मैंने भोजेश्वर मंदिर के बारे में कभी नहीं सुना था कि कोई भोपाल से एक दिन की यात्रा पर जा सकता है। यह एक अनसुना रत्न है, जो यात्रा को और अधिक रोचक बनाता है। भोजेश्वर का विशाल चट्टान मंदिर, जो कभी पूरा नहीं हुआ था, लेकिन फिर भी इसे पूजा स्थल के रूप में उपयोग किया जा रहा है, एक उभरी हुई पहाड़ी जैसी संरचना पर स्थित है। मंदिर पहाड़ी के नीचे बहने वाली नदी के एक संकीर्ण, नीले रिबन को देखता है। मुझे बताया गया था कि यह वही बेतवा नदी थी जिसे मैंने उत्तर प्रदेश में झांसी के पास, इसकी प्राचीन भव्यता में कई बार देखा था। मैंने इसकी उम्मीद नहीं की थी और मैंने फिर से नदी की ओर देखा, यहाँ बहुत अलग है। यह ऐसा था जैसे अचानक कोई अजनबी केवल यह महसूस करने के लिए आता है कि वह वास्तव में एक लंबे अतीत का मित्र है।
ऐसा माना जाता है कि 11वीं-12वीं शताब्दी में मालवा की इन भूमि पर शासन करने वाले महान राजा भोज ने मंदिर का निर्माण शुरू किया था, इसलिए इसका नाम पड़ा। उनकी मूल राजधानी धार का नजदीकी शहर था, लेकिन शायद वह इस भूमि पर बेतवा नदी के तट पर एक नई राजधानी भोजपुर बनाने की योजना बना रहे थे। शायद इसीलिए नदी पर एक विशाल बांध बनाया गया था, जिसके अवशेष आज भी देखे जा सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि बांध के परिणामस्वरूप विशाल जलाशय का निर्माण हुआ जो क्षितिज तक सभी तरह से फैल गया। भोजपुर की साइट की सबसे दिलचस्प विशेषताओं में से एक है, पास की इमारतों की शानदार और बड़े करीने से खुदी हुई योजनाएँ, कुछ निर्मित लेकिन अधिकांश कभी लागू नहीं की गईं, जिन्हें अभी भी मंदिर के चारों ओर चट्टान के फर्श पर पाया जा सकता है। यह ऐसा है जैसे नगर योजनाकार और वास्तुकार चट्टान की सतहों को एक ड्राइंग बोर्ड के रूप में उपयोग कर रहे थे और फिर योजनाओं के अनुसार भवन बना लेते थे। वे, लगभग एक हजार साल पुरानी इमारत योजनाएं अभी भी मौजूद हैं, सूरज, बारिश और तूफान के वर्षों के बावजूद, किसी को भी देखने और आश्चर्य करने के लिए, विज्ञान, इंजीनियरिंग और वास्तुकला की ऊंचाइयों का एक स्पष्ट और दृश्यमान प्रमाण जो मध्य भारत में हमारे पूर्वजों के पास था। उस जमाने में पहुंच गया।
लेकिन अगर किसी और सबूत की जरूरत है, तो उसे



केवल भोजेश्वर के अधूरे मंदिर के बावजूद, विशाल और भव्य को देखना होगा। एक के लिए, यह बहुत बड़ा है और विशाल आयामों के संदर्भ में, मुझे याद नहीं है कि मैंने पूरे उत्तर भारत में ऐसा कुछ देखा हो। समृद्ध नक्काशीदार प्रवेश द्वार के आयाम, जटिल नक्काशीदार गार्गॉयल्स, बगल की दीवारों पर झूठे मंडप, सबसे बड़े शिवलिंग के साथ गुफाओं के अंदरूनी भाग, जो चौड़े रास्तों से घिरे हुए हैं, आंतरिक दीवारों पर विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां, ये सभी भरते हैं। विस्मय के साथ एक जिज्ञासु आगंतुक। विशाल आकार, सुंदरता, वास्तुकला, इतिहास और इसके साथ जुड़े मिथक और इसके चारों ओर निरंतर रहने की परंपरा, ये सभी एक के होश उड़ा देते हैं और कोई भी बस खड़े रह सकता है और पल को अवशोषित कर सकता है।
भोजेश्वर मंदिर की सबसे दिलचस्प विशेषताओं में से एक यह है कि यह कभी पूरा नहीं हुआ था और इसलिए आज मंदिर में %शिखर% नहीं है और इसकी छत में एक ओकुलस की तरह एक छेद है, जिसके माध्यम से सूरज की रोशनी छनती है और किरणें सूर्य शिवलिंग पर पड़ता है और आंतरिक भाग को रोशन करता है। कुछ साल पहले, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने इस छेद को कवर करने के लिए एक पारदर्शी फाइबर टॉप रखा था ताकि बारिश के पानी को अंदर लीक होने और संरचना को नुकसान पहुंचाने से रोका जा सके। जिस दिन मैं गया, उस दिन एक पुजारी शिव की पूजा कर रहा था और बड़ी संख्या में भक्त, ज्यादातर आस-पास के क्षेत्रों से, अपनी पूजा करने आए थे। और फिर भी इस जीवित मंदिर में भक्तों की सभी हलचल के बीच, यदि कोई ध्यान से देखता है, तो कोई निर्माण परियोजना को बीच में ही छोड़ दिया गया है। स्पष्ट रूप से अधूरी छत के अलावा, कोई बाहर की तरफ पत्थर का रैंप देख सकता है जिसका उपयोग निर्माण सामग्री को छत तक ले जाने के लिए किया गया होगा और मंदिर के पूरा होने के बाद इसे ध्वस्त कर दिया गया होगा। कोई भी विभिन्न प्राचीन पत्थर के टुकड़े देख सकता है जो निर्माण के बाद के चरणों में उपयोग किए गए होंगे। दिलचस्प बात यह है कि कुछ पत्थरों पर निशान दिखाई देते हैं, संभवतया उन कारीगरों के हस्ताक्षर चिह्न हैं जिन्होंने इस टुकड़े को तराशा होगा। शायद यही उनके पारिश्रमिक का हिसाब देने का तरीका था।
तथ्य यह है कि मध्ययुगीन भोजेश्वर मंदिर अधूरा छोड़ दिया गया था, अन्यथा एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना, आज हमें उन तरीकों, चरणों और प्रयासों की एक दुर्लभ झलक प्रदान करती है जो उन दिनों इतने बड़े मंदिर निर्माण परियोजना में गए थे।
जैसे ही कोई अंधेरे गर्भगृह से और दिन के उजाले में आता है और मंदिर के सामने खड़ा होता है और क्षितिज से परे देखता है, जहां हरे भरे जंगल नीले आसमान में विलीन हो जाते हैं, और अपने चारों ओर भक्तों के कदमों को महसूस करते हैं, जिनके पूर्वज एक ही स्थान पर पूजा करते थे और एक ही कदम पर चलते थे, सैकड़ों वर्षों और पीढ़ियों तक, किसी को आश्चर्य होता है कि राजा भोज ने अपनी पोषित परियोजना को छोड़ने के लिए क्या किया होगा। वह कोई साधारण राजा नहीं था। उनकी वीरता, उनकी शिक्षा, उनके लेखन और उनकी बुद्धिमत्ता के साथ-साथ उनसे जुड़ी किंवदंतियाँ आज भी जीवित हैं और यहाँ तक कि भोपाल के आधुनिक हवाई अड्डे का नाम भी उन्हीं के नाम पर रखा गया है। जहाँ तक मेरी जानकारी है, राजा भोज का शासन लंबा और समृद्ध था। उनका राज्य अंत तक शांतिपूर्ण और समृद्ध था। लेकिन फिर क्या कारण था कि वह इतने शक्तिशाली राजा को अपनी सबसे प्रिय परियोजना को त्यागने के लिए मजबूर कर देता। शायद यह कोई प्राकृतिक घटना थी या कुछ अपशकुन, शायद एक राजकोषीय मजबूरी या पश्चिम से हमले का खतरा, या सिर्फ उत्तराधिकारी उसकी मृत्यु के बाद उसकी परियोजना को आगे बढ़ाने के इच्छुक नहीं थे। कोई केवल अनुमान लगा सकता है।
जब मैं उस दोपहर सहस्राब्दी पुराने भोजेश्वर मंदिर के चारों ओर बिखरे चट्टानों पर चुपचाप बैठा, राजा भोज और उनके डोमेन के उन लंबे समय से भूले हुए वर्षों के बारे में सोच रहा था, अचानक मुझे लगा कि वर्तमान अतीत के साथ विलीन हो गया है, जैसा कि मेरे साथ अक्सर होता है, और परित्यक्त मंदिर और मेरे चारों ओर फैले भोजपुर की जगह, मुझे उस निरंतर, अपरिहार्य, अथक और अपरिहार्य समय की याद दिलाती है जिसमें हम सभी, शक्तिशाली राजा और आम भक्त, सभी समान हैं, धूल के छोटे-छोटे कण हैं।

## आप की बात

### सख्ती दिखाना जरूरी

**किसे** पता था कि इतना अधिक देखभाल के बाद भी हमें कोरोना की इस लहर का सामना करना पड़ सकता है तथा राज्य सरकारों को सार्वजनिक गतिविधियों और लोगों के आवागमन को सीमित करने पर मजबूर होना पड़ेगा जैसे दिल्ली जो देश की राजधानी है वहां कोरोना के काफी केस बढ़ने से वहां सप्ताहांत का कर्फ्यू भी लगा दिया गया है इसी तरह से अन्य जगहों पर भी हर तरह की गतिविधियां जहां भीड़ बढ़ती है वहां भी सख्ती की जा रही है। अत: हम इसे उचित समझते हैं क्योंकि यह हमारी लापरवाही का ही नतीजा है कि आज फिर से हमें तीसरी लहर का सामना करने की नौबत आ रही है ईश्वर करें यह कोरोना इस बार इतना अधिक ना बड़े कि फिर से देश को लॉकडाउन की तरफ जाना पड़े उससे देश को फिर काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है, उत्पादन भी प्रभावित होता है हम तो आश्चर्य करते हैं कि दूसरी लहर के बाद पूरे देश में जिस तरह के कदम हालत सुधारने के लिए उठाए गये थे उन सब का क्या हुआ क्या वे आज दिखाई दे रहे हैं हमें तो नहीं लगता। अस्पतालों की संख्या बढ़ाना, बेड बढ़ाना, इंजेक्शन बढ़ाना, गैस सिलेंडर बढ़ाना। वह सब क्या आज दिखाई दे रहा है? तीसरी लहर को रोकने के उपाय की समीक्षा की जाना चाहिए।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### सुरक्षा में चूक

**जिस** देश के दो प्रधानमंत्री लचर आंतरिक सुरक्षा की भेंट चढ़ गए वहां आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिये अबतक कोई प्रभावी व्यवस्था देश में नही हुई। ताजा उदाहरण पंजाब में बुद्धवार को फिरोजपुर रैली में प्रधानमंत्री को खराब मौसम होने से भटिंडा से सड़क मार्ग से उनका काफिला रैली में जाने के लिये रवाना हुआ। जिसे पाकिस्तान सीमा से 30 किमी दूर धरने पर बैठे किसानों ने रोक लिया। करीब बीस मिनट तक पीएम का काफिला फ्लाई ओवर पर फंसा रहा। प्रदर्शनकारियों को प्रधानमंत्री के सड़क मार्ग से गुजरने की जानकारी कैसे हुई? प्रधानमंत्री की सीमावर्ती इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने की जगह प्रशासनतन्त्र की घनघोर लापरवाही को दर्शा रही हैं। वापस दिल्ली लौटते हुये प्रधानमंत्री ने पंजाब के अधिकारियों से मुख्यमंत्री को संदेश जिंदा लौट आने के लिये धन्यवाद ज्ञापित करने को कहा। प्रधानमंत्री की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। साथ उनके साथ राज्य के मुख्यसचिव और पुलिस महानिदेशक को साथ होना चाहिये था। लेकिन वे नही थे। इन दोनों जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ केंद्र को सबसे पहले सख्त कार्यवाही करनी चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### अनुकरणीय उदाहरण

**ऑस्ट्रेलिया** के प्रधान मंत्री स्कॉट मोर्रिसन को साधुवाद। जिन्होंने देश के नियम के आगे दुनिया का महानतम टेनिस खिलाड़ी, सर्विया के,नोवाक जोकोविच को, अपने देश में आने के बाद, उनका वीसा को रद्द कर दिया। ऑस्ट्रेलिया उन देशो में से है, जहाँ यह नियम सख्त है की बिना टीका लिए आप सार्वजनिक स्थलों पर नहीं जा सकते। ऐसे में आगामी 17 जनवरी से, मेलबोर्न में आयोजित होने वाला ग्रैंडस्लैम टेनिस प्रतियोगिता में बिना टीका लिए, जोकोविच हो या कोई और प्रतियोगी उसे कैसे भाग लेने दिया जा सकता था। प्रश्न है के फिर उन्हें वीसा क्यों दिया गया? इसका उत्तर है, जोकोविच ने आश्वासन दिया था, उनके पास प्रयाप्त शारीरिक वजहें है, जिसके कारण उन्होंने टीका नहीं लगवाया है। इन वजहों को वे सबूत के तौर पर पेश करने में असमर्थ रहे। जब दुनिया के चोटी के नेता, अभिनेता, खिलाड़ी ही अगर वैक्सीन हिचकिचाहट का प्रदर्शन करेंगे। उनको चाहने वाले लोग भी ऐसा ही करेंगे। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने जो किया वो अच्छा किया। दुनिया भर की सरकारों को यही करना चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**दुखद** है कि हजारों करोड़ की विकास परियोजनाएं के आगाज़ के लिए प्रधानमंत्री की पंजाब यात्रा को बाधित किया गया।

– **जेपी नड्डा**
राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा



**जहां** तक गैर टीकाकृत लोगों का सवाल है, मैं उन्हें बाहर रखना चाहता हूं। वे रेस्ट्रां अथवा सिनेमाहालों में नहीं जा पाएंगे।

– **इमैनुएल मैक्रां**
फ्रांस के राष्ट्रपति



**सावधानी** की दृष्टि से लगाई जाने वाली वैक्सीन की खुराक वहीं होगी जो पहले लगाई गई थी।

– **डॉ वी के पॉल**
सदस्य नीति आयोग

# प्रदेश में व्यापक स्तर पर रोजगार सृजित हुए: योगी

● रोजगार के लिए 506995 लाभार्थियों को 4314 करोड़ का ऋण वितरित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना काल खण्ड में पूरे देश में बेरोजगारी बढ़ी लेकिन प्रदेश में एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से प्रदेश में व्यापक स्तर पर रोजगार सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री गुरूवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित स्वरोजगार संगम कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में केन्द्र तथा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत 506995 लाभार्थियों को 4314 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया। स्वरोजगार संगम कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रवीण सिंह, राधे रमण शर्मा, विकास अग्रवाल, अपर्णा सुहैल खान, तरन्नुम, योगेश गुप्ता, नेहा अवस्थी, मुकेश कुमार सिंह तथा रितु कुमारी को ऋण राशि का चेक प्रदान किया। उन्होंने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना व एक जनपद एक उत्पाद योजना के लाभार्थियों को उन्नत टूलकिट भी वितरित किये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने योजनाओं के लाभार्थी सिद्धार्थनगर की शीला, मुरादाबाद की अनीशा बंसल, वाराणसी के स्पर्श अग्रहरी, गोरखपुर के अखिलेश चन्द्र, कानपुर देहात के दिनेश चन्द्र अवस्थी, मथुरा की कंचन तथा सहारनपुर के इस्तखार से वर्चुअल संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल खण्ड में 40 लाख श्रमिक और कामगार प्रदेश आए थे उन्हें प्रदेश में ही रोजगार मुहैया कराया गया। आज प्रदेश में 1 करोड़ 61 लाख लोगों को अलग-अलग उद्यमों से जोड़ा गया है। 60 लाख हस्तशिल्पियों, कारीगरों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित विभिन्न योजनाओं द्वारा स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया गया है। श्री योगी ने लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब आप एक व्यक्ति को नौकरी देते हो, तो वह सिर्फ एक व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि इससे पूरे परिवार का पेट भरता है। एक परिवार स्वावलम्बन की दिशा में अग्रसर होता है। उसको देख पूरा गांव उस नवाचार के साथ जुड़ता है। आप सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जॉब देने वाले की स्थिति में आ चुके हैं। प्रदेश में सूक्ष्मए लघु एवं मध्यम उद्यम से जुड़े हुए क्लस्टर पहले से मौजूद हैं। हमारे यहां अलग-अलग क्षेत्रों में इस प्रकार के क्लस्टर हमारे दूरदर्शी सोच के महापुरुषों ने स्थापित किये थे। प्रदेश में परम्परागत उद्यमों के साथ.साथ मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं के स्वावलम्बन के लिए बीसी सखी, प्रत्येक ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय पर महिला स्वयं सहायता समूह से जोड़ने का कार्य, पोषाहार मिशन के अन्तर्गत गांव की महिला स्वयं सहायता समूह को पोषाहार की जिम्मेदारी देकर पूरे प्रदेश के अन्दर इन कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है। उन्होने कहा कि आर्थिक स्वावलम्बन के उद्देश्य से प्रदेश में 75ए000 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। एक व्यक्ति जब स्वावलम्बी होता है तो वह गांव व समाज को समृद्ध करता है। प्रदेश में कोरोना काल खण्ड में भी बेरोजगारी दर को 18 प्रतिशत से कम करते हुए 4 प्रतिशत तक लाने में सफलता मिली है। श्री योगी ने कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण को प्रदूषित करती है तमाम प्रकार की बीमारियों को जन्म देती है। इसके दृष्टिगत वर्तमान सरकार ने प्लास्टिक को बैन किया। साथ ही प्लास्टिक का विकल्प उपलब्ध कराने के लिए भी कार्य किया।

प्रदेश सरकार द्वारा माटी कला बोर्ड का गठन किया गया। प्रत्येक वर्ष अप्रैल से जून तक हर गांव के तालाब की मिट्टी कुम्हारी कला से जुड़े लोगों को नि:शुल्क देने की व्यवस्था करायी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की माइक्रो, स्मॉल एण्ड मीडियम इण्टरप्राइजेज इम्प्लॉयमेण्ट जेनरेशन सर्वे रिपोर्ट का विमोचन किया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि एमएसएमई के माध्यम से बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लोगों को रोजगार प्राप्त हुए हैं।

स्वरोजगार संगम कार्यक्रम का आयोजन



# हर दिन तीन से चार लाख किए जाएं टेस्ट: सीएम

● नोडल अधिकारी जिलों की हर स्थिति पर रखें नजर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण की चपेट से प्रदेशवासियों को सुरक्षित रखने के लिए जमीनी स्तर पर सरकार ने मोर्चा संभाल लिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेशों को ध्यान में रखकर यूपी में टेस्टिंग व टीकाकरण की रफ्तार को तेजी से बढ़ाया जा रहा है। जिसका परिणाम है कि यूपी में अब तक 9 करोड़ 39 लाख से अधिक टेस्ट व 20 करोड़ 69 से अधिक वयस्कों का टीकाकरण किया जा चुका है। प्रदेश में तीन जनवरी से शुरू हुए 15 से 18 साल के बच्चों के टीकाकरण अभियान में अब तक यूपी में 7 लाख से अधिक टीकाकरण किया जा चुका है। यूपी को कोरोना काल में स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस करने वाली योगी सरकार ने ऑक्सीजन प्लांट, बेड, डॉक्टरों व कर्मचारियों, अस्पताल, वेंटिलेटर की संख्या में इजाफा किया है जिसके कारण यूपी तीसरी लहर से लड़ने में पूरी तौर पर सक्षम है। प्रदेश में कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए तैनात किए गए नोडल अधिकारी हर स्थिति पर सीधी नजर रख रहे हैं। सीएम ने हर दिन न्यूनतम तीन से चार लाख टेस्ट किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।केजीएमयूए आरएमएल और एसजीपीजीआई लखनऊ में जीनोम सिक्वेसिंग की सुविधा को विस्तार देने के निर्देश सीएम ने दिए हैं। सीएम ने अधिकारियों से जीनोम सिक्वेसिंग के लिए आवश्यक मशीनें और मानव संसाधन की व्यवस्था को बढ़ाने के आदेश दिए हैं। जिन जिलों में एक्टिव केस की न्यूनतम संख्या 1000 से अधिक होगी उन जिलों में नई व्यवस्था लागू होगी।

## पीएम की सुरक्षा चूक को मायावती ने बताया चिंताजनक

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे के दौरान हुई सुरक्षा चूक को बसपा सुप्रीमो मायावती ने चिंताजनक बताया है। मायावती ने घटना के उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। जिससे घटना की पुनरावृत्ति न हो। गुरुवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभी हाल के पंजाब दौरे के दौरान जो सुरक्षा चूक हुई है वह अतिचिन्तनीय। इस घटना को पूरी गंभीरता से लेकर इसकी उच्च-स्तरीय निष्पक्ष जाँच जरूरी है ताकि इसके लिए दोषियों को उचित सजा मिल सके तथा आगे फिर ऐसी घटना की पुनरावृति न हो। उन्होंने कहा कि पंजाब आदि राज्यों में होने वाले विधानसभा आमचुनाव के मद्देनजर इस घटना को लेकर जो राजनीतिक खींचतान, आरोप-प्रत्यारोप व राजनीति की जा रही है वह भी उचित नहीं जबकि घटना के सम्बंध में राजनीति को विराम देकर इसकी गंभीरता के अनुरूप निष्पक्ष जाँच होने देना ही उचित।

## बसपा नेता काजी रिजवान व अली हमजा सपा में शामिल

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में भरोसा करते हुए सपा कार्यालय में बदायूं के शेखूपुर विधानसभा के पूर्व बसपा प्रत्याशी काजी मोहम्मद रिजवान एवं अली हमजा चेयरमैन आलापुर ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। पूर्व सांसद बदायूं धर्मेन्द्र यादव उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के समक्ष उप्र सामाजिक व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अबुबकर इदरीसी और प्रदेश सचिव परवेज हसन ने भाजपा छोड़कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने 2022 में पार्टी को जिताने का संकल्प जताया।

## यूपी मांगे अखिलेश पदयात्रा का हुआ सम्मान

**लखनऊ।** मुजफ्फरनगर से चलकर सपा प्रदेश कार्यालय पहुंची यूपी मांगे अखिलेश पैदल यात्रा के पदयात्रियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता का समर्थन सपा के पक्ष में है। विभिन्न जिलों में पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक लगातार जनता का समर्थन प्राप्त करने के लिए अनेक प्रयासों के माध्यम से सक्रिय है। पदयात्रा में शामिल पदयात्रियों का साहस और उत्साह प्रशंसनीय है। इससे पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल मजबूत होगा। सम्मान समारोह में मुजफ्फरनगर से लखनऊ के संयोजक फारूख हसन उर्फ फुरकान पूर्व राज्य मंत्री, मोहम्मद इकबाल, हामिद अली, मोहम्मद प्रधान, राव साकिब, अब्दुल कादिर, अब्दुल वहाब, मोहम्मद इमरान सैफी सहित अन्य प्रमुख यात्री शामिल रहे।

## यूपी में 11 एटीएस जवान सहित 3121 लोग कोरोना संक्रमित

**लखनऊ।** उप्र में कोरोना अपना तेजी से रंग दिखा रहा है। गुरुवार को प्रदेश में 11 एटीएस के जवान सहित कुल 3121 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमे अपना दल एस के आशीष पटेल भी शामिल हैं। लखनऊ में कोरोना के 408 नए केस सामने आए हैं। राजधानी में 1153 केस एक्टिव पाए जाने पर शुक्रवार से कोरोना की नई गाइडलाइन प्रभावी हो जाएगी। कोरोना का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। लगातार लोग वायरस की चपेट में आ रहे हैं। इससे स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। चिंता की बात यह है कि वायरस हर उम्र के लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। कोरोना के मामले में गौतमबुद्ध नगर में आज 600 केस आये हैं जबकि दूसरे नंबर पर लखनऊ 408 केस और तीसरे नंबर पर मेरठ में 401 केस मिले।

एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के नए कार्यालय का शुभारम्भ

# वॉलमार्ट व फ्लिपकार्ट के साथ हुआ एमओयू

● एमएसएमई के लिए क्षमता निर्माण में होगी वृद्धि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने निर्यात प्रोत्साहन भवनए कैसरबाग में एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के नये कार्यालय का शुभारम्भ किया। इसके साथ ही उनकी उपस्थिति में वॉलमार्ट और फ्लिपकार्ट के साथ राज्य में एमएसएमई के लिए क्षमता निर्माण के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए निर्यात संवर्धन ब्यूरो के साथ एक समझौता ज्ञापन एमओयू किया गया। एसीएस एमएसएमई डा नवनीत सहगल एवं वॉलमार्ट वृद्धि स्वस्ति कार्यक्रम के निदेशक जूलियन जोजेफ द्वारा एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में निर्यात मासिक पत्रिका का विमोचन भी किया गया। साथ ही उद्यमियों को ऋण चेक भी प्रदान किये गये। इस अवसर श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के एमएसएमई को दुनिया भर में मान्यता दी जा रही है यहां का निर्यात रिकॉर्ड दर्ज कर रहा है। उभरते सितारे और ओडीओपी जैसी योजनाओं के साथ उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में एमएसएमई क्षेत्र के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में सबसे आगे है जिससे उन्हें नए बाजारों में निर्यात और उद्यम को बढ़ावा देने में मदद मिल रही है। वॉलमार्ट वृद्धि और फिलपकार्ट एमएसएमई को मजबूत करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करेंगे।



# विभिन्न दलों के लोगों ने बीजेपी ज्वाइन की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश मुख्यालय में गुरूवार को बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, कांग्रेस तथा प्रसपा सहित विभिन्न सामाजिक व व्यापारी नेताओं ने बडी संख्या में अपने समर्थकों के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमिटी के अध्यक्ष डा लक्ष्मीकान्त बाजपेई व प्रदेश उपाध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमिटी के सदस्य दया शंकर सिंह की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

संतकबीर नगर जिले से 2017 में विधानसभा घनघटा से बसपा प्रत्याशी रहे नील मणि त्रिपाठी, बरेली कैण्ट से 2017 में विधानसभा के लिए बसपा प्रत्याशी रहे राजेन्द्र गुप्ता, वाराणसी में विधानसभा के 2012 चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी तथा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस डा तेग बहादुर सिंह, जौनपुर से मिशेज इंडिया टूरिज्म क्वीन अवार्ड सुचिता तिवारी, आगरा से युवा अध्यक्ष वैश्य समाज अन्तराष्ट्रीय अग्रवाल समिति, उपाध्यक्ष गौ रक्षा क्रांति अन्तुल कुमार सिंघल, गाजियाबाद से प्रदेश सचिव प्रबुद्ध प्रकोष्ठ सपा सुनील शर्मा, वाराणसी से राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रदेश महासचिव प्रसपा सुधीर सिंह ने अपने सैंकडों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास के ध्येय को लेकर बीजेपी आगे बढ़ रही है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि की गयी है। इस संबंध में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार द्वारा आवश्यक शासनादेश जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश के अनुसार आंगनबाड़ी, मिनी कार्यकात्रियों एवं सहायिकाओं को वर्तमान में दिये जा रहे अतिरिक्त मानदेय क्रमश: 1000 रूपए, 750 रूपये एवं 500 रूपये में पहली जनवरी से क्रमश रूपए 500, 500 एवं 250 की वृद्धि करते हुए इसे प्रतिमाह क्रमश 1500 रूपए, 1250 रूपये व 750 रूपये किये जाने का निर्णय लिया गया है। वहीं कोविड 19 की विषम परिस्थितयों में किये गये सराहनीय कार्यों के लिए आंगनबाडी कार्यकत्रियों, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को प्रोत्साहन राशि दी गयी है। इस सबंध में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार द्वारा आवश्यक शासनादेश जारी कर दिया गया है।

जारी शासनादेश के अनुसार कोविड 19 की विषम परिस्थितयों मे किये गये सराहनीय कार्यों के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को पहली अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक प्रतिमाह क्रमश 500 रूपए, 500 रूपए तथा 250 रूपये प्रोत्साहन राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

## यूपी में अपराध रोकने में नाकाम योगी सरकार: लल्लू



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि योगी सरकार आम जनमानस से जुड़े हर एक मुद्दे पर पूरी तरह से नाकाम है। कुछ दिन पहले ही पीएम मोदी ने योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा था कि भाजपा सरकार अपराधियों के साथ जेल-जेल खेल रही है लेकिन सच्चाई तो यह है कि योगी सरकार में अपराधी पूरी तरह से बेलगाम हो गए हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था के नकारापन को लेकर लल्लू ने कहा कि योगी सरकार के अपराधियों पर लगाम लगाने के सारे दावे फेल हैं। सच तो यह है कि सरकार का संरक्षण प्राप्त अपराधी पूरे प्रदेश में लोगों को डराते धमकाते हैं। प्रदेश में शासन व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गयी है। पीड़ितों को न्याय के लिए भटकना पड़ रहा है। बलरामपुर में नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन और लखनऊ में लापता रियल एस्टेट कारोबारी की हुई हत्याएं इसका जीता जगता प्रमाण हैं। आज उत्तर प्रदेश में शिक्षक, कारोबारी, युवा, महिलाएं, बेटियां इस सरकार के खिलाफ लगातार प्रदर्शन कर रही हैं।

# लोकतंत्र को कैद करना चाहती है भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बेलगाम है। संवैधानिक संस्थाएं लगातार कमजोर होती जा रही हैं। भाजपा लोकतंत्र को कैद करना चाहती है। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र की बेड़ियों को तोड़ने की लड़ाई लड़ रही है। अब जनता को भाजपा से उत्तर प्रदेश को मुक्त कराकर ही चैन आएगा। अखिलेश ने कहा कि देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है किन्तु भाजपा राज में किसान और खेती सर्वाधिक उपेक्षित हैं। भाजपा के वादे के अनुसार उसे फसल का लाभप्रद मूल्य नहीं मिला। आय दोगुनी होने के कहीं आसार नहीं दिख रहे हैं। उल्टे लखीमपुर में किसानों को जीप से कुचल दिया गया। साल भर किसान तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन करते रहें। इस दौरान सात सौ से ज्यादा किसानों की दर्दनाक मौत हो गई। जनता और किसानों के दबाव में केन्द्र की भाजपा सरकार को तीन कृषि कानून वापस लेने पड़े अन्यथा इनके लागू होने पर किसान की खेती भी चली जाती और वह स्वामी के बजाय खेतिहर मजदूर बन जाता। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने रोजगार का वायदा किया था लेकिन नौजवानों को रोजगार तो मिला नहीं तमाम औद्योगिक संस्थानों से उनकी बड़े पैमाने पर छुट्टी कर दी गई। मुख्यमंत्री प्रदेश में नौकरियों में भर्ती के अलग-अलग दावे करते हैं। किन्हें नौकरी मिली और किन्हें नहीं इसका स्पष्ट ब्यौरा राज्य सरकार देने को तैयार नहीं। इन्वेस्टमेंट मीट में करोड़ो के एमओयू होने के दावे किए गए लेकिन कहीं कोई पूंजी निवेश नहीं हुआ। न नए उद्योग लगे न रोजगार बढ़ा। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने महिलाओं-लड़कियों के प्रति यौन अपराधों के नियंत्रण के लिए 1090 वूमेन पावर लाइन स्थापित की थी। भाजपा सरकार ने इसका बर्बाद कर दिया। अपराध नियंत्रण के लिए यूपी डायल 100 समाजवादी सरकार में बना था। पुलिस मुख्यालय का शानदार भवन भी तभी बना था जिसकी प्रशंसा देश-विदेश के पुलिस अधिकारियों ने पिछले दिनों अपने सम्मेलन में की थी। भाजपा की नफरत और समाज को बांटने की राजनीति की सच्चाई जनता जान चुकी है। उसे अच्छी तरह मालूम है कि भाजपा के वादे केवल धोखा ही रहते हैं। भाजपा के नेता जुमलेबाजी में माहिर हैं और लोगों को झूठे सपने दिखाकर बहलाते है। जो पार्टी अपने संकल्प पत्र का सम्मान नहीं करती वह अपने वादों का क्यों पूरा करेगी ?

## सपा छात्र सभा चलाएगी बेटी हूं बेहतर चुनूंगी अभियान

**लखनऊ।** समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव के नेतृत्व में छात्र सभा उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे छात्र संवाद के अंतर्गत बेटी हूं बेहतर चुनूंगी अभियान चलाया जाएगा।

इस अभियान के तहत छात्र सभा के पदाधिकारी प्रत्येक यूनिवर्सिटी, कॉलेज, छात्रावासों में जाकर छात्राओं से संपर्क कर विश्वासघात भरे कार्यकाल को बताएंगे एवं समाजवादी सरकार में छात्राओं के लिए चलाई गई योजनाओं व उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे।

# फर्जी काल सेन्टर का भंडाफोड़ सरगना सहित नौ गिरफ्तार

● इंश्योरेंस कंपनियों के नाम पर अब तक कर की है 50 करोड़ से अधिक की ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने विभिन्न में इंश्योरेंस कंपनियों के नाम पर प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सरगना सहित नौ लोगों को नोएडा से गिर तार किया है। इनके द्वारा संचालित किए जा रहे फर्जी कॉल सेंटर का भी भंडाफोड़ हुआ है। एसटीएफ के मुताबिक यह गिरोह अब तक 50 करोड़ से अधिक की ठगी कर चुका है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में श्रीराम इंश्योरेंश, भारती एक्सा, एचडीएफसी लाइफ, रिलायंस लाइफ , युचर जनरली, एक्साइड लाइफ , बजाज लाइफ , एगोन लाइफ , बिरला लाइफ आदि क पनियों के ग्राहकों का डेटा बरामद हुआ है। एसटीएफ को विशेष श्रोतों से जानकारी हुई कि सेक्टर 65 नोएडा में एक फर्जी काल सेन्टर चल रहा है जहां से विभिन्न इंश्योरेस क पनियों के ग्राहकों को फोन करके विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर उनसे ठगी की जा रही है।

एसटीएफ टीम द्वारा नोएडा पहुंचकर फर्जी काल सेन्टर के संचालक व गिरोह के सदस्यों मोनू वर्मा, राहुल वर्मा, विवेक बग्ची, अनुज कुमार, सचिन कुमार, गणेश शर्मा, रवि कुमार, जाकिर, हेमेश कुमार को गिर तार कर लिया। गिरोह के सरगना ने पूछताछ में बताया कि पूर्व में हम लोग इंश्योरेंश ब्रोकर क पनियों में नौकरी करते थे। वर्ष 2018 में अपना खुद का काल सेंटर खोल दिया जहा से हम लोग जालसाजी कर ठगी कर रहे थे। हम लोग विभिन्न बीमा क पनियों के एजेंटों से अनाधिकृत तरीके से खरीदकर इस पर अपने काल सेंटर के टैली कालरों से काल कराकर बीमा में बोनस देने बंद पालिसी पुन: प्रार भ कराने व किस्त जमा करने का लालच देकर अपने बैंक खातों में रूपये जमा कराते हैं हम लोग श्रीराम फाइनेन्श, मिनिस्ट्री आफ फाइनेन्स व आईआरडीए के कूट रचित आईडी खुद ही बनाते है । जिसका प्रयोग व्हाट्सएप के माध्यम से ग्राहकों को विश्वास दिलाने के लिए भेजकर हम लोग करते है। ये रजिस्टर वह हैं जिनमे हम लोग कस्टमर से की गयी ठगी का हिसाब किताब रखते है। हम लोग ग्राहकों से विभिन्न बैंक खातों में रुपये जमा कराते हैं । हम लोगों द्वारा सिरसा हरियाणा के राधेराम गोदारा से लगभग रुपये 3 करोड़, पंजाब के सतीश जैन से लगभग 4 करोड़, कानपुर के डाक्टर मान सिंह से लगभग 1 करोड़ रुपए, औरैया से लगभग 1 लाख रूपए इसी तरह काफी लोगों से लगभग 50 करोड़ की ठगी हम लोगों द्वारा की गयी है। इस गिरोह का जाल दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, एनसीआर क्षेत्र में फैला हुआ है। गिर तार अभियुक्तों की अन्य आपराधिक गतिविधियों के स बन्ध में जानकारी की जा रही है। प्राप्त डेटा का फारेन्सिक आडिट कराया जायेगा।

# मोदी-योगी सरकार किसानों के हित में ले रही निर्णय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने गुरुवार को प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के बिजली बिल आधा करने की घोषणा का स्वागत करते हुए इसे महत्वपूर्ण फैसला बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसानों की आय दोगुना करने के संकल्प को सिद्ध करने वाला साबित होगा। उन्होंने इस किसान हितैषी निर्णय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार अपने गठन के दिन से ही लगातार किसानों के हित में निर्णय ले रही है। चाहे वह विभिन्न फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी हो या किसान सम्मान निधि का लाभ देने की बात हो। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों और लघु एवं सीमांत किसानों के हित में निरंतर निर्णय लिए हैं। उत्तर प्रदेश एमएसपी पर गेहूं और धान की सर्वाधिक खरीद करने वाला राज्य तो है ही साथ ही गन्ना किसानों के 1 लाख 45 हजार करोड़ से ज्यादा का भुगतान योगी सरकार कर चुकी है। सरकार कृषि कार्य को और सुगम बनाने के लिए ना केवल



एफपीओ और सहकारी समितियों का गठन कर उसे सब्सिडी पर कृषि उपकरण देने का कार्य कर रही है बल्कि उनके उत्पादों के विपणन के लिए भी बाजार उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि जहां पहले किसानों को सिंचाई के लिए बिजली नहीं मिलती थी। आज 2500 से ज्यादा कृषि फीडर अलग किये जा चुके हैं जहां 10 घंटे निर्बाध दिन में सिंचाई के लिए बिजली मिल रही है। गांवों में पिछली सरकार के मुकाबले 53: ज्यादा बिजली दी जा रही है। इतना ही नहीं ब्रज और पश्चिम उत्तर प्रदेश के 17 से ज्यादा जिलों में डार्क जोन समाप्त कर किसान विरोधी निर्णय बदला। जिसके बाद से किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन दिए जाने की प्रक्रिया शुरू हुई।

## मेरा गांव-मेरा मोहल्ला शत-प्रतिशत वैक्सीनेटेड है की मुहिम चलाएं डीएम: मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ आहूत बैठक में कोविड वैक्सीनेशन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर, इटावा, मैनपुरी, पीलीभीत, लखनऊ, बागपत, गाजियाबाद एवं बस्ती में वैक्सीनेशन की अच्छी प्रगति पर संबंधित जिलाधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि अन्य जनपद भी अच्छी प्रैक्टिसेज को अपनाकर वैक्सीनेशन को गति दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन में उल्लेखनीय योगदान करने वाले ग्राम प्रधानों, एनजीओ, कोटेदारों, हेल्थ वर्कर्स एवं अन्य वर्कर्स को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाये। उन्होंने मेरा मोहल्ला, मेरा गांव, मेरी सोसायटी, मेरा वार्ड, मेरी ग्राम पंचायत शत-प्रतिशत वैक्सीनेटेड हैं की मुहिम चलाने के निर्देश दिये। वैक्सीनेशन के निर्धारित कुल लक्ष्य को दैनिक लक्ष्य में विभाजित कर तद्नुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग-अलग स्ट्रैटजी तय की जाए। अगले सप्ताह नोडल अधिकारीगण आवंटित जनपदों का भ्रमण कर वैक्सीनेशन की स्थिति की समीक्षा एवं वैक्सीनेशन केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

# सभी कॉलेजों को कराना होगा नैक, 15 जनवरी तक दें प्रार्थना पत्र: प्रो. शुक्ला

● नई शिक्षा नीति लागू करने के लिए आगे आना होगा

**संवाददाता।** मेरठ



**चौधरी** चरण सिंह विश्वविद्यालय में गुरूवार को राजकीय एवं एडेड कॉलेजों के प्राचार्यो के साथ नई शिक्षा नीति को लेकर बृहस्पति भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 संगीता शुक्ला ने नई शिक्षा नीति पर जोर देते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति सभी कॉलेजों को लागू करनी होगी। नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए सभी को प्रयास करना होगा। कुलपति ने कहा कि इसमें समस्यायें आयेंगी लेकिन सभी मिलकर उनका समाधान पर करेंगेए तभी हम इस पर काम कर पाएंगे। कुलपति प्रो संगीता शुक्ला ने कहा कि जिस कॉलेज के पास नैक का मूल्यांकन कराने के लिए समय है ऐसे कॉलेजों को नैक कराना चाहिए। इसके लिए 15 जनवरी तक सभी कॉलेज नैक के लिए विश्वविद्यालय को प्रार्थना पत्र दें। उन्होंने नैक के बारे में मंथन करने की सलाह दी।

कहा कि मंथन करने से आधी से ज्यादा समस्याओं का ऐसे ही समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा स्किल डेवलपमेंट के कोर्स के लिए इंडस्ट्रीज से बात करें और उनका सहयोग लें। अलग-अलग विवि से एमओयू साइन करें। एक कॉलेज दूसरे कॉलेज से एमओयू साइन करें। एक दूसरे का सहयोग लें। नई शिक्षा नीति में जो परेशानी आ रही है यह छोटे-छोटे काम करने से बहुत सारी परेशानियों का समाधान हो जाएगा।

इस दौरान नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए प्रो0 हरे कृष्णा ने शासन द्वारा जारी किए निर्देशों की जानकारी दी। नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए आ रही परेशानियों पर प्राचार्यो द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर समाधान किया गया । इस दौरान प्रति कुलपति प्रो0 वाई विमलाए वित्त अधिकारी सुशील कुमार गुप्ताए कुलसचिव धीरेंद्र कुमारए प्रेस प्रवक्ता मितेंद्र कुमार गुप्ताए राजकीय व एडेड कॉलेजों के प्राचार्य मौजूद रहे।

# पीएम की सुरक्षा चूक के लिए कांग्रेस को माफ नहीं किया जा सकता

**भाषा।** देहरादून

**फिरोजपुर** जाने के दौरान रास्ते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक के लिए पंजाब की कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पार्टी को गंभीर चूक के लिए माफ नहीं किया जा सकता है। सिंह ने कहा, पंजाब में कांग्रेस सत्ता में है। क्या हम ऐसी सुरक्षा चूक की कल्पना कर सकते हैं जैसी कल (बुधवार को) प्रधानमंत्री के काफिले के साथ हुई? सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री देश का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनका पद एक ऐसी संस्था होती है जिसका सभी को सम्मान करना चाहिए।

उत्तरकाशी में भाजपा की विजय संकल्प यात्रा के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, यदि हम प्रधानमंत्री की जैसे संस्थाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते हैं, तो देश के लोकतांत्रिक संस्थानों के विघटन को रोकना कठिन होगा। सिंह ने कहा, मैं भी मुख्यमंत्री रह चुका हूं। हमने इस तरह की घटिया राजनीति को कभी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने लोगों से पूछा कि पंजाब में प्रधानमंत्री की सुरक्षा के साथ जो हुआ उसके लिए क्या कांग्रेस को माफ किया जा सकता है? उन्होंने उत्तराखंड के लिए कांग्रेस के प्रचार समिति के प्रमुख हरीश रावत पर हमला किया जिन्होंने कहा था कि मोदी राज्य में मार्केटिंग के लिए आते रहते हैं। रक्षा मंत्री ने रावत का नाम लिए बिना आरोप लगाया कि वह यह कहकर केदारनाथ पुनर्निर्माण का श्रेय लेने की कोशिश रह रहे हैं कि मोदी ने जिस गुफा में ध्यान किया था, वह उनके मुख्यमंत्री रहते बनी थी। सिंह ने पूछा, यदि यह सच है, तो आप उस गुफा में ध्यान करने का साहस क्यों नहीं जुटा पाए?



सिंह ने रावत का नाम नहीं लिया बल्कि कहा कि एक पूर्व मुख्यमंत्री हैं जो फिर से मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मैंने हमारे किसी भी प्रधानमंत्री के विरूद्ध कभी भी निराधार आरोप नहीं लगाए, चाहे वह जवाहरलाल नेहरू हों, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह या देवेगौड़ा हों क्योंकि प्रधानमंत्री कार्यालय एक लोकतांत्रिक संस्था है जिसका सबको सम्मान करना चाहिए। कांग्रेस के इस आरोप पर कि भाजपा ने उत्तराखंड में दो मुख्यमंत्रियों को बदल दिया है, सिंह ने कहा कि पार्टी के सभी मुख्यमंत्रियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, अगर हम किसी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार पेश करके चुनाव लड़े होते, तो हम उसे नहीं बदलते। पार्टी ने चुनाव लड़ा और जिसे भी उसने मुख्यमंत्री के पद के उपयुक्त समझा उसे मुख्यमंत्री बनाया। यह पार्टी का आंतरिक मामला है। सिंह ने कहा, एक राष्ट्रीय पार्टी को कई बातों का ध्यान रखना होता है।

संगठन के लिए किसकी सेवाओं की जरूरत है और किसकी संसद के लिए... हम चाहें तो 10 बार मुख्यमंत्री को बदल सकते हैं। इससे आप क्यों परेशान हैं? सिंह ने कहा कि भाजपा और अन्य दलों में यह फर्क है कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि अन्य पार्टियों के विपरीत भाजपा ने अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। इस दलील के समर्थन में उन्होंने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का उदाहरण दिया।

उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई गुना बढ़ी है। सिंह ने कहा, आज जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता है तो पूरी दुनिया उसे ध्यान से सुनती है। योग विश्व को उत्तराखंड की देन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों ने इसे संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं की मान्यता दिलाने में मदद की और आज दुनिया के 100 से अधिक देश योग कर रहे हैं। सिंह ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को "धाकड़ बल्लेबाज" बताया। हाल में यहां एक दोस्ताना क्रिकेट मैच में हाथ में चोट लगने के बावजूद धामी ने बल्लेबाजी करना जारी रखा था। उन्होंने कहा कि वह वोट नहीं मांग रहे हैं क्योंकि उन्हें विश्वास है कि उत्तराखंड के लोग अगर राज्य में पिछले पांच साल के भाजपा शासन और केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के साढ़े सात साल में किए गए कार्यों को परखेंगे, तो वे निश्चित तौर पर भाजपा को ही वोट देंगे।



भोपाल में प्रधानमंत्री की दीर्घायु के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

# सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल के पूर्व मुख्य सचिव की याचिका पर कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश रद्द किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय का एक आदेश को रद्द कर दिया। उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्य सचिव अलपन बंदोपाध्याय की अर्जी को कोलकाता से नई दिल्ली स्थानांतरित करने के कैट का आदेश खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने बंदोपाध्याय को अधिकार क्षेत्र वाले उच्च न्यायालय में अधिकरण के आदेश के खिलाफ अपील करने की छूट प्रदान की है।

बंदोपाध्याय ने केन्द्र की ओर से उनके खिलाफ की गई कार्वाई को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय के 29 अक्टूबर 2021 के फैसले के खिलाफ केन्द्र की याचिका पर यह फैसला सुनाया। केन्द्र ने बंदोपाध्याय की ओर से दाखिल याचिका पर पिछले वर्ष 29 नवंबर को उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियों पर गंभीर रुख अपनाया है। केन्द्र की ओर से पेश सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने क्षेत्रीय न्यायाधिकार के मुद्दे पर बहस की और कहा था कि कलकत्ता उच्च न्यायालय को कैट की प्रधान पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर अपने न्यायाधिकार का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था। बंदोपाध्याय के वकील ने बताया था कि आईएएस अधिकारी हमेशा से कोलकाता के निवासी रहे हैं और इस मामले में कार्वाई के कारण का प्रत्एक क्षेत्र बंगाल में है। उच्च न्यायालय ने कैट की कोलकाता पीठ को बंदोपाध्याय के आवेदन की सुनवाई में तेजी लाने और इसे जल्द से जल्द निपटाने का निर्देश दिया। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने 28 मई को कलाईकुंडा वायु सेना स्टेशन पर यास चक्रवात को लेकर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में भाग लेने के संबंध में बंदोपाध्याय के खिलाफ कार्यवाही शुरू की थी।

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर विवाद बेहद दुर्भाग्यपूर्ण : देवेगौड़ा

**बेंगलुरु।** पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा को लेकर उठे विवाद को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि भारत के शीर्ष पद पर आसीन व्यक्ति की सुरक्षा से कोई भी समझौता नहीं किया जाना चाहिए। जनता दल (सेक्युलर) के वरिष्ठ नेता ने इस बात पर भी जोर दिया कि अतीत से सीखने की जरूरत है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भारत के शीर्ष पद पर आसीन व्यक्ति की सुरक्षा के साथ कभी भी कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। हमें अतीत से सीखने की जरूरत है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पंजाब सरकार से इस चूक के लिए रिपोर्ट मांगी है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्वाई करने को कहा है जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे में सुरक्षा प्रक्रिया में इस तरह की लापरवाही पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

# एसएसपी ने हमसे कहा था कि प्रधानमंत्री सड़क के रास्ते जाएंगे: किसान नेता

**भाषा।** चंडीगढ़

**फिरोजपुर** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफिले के मार्ग को अवरूद्ध करने वाले किसान संगठन के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके समूह को जिला पुलिस प्रमुख ने कहा था कि प्रधानमंत्री इस सड़क से गुजरेंगे, लेकिन हमने सोचा कि यह सड़क को खाली कराने का झांसा भर है। भारतीय किसान यूनियन (क्रांतिकारी) के प्रमुख सुरजीत सिंह फूल के नेतृत्व वाले संगठन ने पियारेना गांव के पास फिरोजपुर-मोगा सड़क को अपने प्रदर्शन की वजह से अवरूद्ध किया था। फिरोजपुर के हुसैनीवाला में राष्ट्रीय शहीद स्मारक से करीब 30 किलोमीटर दूर पियारेना गांव के पास पहुंचने पर प्रधानमंत्री का काफिला 15-20 मिनट तक इस सड़क पर बने एक फ्लाईओवर पर फंसा रहा। पत्रकारों से बात करते हुए, फूल ने कहा, हमने शुरू में सोचा था कि वे हमें झांसा दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नहीं आएंगे। (अगर वह आते) तो वह हवाई मार्ग से आएंगे क्योंकि वहां एक हेलीपैड बनाया गया था। फूल ने कहा कि उन्हें लगा कि रैली के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की बसों को जाने का रास्ता देने के वास्ते सड़क को खाली कराने के लिए पुलिस की यह चाल है। हमने ऐसा सोचा। उन्होंने कहा, हमें नहीं पता था कि प्रधानमंत्री आ रहे हैं।

यह पूछे जाने पर कि किस पुलिस अधिकारी ने उन्हें बताया कि प्रधानमंत्री आ रहे हैं, फूल ने कहा कि फिरोजपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने यह बताया था। फूल ने कहा कि एसएसपी ने कहा कि प्रधानमंत्री आ रहे हैं, तो हमने उनसे कहा कि अगर प्रधानमंत्री को आना होता तो क्या उनके आने से सिर्फ एक घंटे पहले ही पता चलता? यह मुमकिन नहीं है।

उन्होंने कहा कि सड़क पर अच्छी खासी गाड़ियां चल रही थी और अगर प्रधानमंत्री को इस सड़क से गुजरना होता तो पहले से ही मार्ग के दोनों ओर यातायात को रोक दिया जाता। फूल ने कहा, आप (एसएसपी) हमें झांसा दे रहे हैं। हमें आप पर भरोसा नहीं है और हम सड़क खाली नहीं करेंगे। आप प्रधानमंत्री के दौरे के बारे में झूठ बोल रहे हैं। किसान मजदूर संघर्ष समिति और भारतीय किसान संघ (क्रांतिकारी) सहित कुछ किसान संगठनों ने पहले मोदी के दौरे का विरोध करने की घोषणा की थी। वे सरकार से लंबित मांगों को पूरा करने की मांग कर रहे थे, जिसमें फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए एक कानून लाना और कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लेने वाले किसानों के विरूद्ध दर्ज आपराधिक मामले वापस लेना शामिल है।

## क्विक न्यूज

### ओडिशा में तेंदुए की खाल बारामद, दो लोग गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में दो लोगों के पास से दो तेंदुओं की खालें बरामद होने के बाद दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए, विशेष कार्य बल के कर्मियों की एक टीम ने बेतनती वन अधिकारियों की मदद से बुधवार को एससीबी जूनियर कॉलेज, रग्धा के पास एक इलाके में छापा मारा और दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से तेंदुए की खाल बरामद की। दोनों व्यक्तियो को जंगली पशुओ के अंगो के व्यापार के आरोप में गिरफ्तार किया गया और कानूनी कार्वाई के लिए उन्हें बारीपदा वन अधिकारियों को सौंप दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि जब्त खाल को उत्तराखंड के देहरादून के भारतीय वन्यजीव संस्थान में रासायनिक जांच के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि आगे की जांच चल रही है।

### पूर्ण टीकाकरण नहीं कराने वालों के वेतन पर रोक लगेगी

**मेदिनीनगर (झारखंड)।** पलामू जिले के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने जिले के सभी पुलिसकर्मियो को कोविड-19 का टीका लगवाने को कहा है और चेतावनी दी है कि टीके की दोनो खुराकें नही लगवाने वालों की वेतन रोक दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक सिन्हा ने पीटीआईभाषा से बातचीत मे कहा कि कोविड की तीसरी लहर के मद्देनजर पुलिस को खुद सुरक्षित रखना है ताकि वह आम लोगों की कारगर तरीके से मदद कर सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस सेवा अनिवार्य सेवा है जिसमे ढील नही दी जा सक्ती है इसलिए पलामू पुलिस के सभी अधिकारियो एवं सभी श्रेणी के पुलिसकर्मियो के लिए कोविड-19 टीके की दोनो खुराकें लगवाना अनिवार्य किया जाता है, ऐसा नही करने पर उनके वेतन पर रोक लगा दी जाएगी।

### सड़क पर तलवार से जन्मदिन का केक काटने पर दो गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई मे एक सड़क पर जन्मदिन का जश्न मनाने और केक काटने के लिए तलवार का प्रयोग करने पर पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांदिवली उपनगर मे सोमवार को एक मॉल के पास पार्टी हो रही थी। बाद मे सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कथित तौर पर कुछ लोगों को सड़क पर जश्न मनाते और एक व्यक्ति को तलवार से केक काटते देखा गया। पुलिस ने बुधवार को सीलम सुब्रमण्यम (22) और कैसर खान (23) को गिरफ्तार किया तथा कोविड संबंधी प्रोटोकॉल तोड़ने और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया।

### तेंदुए और पैंगोलिन की खाल के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में तेंदुए और पैंगोलिन की खाल के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार किए गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरोह के सदस्य है। उन्होने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर वन विभाग के अधिकारियो ने ग्राहक के रूप मे तस्करों से संपर्क किया। अधिकारियो ने बताया कि मंगलवार को जब खाल को भूटान से भारत के सीमावर्ती दोआर क्षेत्र में भेजा जा रहा था तभी तस्करों को जलपाईगुडी के बाताबारी मे गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से तेंदुए की और पैंगोलिन की खाल बरामद की गई। नगरकाटा निवासी दोनों आरोपियो पर मामला दर्ज कर, आगे की जांच की जा रही है।

### तमिलनाडु विस कार्यवाही का पहली बार सीधा प्रसारण किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा के इतिहास मे पहली बार बृहस्पतिवार को सदन की कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया गया। विधानसभा की कार्यवाही की शुरुआत प्रश्नकाल से हुई। इस कदम से, पिछले साल मई मे सत्ता मे आई द्रमुक ने अपना चुनावी वादा पूरा किया। पल्लावरम से द्रमुक के विधायक ए. करुणानिधि ने मेट्रो रेल के विस्तार के संबंध मे पहला प्रश्न पूछा। विधानसभा का यह तीन दिवसीय सत्र शुक्रवार को समाप्त होगा। बुधवार को सत्र की शुरुआत मे राज्यपाल आर एन रवि ने अभिभाषण दिया। कोविड महामारी के चलते यह सत्र फोर्ट सेंट जॉर्ज स्थित विधानसभा परिसर की बजाय क्लैवनर अरंगम में आयोजित हो रहा है।

### केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय कोरोना से संक्रमित

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए है। उन्होंने बृहस्पतिवार को एक ट्वीट कर यह जानकारी दी। नित्यानंद राय (56) ने ट्वीट कर कहा, मेरी कोविड-19 जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मैने खुद को पूरी तरह आइसोलेट(अलग) कर लिया है। मेरे संपर्क में आए लोगों से निवेदन है कि सतर्कता बरतते हुए जरूरी कदम उठाएं। राय बिहार से लोकसभा सांसद है। राय ने बुधवार को केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलो के एक कार्यक्रम मे हिस्सा लिया था और आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए थे। उस कार्यक्रम मे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल के प्रमुखों ने भी हिस्सा लिया था।





जम्मू में पटनीटाप हिल के पास भारी बर्फबारी में सड़क पर फंसे वाहन को धक्का देकर निकालते हुए लोग।

# पंजाब में रैली में भीड़ कम थी तो प्रधानमंत्री मोदी को क्यों रोका गया: नरोत्तम मिश्रा

**भाषा।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस से सवाल किया कि पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को जिस रैली को संबोधित करने वाले थे, यदि उसमें भीड़ कम थी तो प्रधानमंत्री को वहां जाने से रोका क्यों गया। मिश्रा ने इस मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से जवाब देने को कहा। बुधवार को पंजाब में प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा में उस वक्त गंभीर चूक हुई जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने उस मार्ग को अवरुद्ध कर दिया जहां से उनका काफिला गुजरने वाला था। प्रधानमंत्री इस व्यवधान के कारण एक फ्लाईओवर पर 15-20 मिनट तक फंसे रहे। इसके बाद प्रधानमंत्री के काफिले ने लौटने का निर्णय किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस घटना को प्रधानमंत्री की सुरक्षा में बड़ी चूक करार दिया।

यहां पत्रकारों से बात करते हुए मिश्रा ने इस मामले पर कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की चुप्पी पर भी सवाल किया और कहा, घटना के 16 घंटे बीत जाने के बाद भी सिद्धू का अभी तक एक बयान नहीं आया, और न ही ट्वीट आया। बुधवार को पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा था, फिरोजपुर जनसभा स्थल पर 70 हजार कुर्सियां लगाई गई थीं लेकिन केवल 700 (भाजपा के कार्यक्रम के लिए) लोग आए, मैं इसमें क्या कर सकता हूं। चन्नी की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने कहा, अगर भीड़ कम थी तो उन्हें (चन्नी) प्रधानमंत्री को जाने देना चाहिए था। उन्होंने (पीएम) क्यों रोका?

## मप्र में शराब कारोबारी के कई ठिकानो पर आयकर विभाग का छापा

**दमोह।** आयकर विभाग ने मप्र के दमोह जिले में शराब और परिवहन के स्थानीय व्यवसाई शंकर राय और उनके भाइयों के ठिकानों पर छापेमारी की। आयकर विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। छापेमारी के कारणों का खुलासा नहीं किया। आयकर विभाग के इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर के कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों सहित 200 कर्मियों द्वारा व्यवसाई शंकर राय और उनके भाइयों कमल राय, राजू राय और संजय राय के विभिन्न परिसरों की तलाशी ली जा रही है। आयकर विभाग जबलपुर सर्किल की अतिरिक्त आयुक्त मुनमुन शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि शंकर राय और उनके भाइयों के परिसरों पर छापेमारी जारी है। सूत्रों के मुताबिक, राय परिवार, शराब और सार्वजनिक परिवहन के कारोबार से जुड़ा है। यह परिवार बसों का संचालन करता है और दमोह में पेट्रोल पंप भी संचालित करता है।

# पीएम की सुरक्षा में चूक, केंद्र सरकार की विफलता: खड़गे

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बृहस्पतिवार को कहा कि पंजाब में कुछ प्रदर्शनकारियों द्वारा सड़क को अवरुद्ध किए जाने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफिले की वापसी की घटना केंद्र सरकार की नाकामी है। बुधवार को रास्ता अवरुद्ध होने से मोदी को फ्लाईओवर पर 15-20 मिनट तक रुकना पड़ा था और इस घटना को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की सुरक्षा में भारी चूक करार दिया है। खड़गे ने संवाददाताओं से कहा, यह केंद्र सरकार की विफलता है जिसके पास विशेष सुरक्षा दल, खुफिया विभाग और अन्य केंद्रीय एजेंसियां हैं। उन्होंने कहा, आप (मोदी) कैसे कह सकते हैं (कि यह सुरक्षा में चूक थी) जबकि आपकी सुरक्षा पुलिस, एसपीजी, आईबी, अर्धसैनिक बल और कई अन्य एजेंसियां करती हैं? ऐसे बयान देकर आप पंजाब के लोगों का अपमान कर रहे हैं। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है क्योंकि उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की अपेक्षा अधिक सुरक्षा मिली हुई है। खड़गे ने कहा, प्रधानमंत्री को नेहरू, इंदिरा और राजीव से 10 गुना अधिक सुरक्षा प्राप्त है। उनके (मोदी) पास विदेश में निर्मित सबसे अच्छी बुलेटप्रूफ कार है। तब भी वे (भाजपा) पंजाब सरकार पर दोषारोपण कर रहे हैं। भाजपा पर लोगों को भावनात्मक रूप से बहकाने का आरोप लगाते हुए खड़गे ने कहा कि जे पी नड्डा नीत पार्टी, दलित मुख्यमंत्री चन्नी को पद से हटाना चाहती है। खड़गे ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, 20 मिनट में बदल दिया और मोदी ने हेलीकॉप्टर की बजाय सड़क मार्ग से फिरोजपुर जाने का विकल्प चुना।

# नई परियोजनाओं की शुरुआत किए बगैर प्रधानमंत्री का लौटना दुर्भाग्यपूर्ण : राणा

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफिले को फिरोजपुर पहुंचने के लिए परेशानी मुक्त वैकल्पिक मार्ग प्रदान करना विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के अलावा प्रदेश के गृह मंत्री और पुलिस प्रमुख की जिम्मेदारी थी। पंजाब सरकार के मंत्री राणा गुरजीत सिंह ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही राणा गुरजीत सिंह ने राज्य में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखे बिना प्रधानमंत्री की वापसी को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया।

पंजाब के तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री, कांग्रेस नेता सुनील जाखड़ के रुख का समर्थन करते दिखाई दिए, जिन्होंने बुधवार को कहा था, भारत के प्रधानमंत्री के लिए फिरोजपुर में भाजपा की राजनीतिक रैली को संबोधित करने जाने के दौरान एक सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित किया जाना चाहिए था। एक बड़ी सुरक्षा चूक उस वक्त हुई जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला बुधवार को फिरोजपुर जाने के दौरान एक फ्लाईओवर पर फंस गया था क्योकि कुछ प्रदर्शनकारी किसानों ने मोदी को रैली सहित किसी भी कार्यक्रम में शामिल हुए बिना पंजाब से वापस लौटने के लिए मजबूर कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की सुरक्षा में सेंध पर राज्य सरकार से तत्काल स्पष्टीकरण मांगा है और कहा है कि उसने आवश्यक तैनाती सुनिश्चित नहीं की और गृह मंत्री अमित शाह ने चेतावनी दी कि प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान सुरक्षा प्रक्रिया में इस तरह की लापरवाही पूरी तरह से अस्वीकार्य है और जवाबदेही तय की जाएगी। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने हालांकि बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में सुरक्षा चूक और राजनीतिक मंशा के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि उनकी सरकार जांच के लिए तैयार है।

बुधवार को फिरोजपुर से प्रधानमंत्री की वापसी पर प्रतिक्रिया देते हुए राणा गुरजीत सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और ऐसा नहीं होना चाहिए था। यह हमारे गृह मंत्री और पुलिस महानिदेशक की जिम्मेदारी थी। केंद्रीय एजेंसियां बराबर की जिम्मेदार हैं। उनलोगों को वैकल्पिक मार्ग के बारे में बातचीत करनी चाहिए थी। सिंह ने कहा, लेकिन यह (बुधवार को जो भी हुआ) ठीक नहीं था। यह हमारी जिम्मेदारी थी, वह (मोदी) हमारे प्रदेश में आए थे। राणा ने कहा कि क्या गड़बड़ी हुई, इसका पता लगाने के लिए जांच होनी चाहिए। एक प्रधानमंत्री पूरे देश का प्रधानमंत्री होता है चाहे वह किसी भी राजनीतिक पार्टी से ताल्लुक रखते हों। उन्होंने कहा, वह हमारे प्रधानमंत्री हैं और बड़े नेता हैं। मंत्री ने हालांकि कहा कि जिन परियोजनाओं की आधारशिल प्रधानमंत्री को रखनी थी।



कोविड के बढ़ते केस को लेकर तमिलनाडु सरकार की ओर से कालेज बन्द किए जाने की घोषणा के बाद तिरुची में बस पकड़ने के लिए जुटी भीड़

# चार दिन से जारी तेजी पर विराम, सेंसेक्स 621 अंक टूटा

भाषा। मुंबई

**शेयर बाजारों** में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बृहस्पतिवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 621 अंक लुढ़क गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्योरे में नीतिगत दर में उम्मीद से पहले बढ़ोतरी के संकेत के साथ वैश्विक बाजारों में बिकवाली हुई जिसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 621.31 अंक यानी 1.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,601.84 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 179.35 अंक यानी एक प्रतिशत टूटकर 17,745.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 2.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ टेक महिंद्रा सर्वाधिक नुकसान में रही। इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक, एचडीएफसी, कोटक बैंक, एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस भी नुकसान में रहे।







शेयर बाजार में आई गिरावट में आरआईएल, एचडीएफसी लि., एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस का सम्मिलित योगदान करीब आधे से अधिक रहा। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, मारुति, टाइटन और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। इनमें 1.74 प्रतिशत तक की तेजी रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से केवल सात ही लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, पश्चिमी बाजारों में तीव्र गिरावट के बीच घरेलू बाजार नुकसान में खुले और आईटी, रियल्टी तथा तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली से गिरावट बढ़ती चली गई। वैश्विक बाजारों में भारी गिरावट का कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा है, जिसमें उम्मीद के विपरीत मुद्रास्फीति में तेजी को देखते हुए नीतिगत दर में जल्द ही वृद्धि का संकेत दिया गया है। उन्होंने कहा, इसके अलावा निवेशकों की नजर तेजी से फैल रहे कोविड मामलों तथा उसकी रोकथाम के लिए लगाई जा रही पाबंदियों पर भी है। इससे आने वाले दिनों में बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा कि बाजार में निकट समय में गिरावट देखने को मिल सकती है। उन्होंने कहा, वैश्विक संकेतों के अलावा कोविड से जुड़ी खबरें, कंपनियों के तिमाही परिणाम के साथ बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। कारोबारियों को सतर्कता बरतते हुए क्षेत्र एवं शेयर-केंद्रित रुख अपनाना चाहिए।

फेडरल रिजर्व की 14-15 दिसंबर को हुई बैठक के ब्योरे के अनुसार नीति निर्माताओं को भरोसा है कि अमेरिका में रोजगार की स्थिति बेहतर है और अब बहुत कम ब्याज दर की जरूरत नहीं रह गई है। रिलायंस सिक्योरिटीज ने एक रिपोर्ट में कहा, पिछले अनुमान के विपरीत अमेरिका में जल्द ब्याज दर बढ़ने से घरेलू बाजार से पूंजी की निकासी हो सकती है जिससे धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। एशिया के अन्य बाजारों में चीन में शंघाई कंपोजिट सूचकांक, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नुकसान में रहे। हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में दोपहर कारोबार में बिकवाली दबाव रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.25 प्रतिशत बढ़कर 81 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे फिसलकर 74.42 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में उपलब्ध आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक बुधवार को शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने 336.83 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

## इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों पर अधिक आयात शुल्क से पीएलआई के लाभ नहीं

रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**भारत में** इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र पर लागू आयात शुल्क चीन एवं वियतनाम जैसे देशों की तुलना में अधिक होने से उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के जरिए दी जा रही मदद का फायदा नहीं मिल पा रहा है। आईसीईए और आईकेडीएचवीएजे एडवाइजर्स एलएलपी की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट कहती है कि ज्यादा आयात शुल्क होने से भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र से जुड़ी पीएलआई योजनाओं का भरपूर लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस रिपोर्ट में भारत की तुलना चीन, वियतनाम, थाईलैंड और मेक्सिको में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों पर लागू आयात शुल्क से की गई है। इन आयात में मोबाइल फोन की 80 फीसदी लागत शामिल है जो भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स आयात का सबसे बड़ा उत्पाद है। इस अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक भारत 120 में से 32 आयात उत्पादों पर शून्य शुल्क लगाता है जबकि चीन 53 उत्पादों एवं मेक्सिको 74 उत्पादों पर कोई आयात शुल्क नहीं लगाते हैं। आईकेडीएचवीएजे एडवाइजर्स के चेयरमैन हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि भारत ने वर्ष 2020 में चुनिंदा इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों पर सबसे ज्यादा आयात शुल्क लगाए जो वर्ष 2014 की तुलना में अधिक था। खासकर प्राथमिकता वाले उत्पादों पर शुल्क ज्यादा लगाए गए। वहीं तैयार उत्पादों पर शुल्क चीन की तुलना में थोड़े कम हैं। रिपोर्ट कहती है कि अधिक शुल्क होने से इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के लिए शुरू की गई पीएलआई योजनाओं का भारतीय विनिर्माताओं को उतना फायदा नहीं मिल पा रहा है। इसके मुताबिक राजस्व उगाही के लिए ऊंचा शुल्क लगाना उत्पादन-विरोधी कदम है।

## खाद्य प्रसंस्करण इकाई लगाने के लिए जम्मू-कश्मीर में 200 करोड़ रुपए निवेश करेगा लुलु ग्रुप

नई दिल्ली (भाषा)

**संयुक्त अरब** अमीरात (यूएई) की खुदरा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लुलु ग्रुप जम्मू-कश्मीर में खाद्य प्रसंस्करण एवं लॉजिस्टिक केंद्र स्थापित करने के लिए 200 करोड़ रुपए निवेश करेगा। कंपनी के बयान में कहा गया कि लुलु समूह ने इस बाबत जम्मू-कश्मीर सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी पहले चरण में 200 करोड़ रुपए निवेश करेगी।

लुलु समूह के चेयरमैन यूसुफ अली एम ए ने कहा, पहले चरण में हम 200 करोड़ रुपए निवेश करेंगे और विस्तार पर अतिरिक्त 200 करोड़ रुपए लगाएंगे। जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने इसे एक ऐतिहासिक समझौता बताया और कहा कि जम्मू-कश्मीर तथा दुबई के बीच कारोबार में निरंतरता हमेशा बनी रही जो हमारे गहरे आर्थिक संबंधों में मजबूती को दर्शाता है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को बताया कि एमओयू पर हस्ताक्षर उप राज्यपाल सिन्हा और लुलु समूह के चेयरमैन यूसुफ अली एम ए की उपस्थिति में किए गए। यह समझौता दुबई में हुआ जहां पर सिन्हा ने लुलु हाइपरमार्केट में जे ऐंड के प्रचार सप्ताह का उद्घाटन भी किया।

सिन्हा तीन दिन की यात्रा पर संयुक्त अरम अमीरात में हैं। समझौते पर जम्मू कश्मीर सरकार में प्रधान सचिव (उद्योग और वाणिज्यि) रंजन प्रकाश ठाकुर और लुलु ग्रुप के कार्यकारी निदेशक अशरफ अली एमए ने किए। सिन्हा ने कहा, मुझे भरोसा है कि यह नई शुरुआत हमारे बीच कारोबार को अभूतपूर्व स्तर पर ले जाएगी। लुलु हाइपरमार्केट में विश्व प्रसिद्ध जीआई (भौगोलिक संकेतक)-दर्जा प्राप्त केसर पेश की गई। इस मौके पर सिन्हा ने कहा कि लुलु ग्रुप जम्मू-कश्मीर से सेब तो पहले ही आयात कर रहा है। भारत में केसर, सेब, अखरोट और बादाम का सबसे अधिक उत्पादन जम्मू-कश्मीर में ही होता है। और इस समझौते के बाद अब लुलु समूह यहां के उत्पाद 190 लुलु हाइपरमार्केट में दुकानदारों तक पहुंचाने में मदद करेगा।

## कोरोना के नए मामलों में वृद्धि से होटल उद्योग में मांग घटेगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के फैलने के साथ महामारी की नई लहर के बीच चालू वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में होटल उद्योग में मांग घटेगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बृहस्पतिवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही। इक्रा ने एक बयान में कहा कि पिछले एक सप्ताह में संक्रमण में तेज वृद्धि और कई राज्यों में आंशिक रूप से लॉकडाउन से होटल में जनवरी 2022 के लिए हो रखी बुकिंग रद्द हो रही है। साथ ही अगले कुछ हफ्तों के लिए बुकिंग संबंधी गतिविधियों में भी कमी आई है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, "पिछले महीने के अंत तक केवल चुनिंदा व्यापार यात्रा में कुछ कटौती देखी गई थी। लेकिन दिसंबर में अवकाश यात्रा काफी हद तक अप्रभावित रही और बुकिंग में कोई बड़ा प्रभाव नहीं देखा गया। इक्रा की सहायक उपाध्यक्ष और क्षेत्र प्रमुख विनुता एस ने कहा कि ओमीक्रोन स्वरूप के फैलने और संक्रमण में तेज वृद्धि के साथ कई राज्यों ने आंशिक लॉकडाउन लगाया है। इससे अगले कुछ हफ्तों में यात्रा कम हो जाएगी। हम होटल बुकिंग और उससे संबंधी गतिविधियों में कमी देख रहे हैं।

## हरित ऊर्जा गलियारे के दूसरे चरण के लिए 12,031 करोड़ रुपए स्वीकृत

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने हरित ऊर्जा गलियारे के दूसरे चरण के लिए बृहस्पतिवार को 12,031 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की। इसका उपयोग सात राज्यों में ग्रिड एकीकरण और करीब 20,000 मेगावॉट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं से उत्पादित बिजली के पारेषण में किया जाएगा। आधिकारिक बयान के मुताबिक इस योजना के तहत 10,750 सर्किट किलोमीटर की बिजली पारेषण लाइन बिछाने और बिजली उपकेंद्रों के करीब 27,500 मेगा वोल्ट-एम्पीयर अंतरण का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक



में यह फैसला किया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हरित ऊर्जा गलियारे के दूसरे चरण का क्रियान्वयन वर्ष 2021-22 से लेकर 2025-26 के दौरान किया जाएगा। इस राशि से गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, राजस्थान, तमिलनाडु एवं उत्तर प्रदेश में करीब 20,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का क्रियान्वयन एवं ग्रिड एकीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना पर होने वाले कुल निवेश का 33 फीसदी यानी 3,970.34 करोड़ रुपए केंद्रीय वित्तीय समर्थन के रूप में होगा। इस समर्थन का इस्तेमाल पारेषण शुल्क के भुगतान और बिजली की लागत कम करने में होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि दूसरे चरण के क्रियान्वयन से वर्ष 2030 तक 4,50,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। इससे देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी।

ठाकुर ने कहा कि इस योजना के पहले चरण का करीब 80 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। इसके इस साल पूरा हो जाने की उम्मीद है।

## क्रिसमस, नए साल की बुकिंग रद्द होने से होटल क्षेत्र को 200 करोड़ रुपए का नुकसान

भाषा। नई दिल्ली

**कोरोना वायरस** के कारण शादी समारोह के साथ-साथ क्रिसमस और नए साल के जश्न के लिए बुकिंग रद्द होने से होटल, रेस्तरां एवं अन्य संबंधित क्षेत्र को 200 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

कोरोना वायरस के नए मामलों में वृद्धि के साथ उसकी रोकथाम के लिए विभिन्न राज्यों में पाबंदियां लगने से अनिश्चितता बढ़ी है। इससे उद्योग को डर है कि सरकार के समर्थन के बिना उन्हें अपने काम-धंधे फिर बंद करने पड़ेंगे। एचआरएआई के संयुक्त मानद सचिव प्रदीप शेट्टी ने बताया,

**● शेट्टी ने कहा कि रेस्टोरेंट में भी लोगों की संख्या में बड़ी गिरावट आई है और यह पचास प्रतिशत से भी कम हो गई है**

नए साल के आस पास बहुत सारे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना था। अब शादियों का सीजन है और वह रद्द हो गई है। नए वर्ष और क्रिसमस के आस-आस समारोह तथा कार्यक्रमों के रद्द होने की वजह से उद्योग को अबतक करीब 200 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

उन्होंने ओमीक्रोन के नए स्वरूप के प्रभाव को लेकर कहा पिछले वर्ष 25 दिसंबर के बाद से शहर के होटल कमरों के उपयोग और शुल्क में भारी गिरावट आई है।

शेट्टी ने कहा कि रेस्टोरेंट में भी लोगों की संख्या में बड़ी गिरावट आई है और यह पचास प्रतिशत से भी कम हो गई है। बिक्री और आय दिसंबर के मुकाबले घटकर केवल दस से 20 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने कहा, छुट्टियों मनाने और रिसॉर्ट जैसे स्थानों पर भी होटल कमरों का उपयोग 50 प्रतिशत से भी अधिक घट गया है, जो पहले अच्छा चल रहे थे।

शेट्टी ने कहा कि कोरोना वायरस की दूसरी लहर के बाद अक्टूबर 2021 से होटलों और रेस्तरां में राजस्व और लोगों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। हालांकि वर्तमान में उद्योग फिर से अनिश्चितताओं की तरफ जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### भारत में इस वर्ष दस लाख इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री होने की उम्मीद: एसएमईवी

**नई दिल्ली।** भारत मे इस वर्ष करीब दस लाख पूर्ण इलेक्ट्रिक वाहनो की बिक्री होने की उम्मीद है जो बीते 15 वर्ष मे बिके इस श्रेणी के कुल वाहनो के बराबर है। सोसाइटी ऑफ मैन्यूफैक्चर्स ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एसएमईवी) की ओर से बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। एसएमईवी ने एक बयान मे कहा कि देश मे 2021 मे इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहनो की बिक्री दो गुनी बढ़कर 2,33,971 वाहन हुई। 2020 में यह आंकड़ा l,00,736 वाहन था। एसएमईवी के महानिदेशक सोहिंदर गिल ने कहा, इलेक्ट्रिक वाहनों के मामले में बीते कुछ महीने बहुत बढ़िया रहे। बीते 15 वर्ष में कुल मिलाकर दस लाख इलेक्ट्रिक दो पहिया, तीन पहिया वाहन, इलेक्ट्रिक कार और ई-बसो की बिक्री हुई। इतनी ही संख्या मे इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री जनवरी 2022 से शुरू करते हुए सालभर में होगे की उम्मीद है। गिल ने कहा कि आकर्षक कीमतों, कम लागत और देखरेख मे आने वाले कम खर्च के कारण बड़ी संख्या मे ग्राहक दो पहिया पेट्रोल वाहनो से इलेक्ट्रिक वाहनों का रूख कर रहे हैं।

### विद्युत क्षेत्र के सीपीएसई का अप्रैल-दिसंबर 2021 के बीच पूंजीगत व्यय 47 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** विद्युत मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसके अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमो (सीपीएसई) ने अप्रैल-दिसंबर 2021 के बीच 40,395.34 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय किया है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के मुकाबले 47 प्रतिशत अधिक है। विद्युत मंत्रालय ने एक बयान में कहा, विद्युत मंत्रालय के तहत आने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमो ने वित्त वर्ष 2021-22 मे दिसंबर माह तक 40,395.34 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय किया। यह वित्त वर्ष 2020-21 में इसी अवधि के दौरान किए गए व्यय के मुकाबले 47 फीसदी अधिक है। इसमें कहा गया कि मंत्रालय का पूंजीगत व्यय संबंधी प्रदर्शन पिछले वर्ष के मुकाबले कही बेहतर है। मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 के पूंजीगत व्यय के लक्ष्य 50,690.52 करोड़ रुपए में से 80 फीसदी इन उपक्रमो ने सामूहिक रूप से हासिल कर लिया है। विद्युत क्षेत्र के सीपीएसई मे सबसे अच्छा प्रदर्शन पॉवरग्रिड (90.6 फीसदी), एसजेवीएन (90.19 फीसदी), एनटीपीसी (86.5 फीसदी) और टीएचडीसी (85.38 फीसदी) का रहा। विद्युत मंत्रालय ने ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाओ पर पूंजीगत व्यय की रफ्तार बढ़ाने पर विशेष जोर दिया है।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज ने विदेशी मुद्रा में बांड जारी कर चार अरब डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र तक का कारोबार करने वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने विदेशी मुद्रा मे बांड जारी करके चार अरब अमेरिकी डॉलर का कर्ज जुटाया है। यह भारत से जारी अबतक का सबसे बड़ी राशि का विदेशी मुद्रा बांड था। समूह ने विदेशी मुद्रा मूल्य में बांड जारी कर धन जुटाया। कंपनी की इस राशि का उपयोग मौजूदा कर्ज को चुकाने मे करने की योजना है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बयान के अनुसार, निर्गम को 11.5 अरब डॉलर के साथ करीब तीन गुना अभिदान मिला...। कंपनी ने 1.5 अरब डॉलर 2.875 प्रतिशत ब्याज, 1.75 अरब डॉलर 3.625 प्रतिशत ब्याज और 75 करोड़ डॉलर 3.75 प्रतिशत ब्याज पर जुटाए। इसकी भुगतान अवधि 2032 से 2062 के बीच है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बांड को साख निर्धारण करने वाली एजेंसियो एस एंड पी ने बीबीबी प्लस और मूडीज ने बीएए2 रेटिंग दी थी। बयान के अनुसार बांड के लिए एशिया, यूरोप और अमेरिका से आर्डर मिले।

### कार्स 24 और बजाज फाइनेंस में करार

लखनऊ। प्री.ओन्ड वाहनों के लिए भारत के प्रमुख ई.कॉमर्स प्लेटफॉर्म कार्स24 ने प्रि.ओन्ड कारों के वित्तपोषण के लिए सुव्यवस्थित खरीदारी की सुविधा के लिए बजाज फाइनेंस लिमिटेड के साथ सहयोग किया है। यह कदम दिसंबर 2021 में घोषित सीरीज.जी फंडिंग राउंड का अनुसरण करता हैए जिसके तहत प्रि.ओन्ड कारों के ई.कॉमर्स प्लेयर . कार्स24 ने 400 मिलियन डालर जुटाए। जहां प्री.ओन्ड वाहनों के लिए उपभोक्ता मांग आसमान छू रही हैए वहीं भारतीय यूज्ड कारों के उद्योग में उपभोक्ता वित्तपोषण की पैठ केवल 15 प्रतिशत ही है। कार में निवेश करते समय फाइनेंसिंग की प्रमुख भूमिका को समझते हुएए कार्स24 और बजाज फाइनेंस लिमिटेड अब उपभोक्ताओं को अपने वित्तीय लचीलेपन में सुधार करके और कार का मालिकाना हक़ प्राप्त करने में सक्षम बना रहे हैं। इस रणनीतिक साझेदारी पर टिप्पणी करते हुएए अनूप साहा डिप्टी सीईओए बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने कहा आसान और सुलभ वित्त समाधान प्रदान करना बजाज फाइनेंस का ध्येय है। यह सिनर्जिक पार्टनरशिप साझेदारी प्रि.ओन्ड कार खरीदने के लिए ज्यादा खरीददारों को वित्त लेने में सहायता देती है।

### एमएसएमई ऋण गारंटी योजना के कारण 13.5 लाख इकाइयां, 1.5 करोड़ नौकरियां बचीं: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सरकार की तरफ से 2020 में शुरू की गई आपातकालीन ऋण सुविधा गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के कारण 13.5 लाख कंपनियां दिवालिया होने और 1.5 करोड़ रोजगार छिनने से बच गए। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। केंद्र सरकार ने कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) की सहायता के लिए 2020 में ईसीएलजीएस शुरू की थी। यह 20 लाख करोड़ रुपए के आत्मनिर्भर भारत अभियान पैकेज का सबसे बड़ा हिस्सा है। एसबीआई रिसर्च ने एक रिपोर्ट मे कहा, हमारा अनुमान है कि करीब 13.5 लाख सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम खाते ईसीएलजीएस के कारण बच गए।

### डेलॉइट ने जिला प्रशासनों की मदद के लिए कोविड प्लेबुक उपलब्ध कराई

**नई दिल्ली।** बहुराष्ट्रीय पेशेवर सेवा नेटवर्क डेलॉइट ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के कारण बढ़ रहे खतरे के मद्देनजर वह देशभर के जिला प्रशासनों को मदद देने के लिए एक प्लेबुक उपलब्ध करवा रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि प्लेबुक में दर्ज नियम एवं निर्देश कोविड-19 के मामलो में वृद्धि के मद्देनजर आवश्यक संसाधनो और स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने में सरकारो के लिए मददगार होंगे। डेलॉइट के वैश्विक सीईओ पुनीत रंजन ने कहा, डेलॉइट प्लेबुक लोगों को घरो पर ही निगरानी वाली स्वास्थ्य देखभाल मुहैया करवाने में मदद देगी। इसके जरिए ग्रामीण, वंचित और दूरदराज के समुदायो तक मेडिकल सुविधा और संसाधन पहुंचाए जा सकेंगे।

### ऐक्सिस म्यूचुअल फंड ने निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया

**मुंबई।** भारत की प्रमुख परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों में से एक ऐक्सिस म्यूचुअल फंड ने ऐक्सिस निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स फंड-निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर नजर रखने वाला ओपन एंडेड इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एनएफओ सब्सक्रिप्शन के लिए 7 जनवरी को खुलेगा और 21 जनवरी 2022 को बंद होगा। नए फंड का प्रबंधन इक्विटी हेड, जिनेश गोपानी द्वारा किया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम आवेदन राशि 5,000 रुपये है।

## पेज एक का शेष

### एक दिन...

के कारण दम तोड़ दिया। दक्षिण में, कर्नाटक में पिछले 24 घंटों में 5,031 ताजा केस आए। केरल में 68,325 नमूनों का परीक्षण करने के बाद गुरुवार को 4,649 नए मरीज मिले। तमिलनाडु में 4,862 मरीज आए। इस राज्य की राजधानी चेन्नई में 2,481 मामलों की पुष्टि हुई। कोरोना मामलों में इस बेतहाशा से बढ़ोतरी से चिंतित केंद्र ने राज्यों से कहा है कि वे कोविड प्रबंधन के लिए जिला, उप-जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना सुनिश्चित करें, जिसमें पर्याप्त कर्मचारी, डॉक्टर, बुनियादी ढांचा, बिस्तरों की उपलब्धता की निगरानी? होम आइसोलेशन में रोगियों को आउटबाउंड कॉल करना शामिल है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि इसका उद्देश्य एम्बुलेंस परिवहन और अस्पताल के बिस्तर जैसी सेवाओं तक आसानी से पहुंच सुनिश्चित करना है। मंत्रालय ने 1 जनवरी को लिखे एक पत्र में कहा था कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चि करना चाहिए कि घर में क्वारंटीन लोगों की दैनिक स्थिति रिपोर्ट को नए दिशानिर्देशों के अनुसार जिला और उप-जिला स्तर पर नियंत्रण कक्षों को दिया जाए।

### राजधानी में...

कोविड-19 के मरीजों के लिए ऑक्सीजन की सुविधा वाले कुल 12,104 बिस्तर हैं, जिनमें से 1,116 बिस्तरों पर मरीज भर्ती हैं, जबकि वेंटिलेटर की सुविधा वाले 72 आईसीयू बिस्तरों पर भी मरीज हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी में बिस्तरों की कमी नहीं होगी। केस बढ़ते ही बैंक्वेट हॉल को फिर कोविड केंद्रों में बदल दिया गया है, जिनमें मरीजों को रखा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड-19 के छह मरीजों की मौत हुई है।

### इटली से...

आने के बाद कुछ यात्री इससे संतुष्ट नहीं दिखे और टर्मिनल बिल्डिंग पर हंगामा करने लगे। सोशल मीडिया पर डाले गए कुछ कथित वीडियो में यात्रियों को अधिकारियों से बहस करते देखा गया। मिलान और अमृतसर के बीच चार्टर उड़ान संख्या वाई यू-661, पुर्तगाली कंपनी यूरो-एटलांटिक एयरवेज द्वारा संचालित की जाती है।

### राष्ट्रपति ने...

सहित किसी भी कार्यक्रम में शामिल हुए बिना पंजाब से दिल्ली लौट आए थे। मोदी ने ट्विटर पर कहा कि राष्ट्रपति जी से मुलाकात की। उनकी चिंता के लिए उनका आभारी हूं। उनकी शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं, जो हमेशा ताकत का स्त्रोत होते हैं। इससे पहले उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने इस घटना के बारे में मोदी से बात की और गहरी चिंता व्यक्त की। उपराष्ट्रपति कार्यालय ने ट्विटर पर कहा कि नायडू ने यह भी उम्मीद जताई कि स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल का ईमानदारी से पालन करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे और भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न हो। इससे इतर, पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने इसके पीछे किसी भी सुरक्षा चूक या राजनीतिक मकसद से इनकार किया है। होशियारपुर में सभा को संबोधित करते हुए चन्नी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन को कोई खतरा नहीं था, लेकिन भाजपा की रैली में लोगों की कम उपस्थिति के कारण उन्होंने बुधवार को अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। उन्होंने कहा कि खाली कुर्सियों के कारण उन्हें बुरा लगा और वह सुरक्षा खतरे जैसे तुच्छ कारण का हवाला देते हुए राष्ट्रीय राजधानी वापस चले गए। चन्नी ने कहा कि पीएम मोदी ने झूठा बहाना बनाकर अपनी यात्रा रद्द की है। यह पंजाब को बदनाम करने और राज्य में लोकतंत्र की हत्या करने की बड़ी साजिश का एक हिस्सा है, जो इससे पहले जम्मू-कश्मीर में किया गया था। मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि एक किलोमीटर दूर प्रदर्शन कर रहे किसानों से प्रधानमंत्री मोदी को किस प्रकार खतरा पैदा हो सकता था। जहां उनका काफिला रुका, वहां एक भी नारा नहीं लगा।

### पीएम की...

मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी साजिश के सरगना थे। पंजाब भाजपा अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से मुलाकात के बाद कहा कि हम इस मामले की जांच के लिए पंजाब सरकार द्वारा गठित समिति को खारिज करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा बनाई गई यह कमेटी कभी कुछ पता नहीं लगा पाएगी क्योंकि वह खुद इस साजिश के सरगना हैं।

### विस चुनाव...

वृद्धि के मद्देनजर चुनाव उम्मीदवारों के लिए मौजूदा खर्च सीमा की जांच करने के लिए थी। चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा उम्मीदवारों के लिए मौजूदा चुनाव व्यय सीमा बढ़ाने और 2014 से 2021 तक मतदाताओं में 83.4 करोड़ से 93.6 करोड़ (12.23 फीसदी तक) की वृद्धि और 2014-15 से 2021-22 तक लागत मुद्रास्फीति सूचकांक में वृद्धि की मांग के संबंध में 240 से 317 (32.08 फीसदी तक) तक, समिति ने अधिकतम सीमा बढ़ाने के लिए अपनी सिफारिशें प्रस्तुत की। आयोग ने समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है और उम्मीदवारों के लिए मौजूदा चुनाव खर्च की सीमा को बढ़ाने का फैसला किया है।

### बुली बाई...

किया था और वह ट्विटर पर बुली बाई का मुख्य अकाउंट होल्डर भी है। आरोपी को दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) इकाई ने गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (आईएफएसओ) के.पी.एस. मल्होत्रा ने कहा, वह (गिरफ्तार छात्र) मुख्य साजिशकर्ता है और इसने ही गिटहब पर ऐप को बनाया था। उसने ऐप बनाने की बात स्वीकार की है। आरोपी के लैपटॉप से ऐप बनाने संबंधी फोरेंसिक साक्ष्य मिले हैं। उसे दिल्ली लाया गया है और पुलिस हिरासत के अनुरोध तथा आगे की जांच के लिए अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा, आरोपी को तकनीकी विश्लेषण और आईपीडीआर (इंटरनेट प्रोटोकॉल डिटेल रिकॉर्ड्स) तथा गेटवे का उपयोग कर, बृहस्पतिवार की सुबह जोरहाट से गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ने बताया कि बिश्नोई मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से बी.टेक द्वितीय वर्ष का छात्र है। वहीं, असम पुलिस के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, इस मामले में दिल्ली पुलिस हमारे साथ सहयोग कर रही है। उनकी टीम यहां बुधवार सुबह पहुंची और शाम तक हमने आरोपी का पता लगा लिया था। अभियान 12 घंटे में ही समाप्त हो गया। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच में शामिल मुंबई पुलिस ने आरोपी के सम्बन्ध में असम पुलिस से संपर्क नहीं किया है। मामले की जांच कर रहे मुंबई पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ ने अब तक तीन गिरफ्तारियां की हैं।

### जम्मू-कश्मीर...

में प्रमुख नेताओं को खतरे के आसार पर गौर करने वाला समूह है। उन्होंने कहा कि बल के कर्मियों की संख्या को न्यूनतम कर एसएसजी को सही आकार दिया जाएगा और अब इसके प्रमुख, पुलिस अधीक्षक के पद से नीचे के कोई अधिकारी होंगे। हालांकि, अधिकारियों का मानना है कि एसएसजी के आकार को छोटा करने पर पुन: विचार किया जा रहा है क्योंकि पुलिस बल के कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इससे विशिष्ट बल की तैयारियों में बाधा आ सकती है। एसएसजी को अब कार्यरत मुख्यमंत्रियों और उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इस निर्णय से फारूक अब्दुल्ला, गुलाम नबी आजाद और दो अन्य पूर्व मुख्यमंत्रियों-उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती की सुरक्षा ऐसे समय में हट जाएगी जब श्रीनगर में कई आतंकी घटनाएं हुई हैं। आजाद के अलावा सभी पूर्व मुख्यमंत्री श्रीनगर में रहते हैं। हालांकि फारूक अब्दुल्ला और आजाद को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, जिसे ब्लैक कैट कमांडो भी कहा जाता है, का सुरक्षा कवर मिलता रहेगा क्योंकि उन्हें जेड-प्लस सुरक्षा मिली हुई है। उमर अब्दुल्ला और महबूबा को जम्मू-कश्मीर में जेड-प्लस सुरक्षा मिलती रहेगी, लेकिन केंद्रशासित प्रदेश के बाहर उनकी सुरक्षा कम हो जाने का अनुमान है।

### उप्र के...

क्षेत्र के मीटर्ड कनेक्शन वाले निजी नलकूपों के लिए 6 प्रति यूनिट की दर फिक्स चार्ज 130 रुपए प्रति हॉर्सपावर की जगह किसानों को अब मात्र 3 प्रति यूनिट फिक्स चार्ज 65 रुपए प्रति हॉर्सपावर ही देना होगा। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से निजी नलकूप के लगभग 13 लाख उपभोक्ताओं को सीधा लाभ होगा।

### भारत ने...

सांसदों ने इस समारोह में हिस्सा लिया था। पत्र लिखे जाने के बाद फोरम के संयोजक सुजीत कुमार ने कहा था कि भारतीय सांसदों को पत्र लिखना चीनी दूतावास के दायरे में नहीं आता है। बीजद सांसद सुजीत कुमार ने कहा था कि भारतीय सांसदों को पत्र लिखना दूतावास के दायरे में नहीं आता है। अगर कोई मुद्दा था तो वे विदेश मंत्रालय को लिख सकते थे। यह प्रोटोकाल का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि तिब्बत की निर्वासित सरकार के साथ भारतीय सांसदों की मुलाकात राजनीतिक सम्पर्क नहीं था और इसका मकसद संस्कृति और कारोबार संबंधों को बढ़ावा देना था। उल्लेखनीय है कि 1959 में चीन के खिलाफ आंदोलन के विफल रहने के बाद 14वें दलाई लामा को तिब्बत से भागना पड़ा था और वे भारत आ गए थे। भारत में ही तिब्बत की निर्वासित सरकार का गठन किया गया था। चीन पूर्व में कई अवसरों पर दलाई लामा पर अलगाववादी गतिविधियां चलाने और तिब्बत को विभाजित करने का प्रयास करने का आरोप लगाता रहा है। हालांकि, तिब्बत के आध्यात्मिक नेता ने जोर दिया कि वे स्वतंत्रता नहीं मांग रहे बल्कि सभी तिब्बतियों के लिए वास्तविक स्वायत्ता मांग रहे हैं।

### चीन सीमा...

किलोमीटर लंबी पैंगांग त्सो झील का दो-तिहाई हिस्सा है और बाकी हिस्सा भारत के पास है। पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में गतिरोध देखा गया है, जिसमें चीनी आक्रामक गश्त पैदल और नावों से कर रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि पुल के अलावा, चीनी सेना ने सैनिकों और हथियारों की तेजी से तैनाती के लिए पुल की ओर जाने वाली सड़क भी बनाई है।


# एल्गर ने दिलाई दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से जीत

**●तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर**

**भाषा** । जोहानिसबर्ग

**डीन** एल्गर की धैर्य और आवश्यक आक्रामकता से भरी कप्तानी पारी से दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को वांडरर्स में अपना सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करके भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में सात विकेट से जीत दर्ज की और तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कराई। एल्गर ने 188 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से नाबाद 96 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित चौथे दिन 240 रन के लक्ष्य के सामने तीन विकेट पर 243 रन बनाकर वांडरर्स में भारत के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की।

विराट कोहली के बिना खेल रहे भारत ने अपनी पहली पारी में 202 और दूसरी पारी में 266 रन बनाए जबकि दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 229 रन बनाकर 27 रन की बढ़त हासिल की थी। एल्गर ने बुधवार को एडेन मार्कराम (31) के साथ पहले विकेट के लिए 47 और कीगन पीटरसन (28) के साथ दूसरे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारियां करने के बाद गुरुवार को रॉसी वान डर डुसेन के साथ 82 रन और तेम्बा बावुमा (नाबाद 23) के साथ 68 रन की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका की आसान जीत सुनिश्चित की।



भारत पर जीत दर्ज करने के बाद तेम्बा बावुमा को गले लगाते कप्तान डीन एल्गर

भारत ने वांडरर्स पर इससे पहले मैच नहीं गंवाया था। उसने यहां दो मैचों में जीत दर्ज की थी और इससे भारतीय टीम यहां अजेय बढ़त लेकर दक्षिण अफ्रीका में पहली टेस्ट श्रृंखला जीतने के लक्ष्य के साथ उतरी थी लेकिन एल्गर ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अब केपटाउन में 11 जनवरी से शुरू होने वाला तीसरा मैच निर्णायक बन गया है। भारतीय गेंदबाज दबाव बनाने में नाकाम रहे। जसप्रीत बुमराह को विकेट नहीं मिला जबकि मोहम्मद सिराज पूरी तरह से फिट नहीं थे जिससे भारतीय रणनीति प्रभावित हुई।

दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों के विश्वसनीय ड्राइव वास्तव में दर्शनीय थी जिससे उन्होंने भारतीयों को हावी नहीं होने दिया। पहले दो सत्र का खेल बारिश की भेंट चढ़ने के बाद आखिर में स्थानीय समयानुसार तीन बजकर 45 मिनट (भारतीय समयानुसार सात बजकर 15 मिनट) पर खेल शुरू हो पाया। दक्षिण अफ्रीका ने दो विकेट पर 118 रन से आगे खेलना शुरू किया। तब वह लक्ष्य से 122 रन दूर था। दक्षिण अफ्रीका ने दो घंटे से थोड़ा अधिक समय में यह रन बना दिए बादल छाए होने के और दूधिया रोशनी के बावजूद भारत ने बुमराह के साथ रविचंद्रन अश्विन से गेंदबाजी का आगाज करवाया।

एल्गर ने वहीं से शुरुआत की जहां पर कल उन्होंने अपनी पारी समाप्त की थी। एल्गर धैर्य की प्रतिमूर्ति बने रहे। उन्होंने जल्द ही अश्विन पर मिडऑन पर चौका लगाकर अपने टेस्ट करियर का 19वां अर्धशतक पूरा किया। वान डर डुसेन का बुमराह पर किया ड्राइव आकर्षक था। इस बीच आउटफील्ड गीली होने के कारण अंपायरों को गेंद बदलनी पड़ी।

गेंद गीली हो जाने से भी भारतीय गेंदबाजों को परेशानी हुई। बुमराह, मोहम्मद शमी और सिराज की तीन शार्ट पिच गेंद पर दक्षिण अफ्रीका को कुल 15 वाइड रन मिले। शमी के ओवर में 14 रन बने जिसमें वान डर डुसेन के दो नियंत्रित चौके भी शामिल थे।

वान डर डुसेन जब खतरनाक नजर आ रहे थे, तब शमी ने उन्हें बाहर जाती गेंद पर पहली स्लिप में चेतेश्वर पुजारा के हाथों कैच कराया। भारत को जल्द ही तेम्बा बावुमा का भी विकेट मिल जाता लेकिन ठाकुर ने फालोथ्रू में कैच छोड़ दिया। बावुमा ने तब खाता भी नहीं खोला था। एल्गर ने हालांकि शमी पर लगातार दो चौके लगाकर फिर से गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। बावुमा ने पहली पारी की तरह खुलकर खेलना शुरू किया जबकि एल्गर ने सिराज के एक ओवर में तीन चौके लगाकर रही सही कसर पूरी कर दी। दक्षिण अफ्रीकी कप्तान ने आखिर में विजयी चौका लगाया।

**स्कोर बोर्ड**

भारत पहली पारी 202

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी 229

भारत दूसरी पारी 266

दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी : डीन एल्गर नाबाद 96, एडेन मार्कराम पगबाधा बो ठाकुर 31, कीगन पीटरसन पगबाधा बो अश्विन 28, रॉसी वान डर डुसेन का पुजारा बो शमी 40, तेम्बा बावुमा नाबाद 23 अतिरिक्त (बाई 01, लेग बाई 07, नोबॉल 01, वाइड 16) 25

कुल (67.4 ओवर में, तीन विकेट पर) 243

विकेट पतन : 1-47, 2-93, 3-175

गेंदबाजी : बुमराह 17-2-70-0, शमी 17-3-55-1, ठाकुर 16-2-47-1, सिराज 6-0-37-0, अश्विन 11.4-2-26-1

## घरेलू सत्र को दोबारा शुरू करने के लिए सब कुछ करेंगे: गांगुली

**भाषा** । मुंबई

**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने राज्य इकाईयों को आश्वस्त किया कि बोर्ड कोविड-19 के बढ़ने से उत्पन्न हुई परिस्थितियों के नियंत्रण में आने के बाद घरेलू सत्र को दोबारा शुरू करने के लिए सब कुछ करेगा।

देश भर में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण बीसीसीआई को मंगलवार को रणजी ट्राफी सहित कुछ बड़े टूर्नामेंट को स्थगित करने के लिए बाध्य होना पड़ा। रणजी ट्राफी इस महीने के अंत में शुरू होनी थी। गांगुली ने राज्य संघों को लिखे एक पत्र में कहा, आप इस बात से वाकिफ ही हो कि हमें कोविड-19 हालात के खराब होने के कारण मौजूदा घरेलू सत्र को रोकना पड़ा। रणजी ट्राफी और सीके नायुडू ट्राफी इस महीने शुरू होनी थी जबकि सीनियर महिला टी-20 लीग फरवरी में आयोजित होती।

## भारत के चार मैच वर्ष 2021 के पसंदीदा मैच के लिए नामित

**नई दिल्ली**। टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक पदक जीतने वाली भारतीय परुष हॉकी टीम के कांस्य पदक मुकाबले समेत भारतीय हॉकी टीम के चार मैच इस साल अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा वर्ष 2021 के सबसे पसंदीदा मैच के पुरस्कार की दौड़ में हैं। एफआईएच एक सर्वेक्षण के जरिए हॉकी प्रेमियों को पिछले साल का सबसे पसंदीदा मैच चुनने का मौका दे रहा है।

भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में जर्मनी को 5-4 से हराकर 41 साल बाद कांस्य पदक जीता। वह मैच भी पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। इसके अलावा भारतीय महिला टीम के दो मैचों को भी नामांकन मिला है। इनमें तोक्यो ओलंपिक क्वार्टर फाइनल में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम आस्ट्रेलिया पर 1-0 से मिली जीत और कांस्य पदक के प्लेआफ में ब्रिटेन से 3-4 से मिली हार वाला मैच शामिल है।

## जेमिमा व शिखा को नहीं मिली जगह

**●महिला विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित**

**भाषा** । नई दिल्ली

**स्टार** बल्लेबाज जेमिमा रौड्रिगेज को चार मार्च से तीन अप्रैल तक न्यूजीलैंड में होने वाले आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय महिला क्रिकेट टीम में जगह नहीं मिली है। मिताली राज टीम की कप्तान होंगी जबकि हरमनप्रीत कौर उपकप्तान रहेंगी। 39 वर्ष की मिताली कह चुकी हैं कि वह विश्व कप के बाद संन्यास के बारे में सोचेंगी। टीम में स्मृति मंधाना, झूलन गोस्वामी और युवा शेफाली वर्मा को भी शामिल किया गया है।

जेमिमा और हरफनमौला शिखा पांडे को खराब फॉर्म की वजह से टीम में जगह नहीं मिली है। जेमिमा पिछले साल एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सकी।



जेमिमा रौड्रिगेज (फाइल फोटो)

वहीं पांडे ने अंतरराष्ट्रीय मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि दोनों को वनडे प्रारूप में खराब फॉर्म के कारण बाहर किया गया है। रिचाा घोष और तानिया भाटिया के रूप में भारत ने दो विकेटकीपरों को मौका दिया हे।

यही भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ नौ से 24 फरवरी तक सीमित ओवरों की श्रृंखला खेलेगी जिसमें एक टी-20 और पांच वनडे मैच खेले जाएंगे। भारत को विश्व कप में छह मार्च को तौरंगा में पाकिस्तान से पहला मैच खेलना है। इसके बाद 10 मार्च को हैमिल्टन में न्यूजीलैंड से, फिर वेस्टइंडीज (12 मार्च, हैमिल्टन), गत चैम्पियन इंग्लैंड (16 मार्च, तौरंगा), आस्ट्रेलिया (19 मार्च, आकलैंड), बांग्लादेश (22 मार्च, हैमिल्टन) और दक्षिण अफ्रीका (27 मार्च, क्राइस्चर्च) से खेलना है।

**टीम**- विश्व कप: मिताली राज (कप्तान), हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, स्नेह राणा, झूलन गोस्वामी, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, रेणुका सिंहझ कुर, तानिया भाटिया, राजेश्वरी गायकवाड़, पूनम यादव। **स्टैंडबाय** : एस मेघना, एकता बिष्ट, सिमरन दिल बहादुर।


टी-20 : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया, दीप्ति शर्मा, रिचाा घोष, स्नेह राणा, पूजा वस्त्राकर, मेधना सिंह, रेणुका सिंह ठाकुर, तानिया भाटिया, राजेश्वरी गायकवाड़, पूनम यादव, एस मेघना, एकता बिष्ट, सिमरन दिल बहादुर।

## उस्मान ख्वाजा का शतक आस्ट्रेलिया का विशाल स्कोर

**एपी** । सिडनी

**उस्मान** ख्वाजा के नौवें टेस्ट शतक की मदद से आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन आठ विकेट पर 416 रन के स्कोर पर पारी घोषित की। जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर इंग्लैंड ने बिना किसी नुकसान के 13 रन बना लिए थे। 2019 के बाद पहला टेस्ट खेल रहे ख्वाजा को ट्रेविस हेड के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के कारण ही आस्ट्रेलियाई टीम में जगह मिली थी। उन्होंने स्टीव स्मिथ (67) के साथ शतकीय साझेदारी की और फिर आस्ट्रेलियाई पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाई। उन्होंने 206 गेंद में 137 रन की पारी खेली।

इससे पहले स्टुअर्ट ब्रॉड ने दूसरी नई गेंद से आस्ट्रेलिया को लगातार दो झटके दिए। उन्होंने 101 रन देकर पांच विकेट लिए। दूसरे दिन के अंत में हसीब हमीद और जाक क्रॉली दो दो रन बनाकर खेल रहे थे। इंग्लैंड आस्ट्रेलिया के पहली पारी के स्कोर से 403 रन पीछे है। इंग्लैंड ने लंच ब्रेक के बाद दूसरी नई गेंद ली और इसका फायदा तुरंत मिला जब ब्रॉड ने स्मिथ को विकेट के पीछे जोस बटलर के हाथों लपकवाया। इसके साथ ही



शतक पूरा करने के बाद दर्शकों को अभिवादन करते उस्मान ख्वाजा

स्मिथ और ख्वाजा की 115 रन की साझेदारी भी टूट गई। इसके चार ओवर बाद ब्रॉड ने कैमरन ग्रीन (पांच) को स्लिप में जाक क्रॉली के हाथों लपकवाया।

आस्ट्रेलिया का स्कोर इस समय पांच विकेट पर 242 रन था। एलेक्स कारी 13 रन बनाकर जो रूट की गेंद पर डीप में जॉनी बेयरस्टॉ को कैच देकर लौटे। दूसरे छोर से विकेटों को गिरते देख रहे ख्वाजा ने 201 गेंद में 11 चौकों की मदद से अपना शतक पूरा किया। उन्हें 30 के स्कोर पर जीवनदान मिला था जब जैक लीच की गेंद पर जो रूट ने उनका कैच छोड़ा था। उन्होंने इस पारी के साथ 3000 टेस्ट रन भी पूरे कर लिए मैदान पर जमा करीब 25000 दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इससे पहले अपना 81वां टेस्ट खेल रहे स्मिथ ने अपना 33वां अर्धशतक 116 गेंद में पूरा किया।

## कोहली को तीसरे टेस्ट तक फिट होना चाहिए : राहुल

**भाषा** । जोहानिसबर्ग

**भारत** के कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने गुरुवार को कहा कि विराट कोहली ने नेट्स पर अभ्यास शुरू कर दिया है और उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के निर्णायक मैच के लिए फिट हो जाना चाहिए।

कप्तान कोहली पीठ के ऊपरी हिस्से में जकड़न के कारण दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने सात विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला 1-1 से बराबर की। राहुल ने मैच के बाद कहा, विराट पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं, पिछले कुछ दिनों से नेट पर अभ्यास कर रहे हैं और दौड़ लगा रहे हैं। मुझे लगता है कि उन्हें ठीक होना चाहिए। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने भी बाद में संवाददाताओं से बातचीत में कोहली की फिटनेस पर जानकारी दी। कोच ने कहा कि वह फिट लग रहा है और नेट्स पर अभ्यास कर रहा है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा,
उत्तराखण्ड पेयजल निगम, डीडीहाट, पिथौरागढ़

निविदा सूचना सं0 : 16/निविदा/07 दिनांक : 05.01.2022

ई-निविदा सूचना

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल एवं संसाधन विकास निर्माण निगम, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल निगम तथा उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजना के अन्तर्गत पाईप लाईन, जलाशय एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. **कार्य का नाम:-** 1. जोशा पे0यो0 (टू बिड), 2. अठखेत सोलर पम्पिंग पे0यो0 (सिंगल बिड)।
2. **ई-निविदा पोर्टल में प्रकाशन की तिथि:-** 07.01.2022 अपरान्ह 3:00 बजे।
3. **निविदा ऑनलाइन करने की अन्तिम तिथि:-** 18.01.2022 अपरान्ह 5:00 बजे।

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तें **www.uktenders.gov.in** से प्राप्त की जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता

# नोवाक जोकोविच को आस्ट्रेलिया में नहीं मिलेगा प्रवेश, वीजा भी रद्द किया

**●वीजा भी रद्द किया गया, कारोना टीकाकरण नियमों में छूट के लिए जरूरी शर्तों को पूरा करने में नाकाम रहे**

**एपी** । ब्रिसबेन

**कोविड**-19 टीकाकरण नियमों से संबंधित वीजा आवेदान के मुद्दे पर नोवाक जोकोविच को आस्ट्रेलिया पहुंचने पर अदालत के फैसले की प्रतीक्षा में आव्रजन विभाग के होटल में कैद रहते हुए एक दिन बिताना पड़ा। इससे पहले दसवां आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने के इरादे से आए जोकोविच को प्रवेश नहीं दिया गया है और कोरोना टीकाकरण नियमों में छूट के लिए जरूरी शर्तों को पूरा करने में नाकाम रहने के कारण उनका वीजा भी रद्द कर दिया गया है।

20 ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुके इस दिग्गज खिलाड़ी को कम से कम एक और रात आव्रजन विभाग के कैद में बिताना पड़ सकता है। इस बात की



भी संभावना है कि वह इस सप्ताह के अंत तक इसी तरह से रहें। जोकोविच ने गुरुवार को इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया।

फेडरल सर्किट कोर्ट के न्यायाधीश एंथनी केली ने वीजा फैसलों की समीक्षा के लिए आवेदन प्राप्त करने में देरी जोकोविच के मामले को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया और उनके निर्वासन पर अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया गया था। सरकार के एक वकील ने सहमति व्यक्त की कि 34 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी को अगली सुनवाई से पहले निर्वासित नहीं किया जाना चाहिए। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर कहा था कि उन्हें मेडिकल छूट मिली है और वह बुधवार को देर रात आस्ट्रेलिया पहुंचे। इस मेडिकल छूट के तहत विक्टोरिया सरकार के कड़े टीकाकरण नियमों के पालन से उन्हें राहत मिली थी। सीमा अधिकारियों ने हालांकि छूट को स्वीकार नहीं किया। आस्ट्रेलियाई सीमा बल ने एक बयान में कहा कि जोकोविच जरूरी शर्तें पूरी करने में नाकाम रहे हैं। प्रधानमंत्री स्कॉट मौरिसन ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि नियम एकदम साफ है। आपको मेडिकल छूट लेनी होगी जो उसके पास नहीं थी। हमने सीमा पर बात की और वहीं हुआ।

स्वास्थ्य मंत्री ग्रेग हंट ने कहा कि सीमा अधिकारियों ने जोकोविच को मिली मेडिकल छूट की समीक्षा करने के बाद उनका वीजा रद्द किया। उन्होंने कहा कि जोकोविच इस फैसले के खिलाफ अपील कर सकते हैं लेकिन अगर वीजा रद्द हो गया है तो उन्हें देश छोड़ना होगा। जोकोविच के देश सर्बिया के राष्ट्रपति ने उनके साथ हुए बर्ताव की निंदा की है।

## नॉर्थईस्ट यूनाईटेड को हराकर तीसरे स्थान पर पहुंचा जमशेदपुर

**भाषा** । बामबोलिम

**इशान** पंडिता के आखिरी क्षणों में किए गए गोल से जमशेदपुर एफसी ने गुरुवार को नॉर्थईस्ट एफसी को 3-2 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया।

इस जीत से जमशेदपुर के शीर्ष पर काबिज हैदराबाद एफसी और मुंबई सिटी एफसी के समान 16-16 अंक हो गए हैं। लेकिन गोल अंतर के कारण जमशेदपुर तीसरे स्थान पर है। उसने दस मैचों में से चार जीते हैं और चार ड्रा खेले हैं। वहीं छठी हार के बाद नॉर्थईस्ट यूनाइटेड दसवें स्थान पर कायम है। उसके दस मैचों से दो जीत व दो ड्रा से आठ अंक हैं। नॉर्थईस्ट ने डेशोर्न ब्राउन के चौथे मिनट में किए गए गोल से बढ़त हासिल की लेकिन जमशेदपुर ने जॉर्डन मुरे के 44वें मिनट में किए गए गोल से मध्यांतर से पहले स्कोर।-। से बराबर कर दिया।

## टाटा स्टील पीजीटीआई क्वालीफाईंग स्कूल में भाग लेंगे 338 गोल्फर

**अहमदाबाद**। टाटा स्टील पीजीटीआई क्वालीफाईंग स्कूल टूर्नामेंट सात से 20 जनवरी के बीच कल्हार ब्लूज एंड ग्रीन्स गोल्फ क्लब में खेला जाएगा जिसमें कुल 338 गोल्फर भाग लेंगे। क्वलीफाईंग स्कूल से ही पीजीटीआई (भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर) की शुरुआत होती है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Sachin Ajmani** who is owner of the Entire First Floor, without roof rights, portion of built up Property bearing Municipal No. WZ-34-A, built on freehold Plot No.2, Area measuring 78 Sq. Yards, in Block-D, along with undivided 1/4th rights of stilt parking floor, situated in the area of Village Bassai Darapur, known as Saraswati Garden, New Delhi; having purchased the same from Mr. Jasvinder Singh vide Sale Deed dated 02.09.2021 (vide Document No.9070, registered at Sub-Registrar, II, New Delhi) and intend tomortgage against the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Limited**. That the Surviving Member Certificate of Late Mr. Harnek Singh Jandu is not available in respect of abovementioned property. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/or creating mortgage of the said property is / are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 7 days at below address.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

## एनआईएस पटियाला में कोरोना वायरस संक्रमण के चार मामले

**भाषा** । नई दिल्ली

कोरोना वायरस महामारी की तीसरी लहर की चपेट में पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) भी आ गया है, जहां गुरुवार को इसके संक्रमण के चार मामलों की पुष्टि हुई। परिसर के अंदर रहने वाले खिलाड़ियों और सभी कोच के बीच किए गए 170 आरटी-पीसीआर जांच के बाद चार मामलों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। संक्रमण के चार मामलों में तीन जूनियर एथलीट और एक कोच शामिल हैं।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के अधिकारी ने कहा कि साइ के कोविड-19 मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत मंगलवार को एनएसएनआईएस पटियाला में खिलाड़ियों और सभी कोच के 170 आरटी-पीसीआर परीक्षण किए गए। इसके परिणामों से पता चला है कि तीन जूनियर खिलाड़ी और एक कोच कोविड-19 पॉजिटिव हैं। उन्होंने कहा कि इन चारों में बीमारी के लक्षण नहीं है और सभी एसओपी के तहत पृथकवास पर हैं। राष्ट्रीय शिविर में शामिल खिलाड़ियों और सभी कोच में कोविड-19 पॉजिटिव का कोई मामला नहीं है और वे जैव-सुरक्षित (बायो-बबल) माहौल में अभ्यास कर रहे हैं। साइ के एक अधिकारी ने यह भी कहा कि शीर्ष एथलीट पूरी तरह से अलग बायो-बबल में हैं और उनका जूनियर खिलाड़ियों या बाहरी दुनिया से कोई संबंध नहीं है।

## आत्मघाती गोल की वजह से चेल्सी से हारा टोटेनहम

**लंदन**। टोटेनहम के डिफेंडरों ने आसानी से गोल गंवा दिए जिसकी वजह से चेल्सी ने लीग कप फुटबॉल सेमीफाइनल के पहले चरण में 2-0 से जीत दर्ज करके बढत बना ली। पांचवें मिनट में केइ हावट्ज के शॉट पर डेविंसन सांचेस ने गेंद अपने ही गोल में डाल दी। इसके बाद टोटेनहम के जाफेट टेंगांगा और बेन डेविस ने चेल्सी को दूसरा गोल तोहफे में दिया। जाफेट ने हेडर से गेंद बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन डेविस के कंधे से गेंद टकरा गई और उनके ही गोलकीपर हुजो लोरिस उसे रोक नहीं सके। अगले बुधवार को दूसरे चरण का मुकाबला टोटेनहम के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड,
लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी (नैनीताल)
(Phone/Fax) : 05946-223352 E-mail- ee_ndhal@rediffmail.com

पत्रांक : 51/2 ए0सी0 दिनांक : 05/01/2022

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, हल्द्वानी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 11.01.2022 को आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 06.01.2022 से दिनांक 10.01.2022 तक किसी भी कार्यदिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 11.01.2022 अपरान्ह 03.00 बजे तक निम्नाकिंत कार्यालयों में निविदा बॉक्स में डाले जा सकते है। निविदा के साथ वाँछित धरोहर राशि एन०एस०सी०, डाकघर बचत बैंक पास बुक अथवा भारत में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी के पदनाम से बन्धक हो, लगाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू० 100/- के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर रू० 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्त के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य है।
1-कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त, लो0नि0वि0, नैनीताल 2-कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, हल्द्वानी। 3-कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, रामनगर 4-कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, रूद्रपुर।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (₹) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने हेतु समय | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रोड़ कटिंग के अन्तर्गत तल्ली हल्द्वानी के आन्तरिक मार्गों में रोड़ कटिंग से क्षतिग्रस्त मार्ग का सी0सी0 द्वारा पुनः निर्माण का कार्य। (फेज-1) | 44200.00 | 2000.00 + 18% GST | 120 दिन | 06 माह | डी एवं उच्चतर (मार्ग कार्य हेतु) |
| 2 | रोड़ कटिंग के अन्तर्गत तल्ली हल्द्वानी के आन्तरिक मार्गों में रोड़ कटिंग से क्षतिग्रस्त मार्ग का सी0सी0 द्वारा पुनः निर्माण का कार्य। (फेज-2) | 44300.00 | 2000.00 + 18% GST | 120 दिन | 06 माह | डी एवं उच्चतर (मार्ग कार्य हेतु) |
| 3 | रोड़ कटिंग के अन्तर्गत तल्ली हल्द्वानी के आन्तरिक मार्गों में रोड़ कटिंग से क्षतिग्रस्त मार्ग का सी0सी0 द्वारा पुनः निर्माण का कार्य। (फेज-3) | 44400.00 | 2000.00 + 18% GST | 120 दिन | 06 माह | डी एवं उच्चतर (मार्ग कार्य हेतु) |
| 4 | रोड़ कटिंग के अन्तर्गत तल्ली हल्द्वानी के आन्तरिक मार्गों में रोड़ कटिंग से क्षतिग्रस्त मार्ग का सी0सी0 द्वारा पुनः निर्माण का कार्य। (फेज-4) | 44200.00 | 2000.00 + 18% GST | 120 दिन | 06 माह | डी एवं उच्चतर (मार्ग कार्य हेतु) |
| 5 | रोड़ कटिंग के अन्तर्गत तल्ली हल्द्वानी के आन्तरिक मार्गों में रोड़ कटिंग से क्षतिग्रस्त मार्ग का पी0सी0 द्वारा पुनः निर्माण का कार्य। (फेज-1) | 44000.00 | 2000.00 + 18% GST | 120 दिन | 06 माह | डी एवं उच्चतर (मार्ग कार्य हेतु) |
| 6 | रोड़ कटिंग के अन्तर्गत तल्ली हल्द्वानी के आन्तरिक मार्गों में रोड़ कटिंग से क्षतिग्रस्त मार्ग का पी0सी0 द्वारा पुनः निर्माण का कार्य। (फेज-2) | 44500.00 | 2000.00 + 18% GST | 120 दिन | 06 माह | डी एवं उच्चतर (मार्ग कार्य हेतु) |
| 7 | रोड़ कटिंग के अन्तर्गत तल्ली हल्द्वानी के आन्तरिक मार्गों में रोड़ कटिंग से क्षतिग्रस्त मार्ग का पी0सी0 द्वारा पुनः निर्माण का कार्य। (फेज-3) | 44100.00 | 2000.00 + 18% GST | 120 दिन | 06 माह | डी एवं उच्चतर (मार्ग कार्य हेतु) |
| 8 | रोड़ कटिंग के अन्तर्गत तल्ली हल्द्वानी के आन्तरिक मार्गों में रोड़ कटिंग से क्षतिग्रस्त मार्ग की पटरी का सुधारीकरण का कार्य। | 44400.00 | 2000.00 + 18% GST | 120 दिन | 06 माह | डी एवं उच्चतर (मार्ग कार्य हेतु) |
| 9 | रोड़ कटिंग के अन्तर्गत तल्ली हल्द्वानी के आन्तरिक मार्गों में रोड़ कटिंग से क्षतिग्रस्त मार्ग का बी0सी0 द्वारा सुधारीकरण का कार्य। (फेज-1) | 44500.00 | 2000.00 + 18% GST | 120 दिन | 06 माह | डी एवं उच्चतर (मार्ग कार्य हेतु) |
| 10 | रोड़ कटिंग के अन्तर्गत तल्ली हल्द्वानी के आन्तरिक मार्गों में रोड़ कटिंग से क्षतिग्रस्त मार्ग का बी0सी0 द्वारा सुधारीकरण का कार्य। (फेज-2) | 44600.00 | 2000.00 + 18% GST | 120 दिन | 06 माह | डी एवं उच्चतर (मार्ग कार्य हेतु) |

निविदा दिनांक 12.01.2022 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, हल्द्वानी के कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी।

# कजााकिस्तान में सरकारी इमारतों पर हमला, दर्जनों प्रदर्शनकारी मारे गए

## पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में जबरदस्त वृद्धि के विरोध में हिसक प्रदर्शन

**● 12 पुलिस अधिकारी भी मरे, 353 जख्मी**

**एपी** । मॉस्को

**कजाकिस्तान** में सरकारी इमारतों पर हमलों में दर्जनों प्रदर्शनकारी मारे गए हैं और कम से कम 12 पुलिस अधिकारियों की मौत हुई है जिनमें से एक अधिकारी का सिर काट दिया गया है। पुलिस की प्रवक्ता सल्तनत अजीरबेक ने सरकारी समाचार चैनल खबर-24 से बातचीत करते हुए कहा कि देश के सबसे बड़े शहर अलमाती में रात में इमारतों में घुसने की कोशिश की गई है, इस दौरान कई हमलावरों को ढेर किया गया है। उन्होंने कहा कि बुधवार को शहर में व्यापक प्रदर्शन के बाद इमारतों पर धावा बोलने के प्रयास किए गए, जिनमें महापौर की इमारत पर कब्जा करना शामिल है। इस इमारत में आग लगा दी गई। खबर-24 ने शहर कमांडेंट कार्यालय के हवाले से बृहस्पतिवार को बताया कि 12 पुलिस अधिकारियों की मौत के अलावा, 353 कानून प्रवर्तक अधिकारी जख्मी हुए हैं। तीन दशक पहले स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से कज़ाकिस्तान सबसे भीषण विरोध प्रदर्शनों का सामना कर रहा है।

रूस के नेतृत्व वाले गठबंधन सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह राष्ट्रपति कासिम-जोमार्त तोकाएव के अनुरोध पर कजाकिस्तान में शांति सैनिक भेजेगा।

तरलीकृत पेट्रोलियम गैस ईंधन की कीमतों में जबरदस्त वृद्धि को लेकर रविवार को शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों ने कज़ाकिस्तान को झकझोर कर रख दिया है। देश के पश्चिम में शुरू हुआ प्रदर्शन अलमाती और राजधानी नूर-सुल्तान तक फैल गया। बुधवार को तोकाएव ने प्रदर्शनों को कुचलने के लिए कड़े कदम उठाने का संकल्प लिया था और पूरे देश में दो हफ्ते के लिए आपातकाल लगाने की घोषणा की थी। इससे पहले यह सिर्फ राजधानी नूर सुल्तान और अलमाती में लागू था जिसके तहत रात में कर्फ्यू था और शहरी इलाकों में लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित थी। सरकार ने प्रदर्शनों को लेकर इस्तीफा दे दिया है।

तरलीकृत पेट्रोलियम गैस का इस्तेमाल व्यापक तौर पर वाहन ईंधन के तौर पर किया जाता है। प्रदर्शन की तीव्रता देश में व्यापक असंतोष की ओर संकेत है। देश में 1991 में सोवियत संघ से आजादी मिलने के बाद से एक ही पार्टी की सरकार है। तोकाएव ने दावा किया है कि इन प्रदर्शनों की अगुवाई आतंकवादी कर रहे हैं जिन्हें अज्ञात देशों से मदद मिल रही है।

कजाकिस्तान दुनिया का नौवां सबसे बड़ा देश है। इसकी उत्तरी सीमा रूस से तो पूर्वी सीमा चीन से लगती है। देश में तेल के बड़े भंडार हैं जो इसे सामरिक और आर्थिक रूप से अहम बनाते हैं।

इन भंडार और खनिज समृद्धि होने के बावजूद देश के कुछ हिस्सों में गरीब लोगों की खराब हालात को लेकर असंतोष है। ऐसा लगता है कि प्रदर्शनकारियों का कोई नेता या मांग नहीं है।

कई प्रदर्शनकारियों ने पुराने लोग जाओ के नारे लगाए जो जाहिर तौर पर देश के पहले राष्ट्रपति नूर सुल्तान नजरबेएव का हवाला दे रहे थे। उन्होंने 2019 में पद से इस्तीफा दे दिया था लेकिन उनका प्रभाव अब भी है। प्रदर्शनों के नूर-सुल्तान और अलमाती तक पहुंचने के बाद सरकार ने इस्तीफे की घोषणा कर दी लेकिन तोकाएव ने कहा कि मंत्री नई कैबिनेट के गठन तक पद पर बने रहेंगे।

## कजाकिस्तान में शांतिरक्षक भेजेगा रूस के नेतृत्व वाला गठबंधन

**एपी** । मास्को

**रूस** के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने बृहस्पतिवार को कहा कि कजाकिस्तान के राष्ट्रपति द्वारा विरोध प्रदर्शनों को नियंत्रित करने के लिए मदद मांगने के बाद वहां शांति सेना भेजी जाएगी। कजाकिस्तान में प्रदर्शन हिंसक हो गए हैं और प्रदर्शनकारियों ने सरकारी इमारतों पर कब्जा कर लिया है तथा आगजनी में शामिल हैं।

खबरों के अनुसार कजाकिस्तान के सबसे बड़े शहर में प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को राष्ट्रपति निवास और मेयर कार्यालय पर धावा बोल दिया और दोनों में आग लगा दी।

मध्य एशियाई राष्ट्र में ईंधन की कीमतों में वृद्धि के कारण प्रदर्शनों में तेजी आई है। पुलिस ने कथित तौर पर अल्माटी स्थित आवास से प्रदर्शनकारियों के भागने से पहले कुछ लोगों पर गोलियां चलाईं।

हाल के दिनों में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच कई बार झड़प हो चुकी है। ठंड के मौसम में प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछारें की जा रही हैं और आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। कजाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने कहा कि इस दौरान आठ पुलिस अधिकारी और नेशनल गार्ड के सदस्य मारे गए और 300 से अधिक घायल हो गए।

हताहत हुए आम नागरिकों का कोई आंकड़ा जारी नहीं किया गया। मास्को स्थित छह पूर्व सोवियत गणराज्यों के गठबंधन सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ) के परिषद अध्यक्ष आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनियन ने कहा कि कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कसीम-जोमार्ट टोकायव ने सीएसटीओ से सहायता की अपील की। कुछ घंटे बाद सीएसटीओ की परिषद ने शांति सैनिकों को भेजने की मंजूरी दे दी। टोकायव ने इससे पहले अशांति के मद्देनजर कठोर कदम उठाने का संकल्प लिया था और नूर-सुल्तान की राजधानी तथा अल्माटी के सबसे बड़े शहर दोनों के लिए घोषित रात्रि कर्फ्यू और शहरी एवं आसपास के क्षेत्रों में आवाजाही पर प्रतिबंध को बढ़ाते हुए पूरे देश में दो सप्ताह के आपातकाल की घोषणा की।

अशांति के कारण सरकार ने इस्तीफा दे दिया। कजाकिस्तान में समाचार वेबसाइटों तक पहुंच बना पाना मुश्किल हो गया और वैश्विक निगरानी संगठन नेटब्लॉक्स ने कहा कि देश व्यापक इंटरनेट ब्लैकआउट का अनुभव कर रहा है। रूसी समाचार एजेंसी तास ने बताया कि अल्माटी में बृहस्पतिवार तड़के इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गई। वाहन ईंधन के रूप में व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली एक प्रकार की तरलीकृत पेट्रोलियम गैस की कीमतों के लगभग दोगुने होने के विराध में प्रदर्शन शुरू हुआ था। टोकायव ने दावा किया कि इस अशांति का नेतृत्व आतंकवादी बैंड कर रहे थे जिन्हें अन्य देशों से मदद मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि अल्माटी के हवाई अड्डे पर हमले में दंगाइयों ने पांच विमानों को जब्त कर लिया था, लेकिन उप महापौर ने बाद में कहा कि हवाई अड्डे को दंगाइयों से मुक्त करा लिया गया और वहां सामान्य रूप से कामकाज हो रहा है।

## अमेरिका और जर्मनी ने लिथुआनिया का किया समर्थन

**एपी** । वॉशिंगटन

**अमेरिका** और जर्मनी ने चीन के साथ विवाद में लिथुआनिया का समर्थन किया और कहा कि बीजिंग द्वारा इस छोटे से बाल्टिक देश पर दबाव डालना अनुचित है।

दरअसल लिथुआनिया ने पिछले साल विलनियस में ताइवान को ताइपे नाम के बजाए अपने ही नाम पर कार्यालय खोलने की मंजूरी दी थी। यह एक ऐसा कदम है, जिसे उठाने से दुनिया के ज्यादातर देश बचते हैं क्योंकि इससे उन्हें चीन की नाराजगी मोल लेनी पड़ सकती है।

चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसे कोई राजनयिक पहचान नहीं देता है। लिथुआनिया के इस कदम से चीन नाराज हो गया और उसने विलनियस से अपने राजदूत को बुला लिया और बीजिंग से लिथुआनिया के राजदूत को देश से जाने के लिए कह दिया।

**अमेरिका व जर्मनी ने रूस को चेताया**

# यूक्रेन के मुद्दे पर किसी भी हस्तक्षेप के गंभीर परिणाम होंगे

**एपी** । वाशिंगटन



**अमेरिका** और जर्मनी ने कहा है कि यूक्रेन की सीमा के पास रूस के सैन्य जमावड़े ने यूरोपीय सुरक्षा के लिए तत्काल और बड़ी चुनौती पेश की है तथा किसी भी हस्तक्षेप के गंभीर परिणाम होंगे।

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बारबॉक ने बुधवार को वाशिंगटन में बैठक के बाद रूस के मुद्दे पर एक राय जताने की कोशिश की। ब्लिंकन ने कहा कि जर्मनी और अमेरिका दोनों यूक्रेन के प्रति रूस की हरकत को यूरोप में शांति और स्थिरता के लिए तत्काल और बड़ी चुनौती के रूप में देखते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, हम यूक्रेन की सीमा पर रूस के सैन्य जमावड़े की निंदा करते हैं। रूस की तीखी बयानबाजी की भी हम निंदा करते हैं क्योंकि वह झूठी धारणा फैला रहा है कि यूक्रेन उकसावेबाजी कर रहा है।

बारबॉक ने ब्लिंकन के बयान से सहमति जताते हुए कहा, हमने संयुक्त रूप से कहा है कि रूस की कार्वाई और गतिविधियां बिल्कुल स्पष्ट हैं और अगर रूस यूक्रेन की संप्रभुता का उल्लंघन करेगा तो उसके गंभीर परिणाम होंगे। ब्लिंकन-बारबॉक की इस बैठक के एक सप्ताह पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने फोन पर वार्ता की थी। बाइडन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की से भी रविवार को बात की थी। ब्लिंकन ने कहा कि मूल सवाल यह है कि क्या रूस कूटनीति को लेकर गंभीर है, क्या वह तनाव कम करना चाहता है? देखते हैं अगले कुछ सप्ताह में क्या हालात पैदा होते हैं। बाइडन प्रशासन रूस के खिलाफ कार्वाई के लिए अंतरराष्ट्रीय सहमति बनाने का प्रयास कर रहा है और इसके लिए जर्मनी का साथ जरूरी है। यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश जर्मनी का साथ मिल जाने से अमेरिका को रूस के खिलाफ कदम उठाने में मदद मिलेगी।

# अफगानिस्तान ड्यूरंड रेखा पर पाक को बाड़बंदी की अनुमति नहीं देगा

**भाषा** । इस्लामाबाद

**अफगानिस्तान** की तालिबान सरकार ने कहा है कि वह ड्यूरंड रेखा पर पाकिस्तान को किसी भी तरह की बाड़बंदी की अनुमति नहीं देगी। सीमा पर बाड़बंदी के मुद्दे को लेकर दोनों पड़ोसी मुल्कों में बढ़ रहे तनाव के बीच अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है।

मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। तालिबान कमांडर मौलवी सनाउल्ला संगीन ने अफगानिस्तान के तोलो न्यूज से बुधवार को कहा कि हम (तालिबान) कभी, किसी भी तरीके की बाड़बंदी की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने (पाकिस्तान) पहले जो भी किया,वो कर लिया। अब हम आगे इसकी इजाजत नहीं देंगे। अब कोई बाड़बंदी नहीं होगी।

संगीन का यह बयान तब आया है जब पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि मामले को कुटनीतिक माध्यम से शांतिपूर्ण तरीके से हल कर लिया जाएगा।

कुरैशी ने सोमवार को इस्लामाबाद में संवाददाताओं से कहा था कि कुछ उपद्रवी तत्व इस मुद्दे को बिना वजह उछाल रहे हैं, लेकिन हम इस पर गौर कर रहे हैं। हम अफगानिस्तान सरकार के साथ संपर्क में हैं। उम्मीद है कि हम कूटनीतिक तरीके से इस मुद्दे को सुलझा लेंगे। गौरतलब है कि ड्यूरंड रेखा अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 2,670 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है। दोनों देशों की सेनाओं के बीच इस स्थान पर हल्की फुल्की झड़प की घटनाएं कई बार हो चुकी हैं।

पाकिस्तान ने काबुल की आपत्तियों के बावजूद इस सीमा पर बाड़बंदी का 90 प्रतिशत काम पूरा कर लिया है। अफगानिस्तान का कहना है कि अंग्रेजों के शासन काल की इस सीमाबंदी ने दोनों ओर के कई परिवारों को बांट दिया है।

## उ. कोरिया ने हाइपरसोनिक मिसाइल का दूसरा सफल परीक्षण किया

**एपी** । सियोल

**उत्तर** कोरिया ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उसने एक हाइपरसोनिक मिसाइल का का दूसरा सफल परीक्षण किया है। इससे कुछ दिन पहले देश के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन ने कोविड महामारी की दुश्वारियों के बीच सैन्य क्षमता को बढ़ाने का संकल्प लिया था।

बुधवार को किया गया परीक्षण, पिछले दो महीने में उत्तर कोरिया द्वारा किया गया पहला परीक्षण था। इससे संकेत मिलते हैं कि यह देश निरस्त्रीकरण की दिशा में बातचीत करने की बजाय अपने नाभिकीय और मिसाइल भंडार के आधुनिकीकरण की योजना पर जोर देगा।

## ऑस्ट्रेलिया और जापान ने एक ऐतिहासिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए

**सिडनी**। ऑस्ट्रेलिया और जापान के नेताओं ने बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो उनकी सेनाओं के बीच घनिष्ठ सहयोग की अनुमति देता है और इसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती अक्रामकता के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने बृहस्पतिवार को पारस्परिक समझ संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह अमेरिका के अलावा किसी भी देश के साथ जापान द्वारा हस्ताक्षरित ऐसा पहला रक्षा समझौता है। जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक साल से अधिक तक चली वार्ता के बाद यह समझौता किया गया। इसका उद्देश्य कानूनी बाधाओं को खत्म करना है, ताकि एक देश के सैनिकों को प्रशिक्षण और अन्य उद्देश्यों के लिए दूसरे में प्रवेश करने की अनुमति मिल सके। मॉरिसन ने कहा कि जापान, एशिया में हमारा सबसे करीबी भागीदार है, जैसा कि हमारी विशेष रणनीतिक साझेदारी से प्रदर्शित होता है। उन्होंने कहा कि कानून के शासन, मानवाधिकार, मुक्त व्यापार और एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध हैं।



टोक्यो में सड़कों पर जमी बर्फ के बीच जाते लोग

## श्रीलंका की अदालत ने 12 भारतीय मछुआरों को रिहा किया

**भाषा** । कोलंबो

**श्रीलंका** की एक अदालत ने उन 12 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया है, जिन्हें देश के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। यहां भारतीय उच्चायोग इन मछुआरों को तमिलनाडु भेजने के लिए कदम उठा रहा है।

मन्नार की अदालत द्वारा रिहा किए गए मछुआरों को श्रीलंका की नौसेना ने 19 दिसंबर, 2021 को मन्नार में हिरासत में लिया था। जाफना में भारत के वाणिज्य दूतावास ने ट्विटर पर कहा, हिरासत में लिए गए इन 12 मछुआरों को बृहस्पतिवार को मन्नार अदालत ने रिहा कर दिया। जाफना में महावाणिज्य दूतावास (सीजी जाफना) ने अदालत में मछुआरों के मामलों का प्रतिनिधित्व कर उन्हें कानूनी सहायता प्रदान की और उनकी शीघ्र रिहाई में मदद की।

इससे पहल यहां भारतीय उच्चायोग ने ट्विटर पर कहा कि मन्नार में अपने वकील से यह जानकर खुशी हुई कि तमिलनाडु के 13 भारतीय मछुआरों को रिहा किया जा रहा है।

# इमरान द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने और निवेश के लिए चीन का दौरा करेंगे

**भाषा** । इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान की योजना अगले महीने के शुरू में चीन जाने की है। उनके इस दौरे का मुख्य मकसद बीजिंग के साथ अपने सदाबहार द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के अलावा सीपीईसी के तहत विभिन्न परियोजनाओं के लिए अधिक से अधिक निवेश हासिल करना होगा।

चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) मामले में प्रधानमंत्री इमरान खान के विशेष सहयोगी खालिद मंसूर ने बुधवार को सालाना एपीसीईए सतत विकास रिपोर्ट 2021 के विमोचन के अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री चीन दौरे से पहले निवेशकों की राह में आने वाली सभी अड़चनों को दूर कर देना चाहते हैं। मंसूर सीपीईसी प्राधिकरण के प्रमुख भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इमरान खान सीपीईसी परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी हर 15 दिन में लेते हैं। इस्लामाबाद स्थित चीनी दूतावास में सालाना एपीसीईए सतत विकास रिपोर्ट-2021 का विमोचन पाकिस्तान-चाइना इंस्टीट्यूट (पीसीआई) और ऑल-पाकिस्तान चाइनीज एंटरप्राइजेज एसोसिएशन (एपीसीईए) ने किया।

एक अधिकारिक बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री इमरान खान ने पाकिस्तान में विदेशी निवेशकों की सुविधा के लिए 37 नियमों को हटाकर एकल खिड़की संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। करीब 60 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाला सीपीईसी चीन के संसाधन संपन्न शिनजियांग प्रांत को पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ग्वादर बंदरगाह को जोड़ता है।

सीपीईसी चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का सबसे अहम हिस्सा है जो चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सबसे पसंदीदा योजना है। इस परियोजना का मकसद चीनी वित्त-पोषित आधारभूत ढांचे के बूते दुनियाभर में चीन का प्रभाव बढ़ाना है। सीपीईसी प्राधिकरण की ओर से कहा गया कि पाकिस्तान में चीनी उद्यमों के काम ने जो अंतर पैदा किया है उसे खान ने देखा है और सीपीईसी के कारण ही थार कोल एनर्जी का सपना साकार हो सका।

### भ्रष्ट और बेईमान इमरान का पर्दाफाश हुआ : शरीफ

**लाहौर**। पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी को विदेशों से मिले चंदे में धोखाधड़ी का पता लगने के बाद प्रधानमंत्री इमरान खान पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि एक भ्रष्ट और राजनीतिक बेईमान के रूप में इमरान का पर्दाफाश हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री खान की सत्तारूढ़ पार्टी ने विदेशी नागरिकों, कंपनियों से मिले चंदों के बारे में पूरी जानकारी नहीं दी और अपने बैंक खातों को भी छुपाया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के शीर्ष नेता शरीफ ने एक ट्वीट में कहा कि अंतत:, मिस्टर क्लीन के भ्रष्ट और राजनीतिक बेईमान साबित हुए।

## 80 के दशक के युद्ध में मारे गए लोगों के लिए सामूहिक अंतिम संस्कार

**एपी** । दुबई

**ईरान**-इराक युद्ध में मारे गए लोगों में से 250 के अवशेषों के सामूहिक अंतिम संस्कार के लिए बृहस्पतिवार को हजारों लोग नम आंखों के साथ ईरानी शहरों की सड़कों पर एकत्र हो गए। युद्ध के मैदानों से हाल में बरामद सैनिकों के कुछ अवशेषों को लेकर एक अंत्येष्टि जुलूस राजधानी तेहरान से होकर गुजरा। वहीं कई अन्य अवशेषों को अन्य प्रांतों में भेज दिया गया। हालांकि ईरान और इराक 1980 के दशक में आठ साल तक चले युद्ध में मारे गए सैनिकों के अवशेषों का समय-समय पर आदान-प्रदान करते रहे हैं, लेकिन आज हुआ अंतिम संस्कार आयोजन हाल के वर्षों में हुआ इस तरह का सबसे बड़ा आयोजन है।

इस युद्ध में दोनों देशों के 10 लाख से अधिक लोग मारे गए थे। आज के अंतिम संस्कार समारोह से लोगों की देशभक्ति के साथ ही ईरान के कट्टरपंथी नेताओं की शक्ति की झलक भी दिखी। यह आयोजन ऐसे समय हुआ है जब देश के राजनयिकों ने परमाणु समझौते को लेकर वियना में वार्ता की। अंतिम संस्कार जुलूस में शामिल हुए हजारों लोग मृतक सैनिकों की याद में रोते देखे गए। इस युद्ध के समय इराक में सद्दाम हुसैन का शासन था।

# कंबोडियाई प्रधानमंत्री करेंगे म्यांमा की विवादास्पद यात्रा

**एपी** । बैंकॉक

**कंबोडिया** के प्रधानमंत्री हुन सेन शुक्रवार को संघर्षग्रस्त म्यांमा की यात्रा पर जाएंगे। उन्होंने यात्रा को लेकर उम्मीद व्यक्त की है कि इससे दक्षिण पूर्व एशियाई देशों द्वारा शांति प्रक्रिया शुरू किए जाने के प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन आलोचकों का कहना है कि प्रधानमंत्री का यह कदम म्यांमा में सेना के शासन को एक तरह से वैध मानने जैसा होगा।

म्यांमा की सेना ने पिछले साल देश की लोकतांत्रिक सरकार को अपदस्थ कर सत्ता कब्जा ली थी और तभी से लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों पर वह लगातार हिंसक बल प्रयोग करती आ रही है। हुन सेन के देश के पास इस समय दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) की अध्यक्षता है। वह समूह द्वारा समर्थित पांच सूत्री योजना को बढ़ावा देने के प्रयास में म्यांमा के सैन्य नेता वरिष्ठ जनरल मिन आंग हलिंग से मिलने की योजना बना रहे हैं। हुन सेन ने बुधवार देर रात कहा कि मैं वार्ता में जो कुछ भी लाना चाहता हूं, वह पांच बिंदुओं, आम सहमति के बिंदुओं के अलावा और कुछ नहीं है, जिन पर आसियान के सभी सदस्य देशों ने (पिछले साल) सहमति व्यक्त की थी। इन बिंदुओं में म्यांमा में हिंसा को रोकना, शांतिपूर्ण समाधान पर विपक्ष के साथ बातचीत और सभी पक्षों से मिलने तथा मध्यस्थता करने के लिए आसियान के एक विशेष दूत को अनुमति दिए जाने जैसे विषय शामिल हैं। मिन आंग हलिंग सहित आसियान नेताओं ने गत अप्रैल में इन बिंदुओं पर सहमति व्यक्त की थी।

समूह के दूत को गिरफ्तार की गईं विपक्षी नेता आंग सान सू ची और अन्य बंदियों से मिलने से रोके जाने के बाद अक्टूबर में म्यांमा के सैन्य शासक को आसियान की बैठक में भाग लेने से रोक दिया गया था।

## अमेरिका में एशियाई मूल की समाचार वाचिका पर नस्लभेदी टिप्पणी

सेंट लुईस (**अमेरिका**)। अमेरिका के सेंट लुईस शहर में एक टेलीविजन चैनल की एंकर को एशियाई मूल का होने के कारण उस समय नस्लभेदी टिप्पणी का सामना करना पड़ा जब एक दर्शक ने उसे कुछ ज्यादा ही एशियाई कहकर संबोधित किया। दरअसल केएसडीके-टीवी चैनल की मिशेल ली नामक एंकर ने नए साल की छुट्टियों पर लोगों के पसंदीदा पकवानों को लेकर 30 सेकेंड का एक वीडियो बनाया था। वीडियो के अंत में मिशेल ने कहा था कि ढेर सारे कोरिया वासियों की तरह उन्होंने भी एक खास सूप का मजा लिया।

इस पर एक दर्शक ने टिप्पणी की कि मिशेल खुद को कुछ ज्यादा ही एशियाई प्रदर्शित कर रही हैं।

# चीन के शिआन शहर ने कोविड-19 के चलते विदेशी उड़ानें रद्द की

**भाषा** । बीजिंग

**चीन** के लोकप्रिय पर्यटन शहर शिआन ने कोविड-19 के बड़ी संख्या में मामले सामने आने के बाद अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों को निलंबित कर दिया है। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने हालांकि कोरोना की स्थिति फिर से भयावह होने की आशंकाओं को खारिज किया।

शहर घरेलू उड़ानों को पहले ही निलंबित कर चुका है जहां दिसंबर की शुरुआत से लॉकडाउन है। शिआन-जियानयांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने कहा कि बुधवार से विदेशी उड़ानों को निलंबित कर दिया गया है।

गत नौ दिसंबर को शहर में कोविड-19 का स्थानीय प्रसार से जुड़ा एक मामला सामने आया था और तभी से एक करोड़ तीस लाख की आबादी वाला शहर लॉकडाउन में है। इसके बाद, स्थानीय प्रसार से जुड़े अनेक मामले सामने आए हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि जीनोम अनुक्रमण में इन मामलों की वजह कोरोना वायरस का डेल्टा स्वरूप पाया गया है। इस बीच एक चीनी स्वास्थ्य अधिकारी ने दावा किया कि शिआन में कोविड-19 के प्रकोप के प्रसार को नियंत्रित कर लिया गया है और शहर में महामारी के बड़े पैमाने पर फिर से भड़कने की आशंका नहीं है।

**सिंगापुर को ओमीक्रोन के अधिक मामले आने के मद्देनजर तैयारियां करनी चाहिए: सरकार**

**सिंगापुर**। सिंगापुर को कोरोना वायरस के डेल्टा के स्वरूप के मुकाबले ओमीक्रोन स्वरूप से बहुत बड़ी संख्या में लोगों के संक्रमित होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए तैयारियां करनी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ओंग ए कुंग ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ओमीक्रोन के मामले अपनी चरम स्थिति पर पहुंचने के दौरान रोजाना करीब तीन हजार से अधिक हो सकते हैं। पिछले साल अक्टूबर नवंबर में डेल्टा स्वरूप के रोज़ाना करीब तीन हजार मामले आ रहे थे।

उन्होंने कहा कि डेल्टा स्वरूप के मामले छह से आठ दिन में दोगुने हो रहे थे, जबकि ओमीक्रोन के मामले दो से तीन दिन में दोगुने हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सिंगापुर को डेल्टा के मुकाबले ओमीक्रोन के मामले बड़ी संख्या में आने के मद्देनजर तैयारियां करनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और कनाडा से आ रहे अध्ययन बताते हैं कि ओमीक्रोन, डेल्टा स्वरूप से कम गंभीर है।

# संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षकों पर दक्षिण लेबनान में हमला

**एपी** । बेरूत

**अज्ञात** हमलावरों ने दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षकों के एक समूह पर हमला किया, उनके वाहनों में तोड़-फोड़ की और उनके सामान छीन लिए। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। यूनान में संयुक्त राष्ट्र के अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) ने लेबनान के अधिकारियों से मामले की त्वरित जांच करने और हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

यह जानकारी यूएनआईएफआईएल की प्रेस अधिकारी कनडाइस आर्डिल ने दी। उन्होंने बताया कि घटना मंगलवार रात की है। वहीं स्थानीय मीडिया ने अपनी खबर में कहा कि दक्षिणी कस्बे बिंट जबील के लोग आयरलैंड के शांतिरक्षकों से भिड़ गए क्योंकि वे घरों की तस्वीरें ले रहे थे। खबर में कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र बल के साथ लेबनान के सैनिक नहीं थे।

संयुक्त राष्ट्र ने इन खबरों से इनकार किया कि शांतिरक्षक घरों की तस्वीरें ले रहे थे। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने न्यूयॉर्क में कहा, वे नियमित गश्त के लिए लेबनान सशस्त्र बलों के अपने सहयोगियों के पास जा रहे थे।

दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षकों की आवाजाही की स्वतंत्रता का सम्मान करने की मांग करता है, जो संयुक्त राष्ट्र और लेबनान की सरकार के बीच बलों के समझौते के तहत अनिवार्य है और जो 2006 के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्ताव के तहत भी आता है।

गौरतलब है कि बिंट जबील हिजबुल्ला का गढ़ है और 2006के युद्ध के दौरान इसका अधिकतर हिस्सा तबाह हो गया था।

# टेलीहेल्थ क्रांति

## भारत की गैर तकनीकी सक्षम आबादी के लिए स्वास्थ्य सेवा के भविष्य पर चर्चा कर रहे हैं राम्या सुब्रमण्यम..





कोविड-19 महामारी एक अभूतपूर्व वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट रही है जिसने संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा वितरण ढांचे को प्रभावित किया है। हालांकि, इससे बाहर निकलने के लिए एक अच्छी बात यह है कि स्वास्थ्य सेवा वितरण में प्रौद्योगिकी को तेजी से अपनाया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में प्रौद्योगिकी को अपनाना एक गेम-चेंजर रहा है और उद्योग बोझ को कम करने, दक्षता बढ़ाने व क्षमता को अधिकतम करने के लिए डिजिटल स्वास्थ्य को लागू करने का अथक प्रयास कर रहा है। बहरहाल, प्रौद्योगिकी को तेजी से अपनाने के कारण, तकनीक-प्रेमी व गैर-तकनीकी प्रेमी आबादी के बीच एक बड़ा अंतर पैदा हो गया है। डिजिटल स्वास्थ्य समाधान समावेशी होने के लिए डिजाइन किए गए हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश बुजुर्गों और कम डिजिटल साक्षरता वाले लोगों के लिए तैयार नहीं किए गए हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) के 75वें दौर की रिपोर्ट के मुताबिक, शहरी घरों में 23.4 फीसदी की तुलना में केवल 4.4 फीसदी ग्रामीण परिवारों के पास कंप्यूटर है। 42 फीसदी शहरी परिवारों की इंटरनेट तक पहुंच है, जबकि ग्रामीण घरों में यह आंकड़ा 14.9 फीसदी है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, डिजिटल साक्षरता को व्यक्तियों और समुदायों की जीवन स्थितियों में सार्थक कार्यों हेतु डिजिटल तकनीकों को समझने तथा उपयोग करने की क्षमता के रूप में परिभाषित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो कंप्यूटर/लैपटॉप/ टैबलेट/स्मार्टफोन संचालित कर सकता है और अन्य आईटी से संबंधित उपकरणों का उपयोग कर सकता है उसे डिजिटल रूप से साक्षर माना जा रहा है। पिछले कुछ सालों में टेक्नोलॉजी ने गोली की रफ्तार से देश के घरों को बदल कर रख दिया है. मौजूदा माहौल में हमें और तकनीक की जरूरत नहीं है, आवश्यकता परिणामों की गुणवत्ता में सुधार लाने और मौजूदा प्रौद्योगिकी तक पहुंच बढ़ाने की है।

ग्रामीण और शहरी भारत में डिजिटल विभाजन को पाटने की पहल के रूप में, भारत सरकार ने 2017 में प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीडीआईएसएचए) योजना शुरू की। इस योजना का उद्देश्य डिजिटल उपकरणों और इंटरनेट तथा सरकार द्वारा समर्थित ई-सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इन उपकरणों का उपयोग कैसे किया जा सकता है, पर 20 घंटे का बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस योजना के तहत अब तक लगभग 2.76 करोड़ उम्मीदवारों को प्रमाणित किया जा चुका है। स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार के लिए सूचना व संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) का उपयोग करते हुए विभिन्न पहलकदमियां की हैं और यह लगातार आईसीटी मुहिम की योजना बनाने और शुरू करने पर काम कर रहा है। इन पहलों का जबरदस्त प्रभाव पड़ेगा क्योंकि मोबाइल प्रौद्योगिकियां ग्रामीण भारत में गहराई से प्रवेश करती हैं।

### भारतीय टेलीहेल्थ बाजार

स्वास्थ्य सेवा हितधारक, जैसे कि प्रदाता, क्लीनिक, रोगी, फार्मास्यूटिकल्स, विशेषज्ञ, पहनावे आदि सभी व्यक्तिगत रूप से बहु-अरब डॉलर के उद्योग हैं। समस्या खंडित पारिस्थितिकी तंत्र में है। इसके अलावा, तृतीयक देखभाल केंद्रों को शहरों में समूहित किया जाता है, जो उस भारतीय आबादी के बीच एक बड़ी असमानता लाता है, जिसकी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच है। इसलिए, इस समस्या को हल करने के लिए, वाणिज्यिक हित में टेलीहेल्थ क्षेत्र के प्रति एक स्पष्ट उछाल दिखाई दे रहा है। इसने स्थापित कंपनियों व वर्चुअल हेल्थकेयर सेवाओं की पेशकश करने वाले स्टार्ट-अप को जन्म दिया है।

टेलीहेल्थ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ बना रहा है जो वर्षों से गंभीर भौगोलिक बाधाओं से बाधित है। इंक42 की 'इंडियाज ईहेल्थ मार्केट अपॉर्चुनिटी रिपोर्ट 2021' नाम की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 5,295 से ज्यादा हेल्थ टेक स्टार्ट-अप्स और 133 वित्तपोषित ई-हेल्थ स्टार्टअप्स हैं। ईहेल्थ का अनुमानित बाजार आकार 2025 तक .10.6 बिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 39.6 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है।

टेलीहेल्थ मौजूदा महामारी के दौरान स्वास्थ्य सेवा उद्योग की आधारशिला साबित हो रहा है और यह यहां रहने के लिए है। हालांकि, इसके टिकाऊ होने के लिए, टेलीहेल्थ प्रदाताओं को विखंडन, गुणवत्ता देखभाल वितरण, जागरूकता और स्वीकृति के मुद्दे को संबोधित करना चाहिए। जैसे-जैसे डिजिटल स्वास्थ्य सेवा प्रमुखता प्राप्त करती है, सेवा प्रदाताओं को बुजुर्गों व गैर-तकनीक की समझ रखने वाली आबादी के अंतर्निहित मसलों को भी संबोधित करने की आवश्यकता होती है।

### टेलीहेल्थ उपलब्धता की बेहतरी

- रोगियों को तकनीक से परिचित कराने व डिजिटल उपकरणों संबंधित अवरोधों को मिटाने के लिए प्राथमिक देखभाल केंद्रों पर डिजिटल सिस्टम का उपयोग करने हेतु प्रशिक्षण।
- दूरस्थ क्षेत्रों में प्रवेश के लिए प्रमुख बाधाएं भाषा व बुनियादी ढांचे हैं। सेवा प्रदाताओं को भाषा की बाधा को दूर करने और स्वास्थ्य सेवा वितरण के बेहतर बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की आवश्यकता है।
- कृत्रिम मेधा (एआई) उपकरण जैसे इमोशन इंडेक्स फीचर का उपयोग करना जो डॉक्टरों को उनके मरीजों की मानसिक स्थिति को तीव्र और अधिक सटीक निदान के लिए मदद कर सकता है।
- ऐसे एल्गोरिदम और सॉफ्टवेयर विकसित करना जो वीडियो परामर्श को कम बैंडविड्थ पर भी निर्बाध रूप से कार्य करने में सक्षम बना सके।
- इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड (ईएमआर) बनाए रखना और स्वास्थ्य देखभाल के प्रति निवारक दृष्टिकोण में बदलाव के लिए सभी उपकरणों में अनुकूलता बढ़ाना।
- गैर तकनीकी-सक्षम आबादी नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की निगरानी करने की जहमत नहीं उठाती है। पहनने योग्य उपकरण उन्हें अधिक स्वास्थ्य-जागरूक होने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।
- ग्रामीण निवासियों हेतु दूरस्थ चिकित्सक-रोगी परामर्श की सुविधा के लिए क्षेत्रीय देखभाल प्रदाताओं को पहनने योग्य और पोर्टेबल उपकरणों के साथ प्रशिक्षण और लैस करना।
- ग्रामीण आबादी को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के लिए पंजीकरण करने और देखभाल सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना।

टेलीहेल्थ अभी भी देश में विकास और स्वीकार्यता के प्रारंभिक चरण में है। इंटरनेट की बढ़ती पहुंच के साथ, हमें भारत के सुदूर इलाकों में भी स्थिर व तेज कनेक्टिविटी की जरूरत है। स्वास्थ्य सेवा बाजार की मौजूदा असंतृप्त स्थिति में, अधिक शोध, नवाचार व प्रशासन का समर्थन डिजिटल स्वास्थ्य सेवा उद्योग की पहुंच और प्रभावकारिता को बेहिसाब स्तर पर बढ़ा सकता है।

(लेखक ग्लोबल टेलीहेल्थ स्टार्टअप डॉक्टी के सह-संस्थापक और सीओओ हैं।)



# जागरूकता लाएं


## पावरग्रिड, एनआर-1 ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत वन नेशन-वन ग्रिड-वन फ्रीक्वेंसी की वर्षगांठ मनाई

'आजादी का अमृत महोत्सव' के एक भाग के रूप में, पावरग्रिड, एनआर-1 ने 31 दिसंबर, 2021 को अपने कई सबस्टेशनों पर पूरे उत्साह और खुशी के साथ मनाए गए वन नेशन-वन ग्रिड-वन फ्रीक्वेंसी को पूरा करने की अपनी ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की। इस अवसर पर, लोगों को भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर होने वाले आजादी का अमृत महोत्सव समारोह तथा उसके बाद राष्ट्र द्वारा की गई प्रगति के बारे में जागरूक करने के लिए एक जन-संपर्क गतिविधि भी की गई।

समारोह के दौरान योग्य डॉक्टरों व उनके कर्मचारियों की देखरेख में मुफ्त स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इन चिकित्सा शिविरों से आसपास के सार्वजनिक स्थानों, आस-पास के गांवों और स्थानीय आबादी के लगभग 2,000 लोगों ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविरों के माध्यम से लाभ उठाया। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जनभागीदारी से फलदार पौधरोपण किया गया और सबस्टेशनों के परिसर को तिरंगे की रोशनी से सजाया गया।

# कैफे में चावल का स्वाद



कैफे दिल्ली हाइट्स समय-समय पर अपने इनोवेटिव फूड फेस्टिवल के लिए जाना जाता है, लेकिन इस बार उन्होंने बाकी के ऊपर चावल के रूप में सबसे अच्छा डिजाइन किया है। भारत में, चावल न केवल थाली में मुख्य है, बल्कि एक सांस्कृतिक मुख्य आधार भी है।

भारतीय संस्कृति में चावल का आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व बहुत अधिक है। यह धन और समृद्धि का प्रतीक है। त्योहारों के वार्षिक कैलेंडर में चावल के फसल चक्र के आधार पर कई समारोह होते हैं।

चावल की बहुमुखी प्रतिभा इसे पूरी दुनिया में सबसे पसंदीदा अनाज बनाती है। खिचड़ी से लेकर, साधारण पुलाव से लेकर चावल और मसाले के सुगंधित बर्तन जिन्हें बिरयानी कहा जाता है, चावल की तुलना से परे एक दावत है। इसलिए, कैफे दिल्ली हाइट्स ने इस सुपर फूड का जश्न मनाने के लिए एक विशेष मेनू तैयार करने के बारे में सोचा। उन्होंने मेन्यू में अलग-अलग राज्यों के व्यंजन जोड़े हैं। आंध्र/कर्नाटक के बेल्ट से, दही चावल, हैदराबादी बिरयानी, बीसी बेले बाथ, और इसी तरह की किस्मों का आनंद लिया जा सकता है। महाराष्ट्र के मसाला भात, असम के पायेश, गोवा से जियान पिलाफ, लखनऊ से टिहरी, कश्मीर से यखनी पुलाव, मेघालय के जदोह जैसे विशेष व्यंजनों का आनंद भी इस विशेष मेनू में शामिल किया गया है। न केवल भारत से विशेष, बल्कि रिसोट्टो, पेला, जैस्मीन चावल जैसे हलचल-तलना साग, चिपोटल बुरिटोस बाउल जैसे अंतर्राष्ट्रीय व्यंजनों के पसंदीदा भी जोड़े जाते हैं।

चावल की विभिन्न किस्में जैसे सेला बासमती, बंगारू थेगलू, राजभोग अरुआ चावल, देहरादून बासमती, इलुपाई पू सांबा, कस्तूरी बुडिज, गोवा के छोटे अनाज वाले लाल चावल, अम्बे मोहर, जोहा, आदि को यह सुनिश्चित करने के लिए खरीदा गया है कि प्रत्येक व्यंजन तैयार है। सही स्वाद, मसालों और शेफ के जादू के सही मिश्रण के साथ इसकी अत्यंत सटीकता पर।

# ओमीक्रोन से डरने का नहीं, लड़ने का

## कैंब्रिज विश्वविद्यालय के भारतीय मूल के प्रमुख वैज्ञानिक का दावा, वायरस घातक नहीं लेकिन फैलेगा तेजी से



**लंदन।** कैंब्रिज विश्वविद्यालय के भारतीय मूल के एक प्रमुख वैज्ञानिक ने बृहस्पतिवार को आगाह किया कि कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप की कम गंभीरता अभी के लिए अच्छी बात है, लेकिन यह परिस्थिति से उत्पन्न एक चूक का परिणाम है और यह संकेत नहीं देता कि कोविड-19 के लिए जिम्मेदार वायरस कम संक्रामक होता जा रहा है। कैंब्रिज इंस्टीट्यूट फॉर थेरप्यूटिक इम्युनोलॉजी एंड इन्फेक्शस डिसीजेस (सीआईटीआईआईडी) में क्लीनिकल माइक्रोबायलॉजी के प्रोफेसर रवींद्र गुप्ता ने ओमीक्रोन स्वरूप पर हाल में हुए एक अध्ययन का नेतृत्व किया। अध्ययन में सामने आया कि ब्रिटेन में इस समय प्रकोप फैलाने वाला और भारत में भी फैलता जा रहा वायरस का नया स्वरूप फेफड़ों में पाई जाने वाली कोशिकाओं को कम नुकसान पहुंचा रहा है, लेकिन वायरस अपने आप में हल्का होने वाला नहीं है।

प्रोफेसर गुप्ता ने एक साक्षात्कार में कहा, धारणा है कि वायरस समय के साथ अधिक हल्का होता जा रहा है लेकिन यहां ऐसा नहीं हो रहा क्योंकि ए लंबे समय में उत्पन्न हुई प्रवृत्तियां हैं। उन्होंने कहा, सार्स-सीओवी-2 (कोविड-19) के साथ यह मुद्दा नहीं है क्योंकि यह बहुत आसानी से फैल रहा है इसलिए इसका, खासतौर पर टीकाकरण के दौर में हल्का होने का कोई कारण नहीं है। इसलिए मुझे लगता है कि यह उत्पन्न स्थिति के लिहाज से हुई चूक है। वायरस स्वत: अपने जीवविज्ञान को बदलने की कोशिश नहीं कर रहा। गुप्ता ने कहा, ओमीक्रोन की गंभीरता कम होने संबंधी निष्कर्ष अभी के लिए जाहिर तौर पर अच्छी खबर है लेकिन कोई नया स्वरूप आता है तो उसमें निश्चित रूप से ए विशेषताएं नहीं होंगी और वह उस गंभीरता पर लौट सकता है जो हमने पहले देखी है। उन्होंने कहा, और वास्तव में मुझे लगता है कि ऐसा होगा। इसलिए संक्रमण को स्वाभाविक टीके (वैक्सीन) के तौर पर देखने के बजाय, जैसा कि मैंने सुना है कि लोग ऐसा मान रहे हैं, संक्रमण को रोकना ज्यादा अपेक्षित है।

यह चीज समझ में आती है लेकिन खतरनाक बात यह है कि हम हमारे स्वास्थ्य के विभिन्न स्वरूपों के संपूर्ण प्रभाव को नहीं समझते। गुप्ता के पूर्वज उत्तर प्रदेश में रहते थे और उनका जन्म ब्रिटेन में हुआ। वह ब्रिटेन की सरकार के आपात स्थिति के लिए वैज्ञानिक सलाहकार समूह को परामर्श देते हैं। उन्होंने कहा, हमारे सामने हल्के स्वरूप से संबंधित स्थितियां हैं, लेकिन हमें इस अवसर का उपयोग टीकाकरण को बढ़ाने के लिए करना चाहिए। गुप्ता ने कहा, भारत में, डेल्टा स्वरूप से संक्रमण के अधिक मामले हैं इसलिए वहां कुछ प्रतिरक्षा क्षमता विकसित हो गई है। टीकाकरण बहुत अच्छी तरह शुरू किया गया है। हम जानते हैं कि ओमीक्रोन टीकों से बच निकलने में सक्षम है और तीसरी बूस्टर खुराक आवश्यक है। उन्होंने कहा, भारत में यह स्पष्ट नहीं है कि जहां अधिकतर लोगों को संक्रमण होने के साथ उन्होंने टीके की दोनों खुराक ली हैं, वहां यह पर्याप्त होगी या नहीं। कुछ लोग होंगे जो संवेदनशील हैं और बीमार हो सकते हैं। गुप्ता ने कहा, इसलिए सावधानी जरूरी है और संक्रमण को फैलने से रोकना तथा टीकाकरण बहुत महत्वपूर्ण हैं।

# आदिवासी सशक्तीकरण

## ट्राइफेड ने ज्ञान, विशेषज्ञता और संस्थागत क्षमताओं का लाभ उठाने के लिए रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी-नेशन फर्स्ट पॉलिसी रिसर्च सेंटर (आरएमपी-एनएफपीआरसी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



आदिवासियों (वनवासियों और कारीगरों दोनों) की आजीविका में सुधार लाने और आदिवासी-सशक्तीकरण की दिशा में काम करने के अपने मिशन के एक हिस्से के रूप में, ट्राइफेड, अगस्त 1987 में अपनी स्थापना के बाद से, कई कार्यक्रमों और मुहिमों को अंजाम दे रहा है।

हाल के दिनों में ट्राइफेड द्वारा लागू की गई एक प्रमुख गेम-चेंजिंग पहल है वन धन कार्यक्रम, जिसे ट्राइफेड 27 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों और 307 जिलों में एमएफपी की उपलब्धता के साथ-साथ महत्वपूर्ण वनवासी आदिवासी आबादी की अगुवाई कर रहा है। अपनी गतिविधियों का विस्तार करने व अधिक से अधिक आदिवासियों की मदद करने के लिए, ट्राइफेड समान विचारधारा वाले संगठनों के साथ सक्रिय सहयोग कर रहा है, चाहे वे संगठन निजी हों या सार्वजनिक क्षेत्र में। इन सहयोगों का उद्देश्य तालमेल जोड़ना है ताकि आदिवासियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

ट्राइफेड ने 29 दिसंबर, 2021 को रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी-राष्ट्र प्रथम नीति अनुसंधान केंद्र (आरएमपी-एनएफपीआरसी) के साथ एक समझौता किया। यह समझौता-ज्ञापन ज्ञान, विशेषज्ञता और संस्थागत ताकत का लाभ उठाने में साझा प्रयास करने के लिए है। साझीदारी के दायरे में निम्नलिखित रणनीतिक क्षेत्र शामिल होंगे, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है :

- आदिवासी विकास और संबंधित गतिविधियों के इर्दगिर्द अनुसंधान परियोजनाओं को विकसित और निष्पादित करना।
- वन धन योजना जैसी मौजूदा और आगामी सरकारी योजनाओं का आकलन और समीक्षा करने में शामिल होना।
- संयुक्त रिपोर्ट, या किसी अन्य प्रकाशन (प्रकाशनों) के रूप में अनुसंधान निष्कर्षों को प्रकाशित करने हेतु।
- अनुसंधान को बढ़ावा देने तथा प्रसारित करने के लिए, विषय पर विशेषज्ञों के साथ सत्र व बैठकें आयोजित करना।
- संयुक्त रूप से सम्मेलनों, संगोष्ठियों व अनुसंधान से संबंधित ऐसी अन्य गतिविधियों की मेजबानी करना।
- सूचना का आदान-प्रदान करने के लिए, कर्मियों (ओं) और हाथ में अनुसंधान के लिए प्रासंगिक डेटा तक पहुंच प्रदान करें।
- इस समझौते के बाहर अन्य समान विचारधारा वाली संस्थाओं के साथ सहयोग करने के लिए, यदि पारस्परिक रूप से वांछनीय पाया जाता है।
- क्षेत्रीय कार्यालयों, राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों और परियोजना के दायरे से संबंधित अन्य संस्थाओं से जानकारी तक पहुंचने की अनुमति देना।

इसके प्रमुख कार्यक्रमों और कार्यान्वयनों में, 'न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के जरिए लघु वनोपज (एमएफपी) के विपणन हेतु तंत्र' और एमएफपी के लिए मूल्य श्रृंखला का विकास' योजना ने विशेष रूप से आदिवासी पारिस्थितिकी तंत्र को अभूतपूर्व स्तर पर प्रभावित किया है। ट्राइफेड द्वारा देश के 21 राज्यों में राज्य सरकार की एजेंसियों के सहयोग से लागू की गयी इस योजना ने अप्रैल, 2020 से सीधे आदिवासी अर्थव्यवस्था में 3,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश लगाया है। मई, 2020 में सरकार द्वारा सहायता प्राप्त, जिसमें लघु वन की कीमतें उपज (एमएफपी) में 90 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई और एमएफपी सूची में 23 नई वस्तुओं को शामिल किया गया, जनजातीय मामलों के मंत्रालय की यह प्रमुख योजना, जो 2005 के वन अधिकार अधिनियम से अपनी ताकत लेती है, का उद्देश्य वन उपज के आदिवासी संग्रहकर्ताओं को उचित मूल्य और पारिश्रमिक प्रदान करना है।

वन धन विकास योजना भी इसी योजना का एक घटक है, जो एमएसपी का खूबसूरती से पूरक बनती है और आदिवासी संग्रहकर्ताओं व वनवासियों और घर में रहने वाले आदिवासी कारीगरों के लिए रोजगार सृजन के स्रोत के रूप में उभरी है। कार्यक्रम की खूबी यह है कि यह सुनिश्चित करती है कि इन मूल्य वर्धित उत्पादों की बिक्री से होने वाली आय सीधे आदिवासियों को मिले।

इसे अगले तार्किक चरण में ले जाने के लिए, ट्राइफेड जनजातीय सशक्तीकरण की दिशा में अपने मिशन को जारी रखने के लिए संगठनों, सरकारी और गैर-सरकारी और अकादमिक के साथ अभिसरण की खोज कर रहा है। इसका उद्देश्य उन क्षमताओं को एक साथ जोड़ना और काम करना है जो आदिवासी लोगों की आय और आजीविका को बढ़ाने में मदद करेंगी।

ट्राइफेड एमएफपी के लिए एमएसपी और वन धन योजना जैसी प्रमुख योजनाओं के माध्यम से आदिवासी लोगों के लिए आय और आजीविका पैदा करने की दिशा में काम करना जारी रखे है।